सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 07 मार्च, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 66, पेज 12, 2.00 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स-निफ्टी नये शिखर पर

यूरोपीय बाजारों में तेजी के बीच बैंक और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आयी। } 11

भारत अब आत्मविश्वासी व आत्मनिर्भर : शाह

अमित शाह ने कहा कि भारत अब आत्मविश्वासी व आत्मनिर्भर देश है, जिसने खुद को निष्क्रिय सरकार से गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष में बदल दिया है। } 12

संक्षेप

पेटीएम उपयोग करने वाले 85 प्रतिशत लोगों को कोई समस्या नहीं

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि पेटीएम वॉलेट का उपयोग करने वाले 80-85 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं को नियामकीय कार्रवाई के कारण किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं उपयोगकर्ताओं को अपने ऐप को अन्य बैंकों से जोड़ने की सलाह दी गई है। रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया। दास ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े वॉलेट को अन्य बैंकों के साथ जोड़ने की समयसीमा 15 मार्च तय की गई है। **(विस्तृत खबर भीतर)**

बंगलुरु विस्फोट मामले में जानकारी देने वाले को 10 लाख का इनाम

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट के मामले में संदिग्ध बम हमलावर की जानकारी देने पर 10 लाख रुपये के नकद इनाम की बुधवार को घोषणा की। एनआईए ने एक्स पर संदिग्ध बम हमलावर की तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह टोपी, मास्क और चश्मा लगाकर कैफे के अंदर दाखिल होते हुए दिख रहा है। एनआईए ने फोन नंबर और ईमेल आईडी साझा करते हुए कहा है कि इनके माध्यम से लोग इस अज्ञात व्यक्ति के बारे में सूचना भेज सकते हैं। यह अज्ञात व्यक्ति को हमले को अंजाम देने वाला माना जा रहा है।

सीतापुर में महिला ने 3 बच्चों संग दी जान

लखनऊ। सीतापुर जिले के मानपुर क्षेत्र के अहमदपुर गांव में एक महिला ने पति के साथ झगड़े से परेशान होकर बुधवार को जहरीला पदार्थ निगल कर तीन बच्चों के साथ खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बुधवार को बताया कि चारों की मौत हो गई है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि संजीवन की पत्नी राजकुमारी (32) ने अपने तीन बच्चों- सुमित (आठ), नेहा (पांच) और संध्या (तीन) के साथ जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे उन सभी की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता कि संभवतः पति के साथ विवाद के कारण महिला ने यह कदम उठाया होगा। फिलहाल संजीवन को हिरासत में ले लिया गया है।

पीएम मोदी पर सोच-विचार कर बोलें राहुल : निर्वाचन आयोग

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए पनौती और जेबकतरा संबंधी बयानों के मद्देनजर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने को कहा है।

सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले साल दिसंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर कार्वाई करते हुए आयोग ने गांधी से कहा कि वह स्टार प्रचारकों और राजनीतिक नेताओं के लिए जारी हालिया परामर्श का सही तरीके से पालन करें। एक मार्च को जारी परामर्श में आयोग ने चेतावनी दी थी कि दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के लिए सिर्फ नैतिक निंदा के बजाय कड़ी कार्वाई का सामना करना पड़ेगा।

इसमें यह भी कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पूर्व में नोटिस मिल चुके हैं, उन्हें बार-बार आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस नेता की ओर से प्रधानमंत्री के लिए पनौती और जेबकतरा जैसे शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर आयोग ने पिछले साल गांधी को नोटिस जारी किया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 21 दिसंबर को आयोग से इन टिप्पणियों के ...शेष पृष्ठ 10 पर

प्रधानमंत्री ने आगरा मेट्रो को वर्चुअल रूप से दिखायी हरी झंडी

ताज महल मेट्रो स्टेशन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया रवाना

जिला संवाददाता

आगरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोलकाता से वर्चुअली आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाते ही, उसके नाम एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। यह देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी। 32 महीने में प्राथमिक भूमिगत सेक्शन का निर्माण होना था, लेकिन यह 23 महीने में बनकर तैयार हो गया। सात दिसंबर 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगरा मेट्रो का शिलान्यास किया था। इस मौके पर ताज महल मेट्रो स्टेशन से सीएम योगी ने आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मेट्रो स्टेशन के अंदर एआई से निगरानी की जाएगी। आगरा मेट्रो यूपी की छठवीं मेट्रो है। फर्स्ट फेज में अभी 6 किलोमीटर तक मेट्रो चलेगी। इसके बीच में प्राथमिकता कॉरिडोर में छह स्टेशन शामिल हैं। जिनके बीच गुरुवार से आम जनता के लिए यात्री सेवा आरंभ हो जाएगी।

आगरा में मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा मेट्रो में सफर भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। उन्होंने विजिटर बुक में अपने अनुभव सांझा करते हुए लिखा कि आगरा मेट्रो का बुधवार प्रधानमंत्री ने वर्चुअली शुभारंभ किया। प्रोजेक्ट की क्वालिटी के साथ ही समयबद्धता महत्व रखती है। आगरा मेट्रो ...शेष पृष्ठ 10 पर

देश की पहली अंडर वॉटर मेट्रो का उद्घाटन

पूरे बंगाल में फूटेगा संदेशखालि का ज्वार : मोदी

पश्चिम बंगाल में देश की पहली अंडर वॉटर मेट्रो में छात्रों से बातचीत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

एजेंसी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता मेट्रो के एस्प्लेनेड-हावड़ा मैदान खंड का उद्घाटन किया। यह खंड देश में पहली बार पानी के अंदर बने परिवहन सुरंग के माध्यम से हुगली नदी के नीचे से होकर गुजरता है। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने स्कूल के छात्रों के साथ एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो की यात्रा की। यह सुरंग देश की उन्नत अभियांत्रिकी क्षमताओं का साक्ष्य है। प्रधानमंत्री उसी रास्ते से एस्प्लेनेड स्टेशन लौटे और इस दौरान उनके साथ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं। अधिकारियों ने बताया कि 4.8 किलोमीटर लंबा हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर का हिस्सा है और इसका निर्माण 4,960 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

बिहार में 12,800 करोड़ की परियोजनाओं का अनावरण

परियोजनाओं के लोकार्पण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित करते राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा

एजेंसी

बेतिया (बिहार)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया में 12,800 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने बेतिया में एक समारोह के दौरान विकसित भारत-विकसित बिहार के तहत परियोजनाओं का अनावरण किया। कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, राज्य के शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी, कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। हालांकि, समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद नहीं रहे। प्रधानमंत्री ने मुजफ्फरपुर-मोतिहारी तक 109 किलोमीटर लंबी इंडियन ऑयल की एलपीजी पाइपलाइन का उद्घाटन किया। यह न सिर्फ बिहार बल्कि पड़ोसी देश नेपाल के लोगों को भी रसोई ईंधन प्रदान ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीआईडी ने सीबीआई को सौंपी शाहजहां शेख की हिरासत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सीआईडी ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की हिरासत अंततः बुधवार शाम को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी।

सीआईडी ने यह कदम कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा उसे केंद्रीय एजेंसी को सौंपने के लिए लगातार दो दिन दिए निर्देश के बाद उठाया। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले के मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को केंद्रीय एजेंसी को सौंपने के उसके मंगलवार के आदेश को तुरंत लागू करे। सीबीआई अधिकारियों की टीम अपराह्न चार बजे से पहले ही भवानी भवन पहुंच गई। लेकिन सीआईडी ने शाहजहां को केंद्रीय एजेंसी के हवाले शाम छह बजकर 48 मिनट पर किया जबकि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपराह्न चार बजकर 15 मिनट की समय सीमा तय की थी। सीआईडी के अधिकारी ने बताया शाहजहां शेख को सीबीआई के हवाले कर दिया गया है।

बाहुबली व पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की कैद



विशेष संवाददाता

लखनऊ/जौनपुर। जौनपुर की विशेष सांसद-विधायक अदालत ने अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में बुधवार को बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके एक सहयोगी को सात-सात साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनायी। इस सजा के बाद धनंजय अब आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने यहां बताया कि 10 मई 2020 को नमामि गंगे के ...शेष पृष्ठ 10 पर

पुलिस भर्ती परीक्षा में आठ गिरफ्तार

मोबाइल के जरिये व्हाट्सअप से लोगों के पास पहुंचा था प्रश्न पत्र

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने बीती 18 फरवरी को आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती आरक्षी परीक्षा की द्वितीय पाली का पेपर लीक कराने वाले गिरोह के छह सदस्यो को पेपर और उत्तर कुंजी सहित प्रदेश के मेरठ जिले के कंकरखेड़ा के दोपहिया रोड पठानपुरा स्थित दीपू उर्फ दीपक दोपहिया के मकान से गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी दीप उर्फ दीपक और बिटटू व प्रवीण व रोहित उर्फ ललित तथा नवीन कुमार व साहिल मेरठ के विभिन्न स्थानों के रहने वाले है।इनके पास से आठ मोबाइल फोन और एक प्रश्न - पत्र 18 फरवरी को आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का द्वितीय

पाली का और एक उत्तर कुंजी 18 फरवरी को आयोजित उ०प्र० पुलिस भर्ती परीक्षा का द्वितीय पाली की बरामद हुई है।एसटीएफ एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि 18 फरवरी को आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का प्रश्न - पत्र व उत्तर कुंजी साथ फरवरी को साहिल के मोबाईल पर जरिये व्हाट्सअप पर आया था। जिसे मोनू निवासी दायमपुर थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ ने भेजा था। साहिल ने 17 फरवरी को ही वह प्रश्न - पत्र एवं उत्तर कुंजी व्हाट्सएप के माध्यम से नवीन निवासी शोभापुर को भेजा था। नवीन ने अपने मोबाईल फोन से बिटटू ...शेष पृष्ठ 10 पर

खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को मिलेगी अब सरकारी नौकरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि संशोधित मानदंडों के बाद खेलो इंडिया के पदक विजेता भी अब सरकारी नौकरी पाने के लिए पात्र होंगे।

ठाकुर ने कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र, जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने तथा खेल को एक आकर्षक और व्यवहार्य करियर विकल्प में बदलने के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। उन्होंने कहा कि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने खेल मंत्रालय के परामर्श से सरकारी नौकरी चाहने वाले खिलाड़ियों के लिए पात्रता मानदंडों में संशोधन किया है। ठाकुर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, खेलो इंडिया खेलों (युवा, विश्वविद्यालय पैरा और शीतकालीन) के पदक विजेता खिलाड़ी अब सरकारी नौकरी पाने के पात्र होंगे। इसके साथ ही विभिन्न खेलों में समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए खेलों और आयोजनों को ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 21.00 डिसे.
न्यूनतम : 15.00 डिसे.

भीतर पढ़ें

- विपक्ष में बड़े पद सिर्फ परिवारों के लिए आरक्षित (पृष्ठ-02)
- प्रदेश की 150 सीएचसी को मिले 4.20 करोड़ (पृष्ठ-02)
- सोना 150 चढ़कर 65,150 रुपये पर (पृष्ठ-11)
- पी-नोट्स से निवेश घटकर 1.43 लाख करोड़ (पृष्ठ-11)
- रुपया सात पैसे की तेजी के साथ 82.83 प्रति डॉलर (पृष्ठ-11)

विशेष खबर आरडीएसओ ने टक्कर रोधी प्रणाली कवच का किया निर्माण, वृन्दावन-पलवल रेल खंड पर हुआ सफल

अब ट्रेनों की नहीं होगी टक्कर, कवच रोकेगा दुर्घटना

रूपक सान्याल

लखनऊ। डब्ल्यूएपी-5 लोकोमोटिव 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से यात्री डिब्बों को खींचने में सक्षम है और इसका उपयोग शताब्दी और गतिमान एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में किया जाता है। इस इंजन को आरडीएसओ द्वारा निर्मित 'टक्कर रोधी प्रणाली कवच' (एंटी कोलेजन डिवाइस) से लैस कर मथुरा-पलवल रेलखंड पर दौड़ाया गया और ड्राइवर ने रेड सिग्नल से पहले ट्रेन इंजन को ब्रेक नहीं लगाया लेकिन कवच प्रणाली से लैस इंजन रेड सिग्नल से 30 मीटर पहले स्वतः आटोमेटिक ब्रेक लगाकर रुक गया। इस सफल परीक्षण के बाद अब ट्रेनों के आमने सामने टक्कर होने का खतरा न के बराबर हो गया है। अब रेल मंत्रालया 'टक्कर रोधी प्रणाली कवच' प्रत्येक मेल, एक्सप्रेस, एवं सेमी हाई स्पीड ट्रेन जिसमें शताब्दी, वंदे भारत अमृत भारत

जैसी ट्रेनों में लगाने की कवायद शुरू कर दी है। दरअसल पिछले साल ओडिशा में जिस कोरोमंडल एक्सप्रेस और बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने और एक मालगाड़ी के टकराने से 230 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और 900 से ज्यादा घायल होने के बाद एंटी कोलेजन डिवाइस यानी कवच प्रणाली के ट्रेनों के इंजनों में लगाये जाने की बात उठने लगी थी। इसी दुर्घटना के बाद रेलमंत्रालय के अफसर हरकत में आये और आरडीएसओ के अधिकारियों को एंटी कोलेजन डिवाइस यानि कवच प्रणाली को फाइनल टच देने को कहा। इसी के बाद नये साल में एंटी कोलेजन डिवाइस यानी कवच का सफल परीक्षण किया गया।

आगरा रेल मंडल की पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने कहा कि 19 जनवरी को सुबह 10 बजे कवच प्रणाली का परीक्षणउत्तर प्रदेश के वृन्दावन से शुरू हुआ और तय समय के मुताबिक डाउन लाइन दिशा में हरियाणा के पलवल में दोपहर एक बजकर 20 मिनट तक पूरा हो गया। श्रीवास्तव के अनुसार, इस प्रक्रिया को उत्तर प्रदेश लाइन दिशा में पलवल से वृन्दावन तक दोपहर दो बजे से तीन बजकर 35 मिनट के बीच दोहराया गया. अधिकारियों ने कहा कि अब मंडल जल्द यात्री डिब्बों के साथ ट्रेनों पर परीक्षण दोहरायेगा। एंटी कोलेजन डिवाइस ...शेष पृष्ठ 10 पर

नौसेना ने लक्षद्वीप में शुरू किया नया अड्डा आईएनएस जटायु

एजेंसी

मिनिकॉय (लक्षद्वीप)। भारतीय नौसेना ने बुधवार को मिनिकॉय द्वीप पर अपने नये अड्डा आईएनएस जटायु की शुरुआत की, जो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप द्वीपों के भीतर उसकी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाएगा। इस अड्डे से नौसेना टुकड़ी की परिचालन पहुंच बढ़ेगी और यह पश्चिमी अरब सागर में समुद्री डकैती और मादक द्रव्य रोधी अभियानों में भारतीय नौसेना के प्रयासों का सहयोग करेगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने यहां आयोजित एक समारोह में नए अड्डे की शुरुआत की। आईएनएस जटायु को कमांडेंट व्रत बघेल की कमान में शामिल किया गया है। आईएनएस जटायु के सेवा की शुरुआत के बाद मिनिकॉय में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि अड्डे का नाम रामायण के उस पात्र के नाम पर रखा गया है जिसने सीता के अपहरण को रोकने की कोशिश की थी।

कुमार ने कहा रामायण में जटायु ने सबसे पहले कदम उठाते हुए सीता जी के अपहरण को रोकने की कोशिश की। अपने जीवन को खतरे में डालकर, स्वयं से पहले सेवा का उदाहरण दिया। इसलिए इस इकाई का नाम जटायु रखना सुरक्षा निगरानी और निस्वार्थ सेवा प्रदान करने की भावना की एक उपयुक्त मान्यता है।

आयुष के जरिए हेल्थ टूरिज्म सेक्टर में असीम संभावनाएं : योगी

आयुष विभाग की 238 करोड़ की 271 विकास परियोजनाओं का सीएम योगी ने किया लोकार्पण

बुधवार को लोकभवन सभागार में बस्ती, बलिया, जालौन व आयुष चिकित्सालायों का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, इस अवसर पर आयुष विभाग के राज्यमंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जोहरी सहित अन्य

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में आयुष पद्धति के जरिए हेल्थ टूरिज्म के सेक्टर में सबसे अधिक संभावनाएं हैं। आयुष से जुड़ी सभी पद्धतियों को प्रोफेशनल तरीके से लागू कर दें तो पूरी दुनिया हमारे पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का अनुसरण करेगी।

इससे न केवल संपूर्ण आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने में, बल्कि बड़े स्तर पर नौकरी ओर रोजगार के अवसरों के सृजन में भी मदद मिलेगी। इतना ही नहीं आयुष चिकित्सा पद्धति के जरिए अन्नदाताओं की आमदनी को भी कई गुना तक बढ़ाया जा सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित आयुष विभाग के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने 238 करोड़ से बस्ती, बलिया, जालौन और रायबरेली में 50 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालय, 226 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रयागराज और झांसी में छात्राओं के लिए छात्रावासों का निर्माण, पांच ई-लाइब्रेरी, प्रदेश के अलग-अलग 19 होम्योपैथिक एवं 14 आयुर्वेदिक विभागों में हुए निर्माण कार्य सहित 271 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से यूपी में आयुष मिशन तेजी के साथ जनविश्वास का प्रतीक बनता जा रहा है। आज लोकार्पित हुई परियोजनाएं इसका लघु उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। जिस आयुष मिशन के बारे में भारतीय मनीषा की धारणा रही हो कि 'नास्ति मूलं अनौषधं' यानी कोई जड़ी नहीं जो औषधीय गुणों से युक्त ना हो, मगर अज्ञानता और उपेक्षा के कारण हमारी ये पारंपरिक विधा कालांतर में लुप्तप्राय हो गयी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने जब आयुष मंत्रालय का गठन किया और पारम्परिक चिकित्सा को प्राथमिकता देकर प्रोत्साहित किया तो देखते ही देखते देश ही नहीं पूरी दुनिया ने इसके महत्व को समझना शुरू कर दिया। हमने पिछले चार साल में इस सदी की सबसे बड़ी महामारी का सामना किया। इस दौरान दुनिया ने पारंपरिक मेडिकल के महत्व को समझा। पीएम मोदी के अभियान के फलस्वरूप प्रतिवर्ष 21 जून को पूरी दुनिया योग करती दिख रही है। कोरोना काल में पूरा विश्व आयुष का काढ़ा पीते दिखा। दुनिया आज पारम्परिक चिकित्सा पद्धति को अपना रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष विभाग की ओर से नई पहल की जा रही है। विभाग जल्द एक निदेशालय के गठन की कार्रवाई को मूर्तरूप देने जा रहा है। इसके तहत आयुष की सभी विधाओं के लिए अबतक अलग अलग निदेशक होते थे, अब इन सब के बीच परस्पर समन्वय बनाने के लिए महा निदेशक भी होंगे। उन्होंने बताया कि यूपी आयुर्वेद की धरती रही है। भगवान धनवंतरी और सुश्रुत जिन्होंने शल्य चकित्सा के ज्ञान को इसी प्रदेश की धरती से आगे बढ़ाया, ऐसे में अब हमारा दायित्व है कि हम भी आयुष चिकित्सा पद्धति को और आगे लेकर जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अन्नदाता किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने में आयुष पद्धति पर आधारित कृषि बहुत उपयोगी हो सकती है। हमें इसके लिए अपने रिसर्च को बढ़ाना होगा साथ ही साथ किसानों को प्रोत्साहित करना होगा।

- पूरी दुनिया में बढ़ी है पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को लेकर उत्सुकता
- आयुष चिकित्सा पद्धति किसानों की आमदनी बढ़ाने में होगी सहायक
- आयुर्वेद के ज्ञान को उजागर करने वाले महर्षि धनवंतरी और आचार्य सुश्रुत की धरती है यूपी

इस अवसर पर आयुष विभाग के राज्यमंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जोहरी, विधायक नीरज वोहरा, योगेश शुक्ल, जय देवी कौशल, एमएलसी मोहसिन रजा, लाल जी निर्मल, रामचंद्र प्रधान, आयुष विभाग के डायरेक्टर महेन्द्र वर्मा, शिक्षकगण, डॉक्टर आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सफलता के लिए संयम, धैर्य और विश्वास बेहद जरूरी : महाना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि राजनीतिक क्षेत्र में सफलता के लिए संयम, धैर्य और विश्वास बेहद जरूरी होता है। जिस क्षेत्र की जनता चुनकर विधानसभा तक पहुंचाने का काम करती है उसके प्रति जवाबदेही स्वाभाविक है। विधानसभा में जो भी कार्यवाही होती है, उसका पालन करने के लिए विभिन्न समितियां होती हैं जिसमें सम्बन्धित समस्याओं का समाधान किया जाता है।

जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के बच्चों को विधानसभा के बारे में जानकारी देते विस अध्यक्ष

महाना बुधवार को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के बच्चों को विधानसभा की जानकारी दे रहे थे। बच्चे विधानसभा का भ्रमण करने के लिए विस आए हुए थे। महाना ने उन्हें विधायिका के महत्व और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर विधानभा अध्यक्ष ने कहा कि एक विधायक को परिवार के मुखिया से अधिक अपने विधानसभा क्षेत्र को संतुष्ट करने की बड़ी चुनौती करना पड़ता है। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के 30 बच्चों और अध्यापक और अध्यापिकाओं ने विस अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात के बाद कहा कि उन्हे यहां विधानसभा में आकर बेहद खुशी और गर्व का अनुभव हो रहा है। यहां का भ्रमण हम सभी के लिए आश्चर्य चकित करने तथा प्रेरणा देने वाला है। महाना ने सभी छात्र-छात्राओं सहित विधानसभा भ्रमण पर आये हुए दल को विधानसभा की नवनिर्मित गलियारों, सभा मंडप, लाबी, पुस्तकालय एवं डिजिटल वीथिका, आदि भ्रमण पर जाते समय कहा कि यूपी विधानसभा में कई बदलाव हुए हैं और यह भी प्रयास किया गया है कि आम जनता विधानसभा के बारे में जान सके। महाना ने कहा कि हमारी विधानसभा देश की अग्रणी विधान सभाओं में से एक है।

विपक्ष में बड़े पद सिर्फ परिवारों के लिए आरक्षित : भूपेन्द्र चौधरी

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं ने शामिल किया। इस क्रम में सपा के पूर्व विधायक संजय गर्ग (सहारनपुर), बसपा के पूर्व विधायक रामकुमार गौतम (गाजीपुर), पूर्व विधायक सुरेन्द्र नाथ सिंह (बलिया), नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द यादव (जालौन), सपा से नगर पंचायत अध्यक्ष राजकिशोरी (महोबा), नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा गौतम (लखीमपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष प्रिंस कुमार वर्मा (बलरामपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता मलिक (बागपत), ब्लाक प्रमुख मजहरून्निशां (संतकबीर नगर), जिला पंचायत सदस्य लीलाधर दुबे कुल्लू (ललितपुर), प्रेमाबाई अहिरवार (ललितपुर), नरेन्द्र झा (ललितपुर), हिमांशु त्रिपाठी (फतेहपुर), अमरेन्द्र भारद्वाज (लखनऊ), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वंदना पाठक (झांसी), सपा की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नीरू पटेल (बरेली), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शिवहरे (हमीरपुर), बसपा के पूर्व झांसी कमिश्नरी अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तथा जालौन से बसपा के पांच बार जिलाध्यक्ष रहे मूलशरण कुशवाहा, कांग्रेस के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डा. चन्द्रेश कुमार उपाध्याय (सिद्धार्थनगर) बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ताकर्दम तथा प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भाजपा परिवार में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद तथा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति पर चलने वाला राजनैतिक दल है। सरकार की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों में बड़े पद और शीर्ष नेतृत्व सिर्फ उनके परिवारों के लिए आरक्षित है, जबकि भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर किसी भी पद पर पहुंच सकता है।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि बड़ी जिम्मेदारी के साथ आप सभी भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत का विजन है, विकसित भारत के विजन में विश्वगुरू भारत का संकल्प समाहित है। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रत्येक व्यक्ति का पूर्ण सम्मान है। भाजपा में शामिल होने के साथ आप सभी को यह जिम्मेदारी लेकर घर जाना है कि अपने जनपद में पहुंचकर भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मोदी व योगी के नेतृत्व की भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त हो रहा है और इसका अहसास पूरे विश्व को हुआ है।

- भाजपा में प्रत्येक व्यक्ति का पूर्ण सम्मान होता है : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

किसानों को अविलम्ब बांटा जाये मुआवजा

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बारिश एवं ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति से प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के लिये धनराशि सम्बन्धित जिलों को उपलब्ध करा दी गई। बारिश व ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति का आकलन कराकर प्रभावित किसानों को अविलम्ब मुआवजा राशि का वितरण कराया जाये। मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को रबी सीजन की ई-खसरा पड़ताल के कार्य को आगामी 7 दिवस में पूरा कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य की दैनिक समीक्षा करें। आस्किंग रेट के अनुसार स्ट्रैटजी बनाये और सम्बन्धित कर्मियों के लिये टारगेट फिक्स करें। उन्होंने कहा कि इजराइल जाने के लिए चयनित भारतीय श्रमिकों की आवश्यक औपचारिकतायें पूरी होने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिये। उनके अभिलेखों के परीक्षण, मेडिकल फिटनेस, पुलिस वेरीफिकेशन तथा पासपोर्ट आदि अन्य औपचारिकताओं को तेजी से पूरा कराया जाये। नये पंजीकरण के लिये ऑनलाइन व्यवस्था की जाये। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सरल होनी चाहिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को जनपद को नशा मुक्त बनाने के लिये प्रत्येक माह एनकॉर्ड की अनिवार्य रूप से बैठक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत प्रस्तावित है।

संक्षेप

महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

मिल्कीपुर. अयोध्या। अमृत विचार। मिल्कीपुर के खण्डासा थाना क्षेत्र के गद्देपुर गदुरही बाजार में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है खंडासा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि हत्या के कारण और उसमें शामिल लोगों की सुरागरसी के लिए टीम गठित की गई है। थाना क्षेत्र के गद्देपुर गदुरही बाजार में 42 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार को मौत हो गई थी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम केश मौर्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतका के बेटे गुड्डू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि सोमवार रात में घर के बाहर दरवाजे पर लहूलुहान हालत में उसकी मां पड़ी हुई थी। सिर पैर और हाथ में चोट के गंभीर निशान थे।

मृतक रघुराजी पत्नी धर्मराज व उसके एक बेटे का मोबाइल फोन घटना के बाद से लापता है। क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस परिजनों से भी अलग.अलग पूछताछ कर रही है। एसओ मनोज कुमार ने बताया रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

जिला संवाददाता

बहराइच । मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा आयुष विभाग के अन्तर्गत निर्माण परियोजनाओं के तहत जनपद के सुदूर अंचल भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में रुपए 29.40 लाख की लागत से नवनिर्मित राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय बलई गांव का वर्चुअली माध्यम से लोकार्पण किया गया। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा लोकभवन लखनऊ में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम का विकास भवन सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण के उपरान्त एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के साथ शिलालेख का अनावरण किया।

- **एमएलसी ने सीडीओ के साथ शिलालेख का किया अनावरण**

कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ रंजन वर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी बलाई गांव डॉ सुधीर उपाध्याय सहित डॉ चेतन आनंद, डॉ उपेंद्र रावत, डॉ विजय गौतम, डॉ आशीष, डॉ संतोष, यूपीपीसीएल के प्रतिनिधि अमित, संजय त्रिपाठी, प्रवीण, धर्मेन्द्र, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

इंडिया गठबंधन की सरकार को बनाने का काम करें कार्यकर्ता : अवधेश प्रसाद

जिला संवाददाता

अयोध्या। समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी ने पार्टी कार्यालय गुलाब बाड़ी में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महानगर महासचिव हामिद जसफर मीसम ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सपा विधायक अवधेश प्रसाद व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी मौजूद रहे। इस मौके पर महानगर कमेटी एवं पूर्व मंत्री ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी का माला पहनाकर स्वागत किया। अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार गरीबोंए किसानोंए नौजवानों पर जुल्म कर रही है।

सभी नौजवानोंए पार्टी नेताओंए कार्यकर्ताओं से कहा कि अब समय आ गया है कि केंद्र में भाजपा की सरकार को हटाकर इंडिया गठबंधन की सरकार को बनाने का काम करें। उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 के चुनाव में भाजपा का सफाया होगा। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी धर्म को मानने वाली पार्टी है। आज अयोध्या में बहुत सारे किसानो गरीबों की जमीन जा रही है जिसको बचाने के लिए समाजवादी पार्टी ही उनकी लड़ाई के लिए आगे लड़ती है। आज महंगाई चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की जो भी गारंटी है वह जुमले बाज की गारंटी है। आज संविधान को बचाने की लड़ाई है समाजवादी पार्टी कभी धर्म की राजनीति नहीं करती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओंए नेताओं और पदाधिकारी से लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने को कहा।

पूर्व विधायक अब्बास अली ने कहा कि समाजवादी पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो भारतीय जनता पार्टी का सामना करने में सक्षम है। समाजवादी पार्टी पिछड़ों गरीबों नवजवानों के हक की बात करती है।

महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने.अपने क्षेत्र में सपा के द्वारा किए गए कार्यों को बताएं और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीताने का काम करें महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि इस मौके पर प्रदेश महासचिव दादा जयशंकर पांडेए पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवनए पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुसदीए जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 11 को

बाराबंकी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर आगामी 11 मार्च को ऑफिसर्स क्लब, तहसील नवाबगंज में प्रातः 10 बजे एकदिवसीय पुष्प प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि गत दिनों मंडलायुक्त अयोध्या गौरव दयाल ने मंडल के सभी जनपदों में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुष्प प्रदर्शनी लगाये जाने को लेकर जनपद में पुष्प प्रदर्शनी में कलात्मक पुष्प सज्जा तथा मौसमी फूलों की प्रतियोगिता का आयोजन एंव मतदान प्रतिशत बढ़ाने व मतदाताओं में मतदान की जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिक नवाबगंज के साथ साथ प्राचार्य डायट को भी आयोजन की सफलता के लिए निर्देशित किया है।

पीएम के नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

जैदपुर, बाराबंकी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का नगर पंचायत जैदपुर प्रांगण में लाईव प्रसारण में अधिशासी अधिकारी आलोक वर्मा के नेतृत्व में प्रसारित करवाया गया। जिसमें सभी महिलाओं समेत आमजन ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। इस अवसर पर सभासद मोहम्मद कासिम, निजामुद्दीन, आलम अंसारी, सुफियान अंसारी, शारूख खान, टेकचन्द, अवसार, उमेर अंसारी मौजूद रहे।

3 वारण्टी व 11 वांछित गिरफ्तार

बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 3 वारण्टी व 11 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 39 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

5 जुआरी गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना बदोसराय पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे 5 अभियुक्त शिवराम पुत्र सत्यनाम निवासी ग्राम बेचूपुरवा मजरे पेरी थाना सफदरगंज, मो0 अशलम पुत्र अब्दुल सलाम निवासी ग्राम सहादतगंज, दिलीप कुमार पुत्र प्रकाश निवासी ग्राम मैलारायगंज, कल्लू पुत्र जगजीवन निवासी ग्राम पजरौली, उमेश पुत्र पवन कुमार निवासी ग्राम रूपऊपुर थाना बदोसराय को ताश के 52 पत्ते, मालफड़-जामातलाशी के कुल 3860 रुपए बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

डीएम ने विकसित किए जा रहे साकेत सदन व विकास कार्यो के प्रगति की समीक्षा

अयोध्या । जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अयोध्या धाम में 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के किनारे धारा रोड के समीप पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जा रहे साकेत सदन के विकास कार्यो के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0ए निर्माण इकाई.11 ने बताया कि साकेत सदन के पर्यटन विकास का 58 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि साकेत सदन परिसर में टिकट काउन्टर का कार्य स्लैब स्तर तक पूर्ण एवं शोविनियर शॉप ;बी.2द्ध का कार्य पूर्ण है। मुख्य भवन के स्लैब का कार्य प्रगति पर हैए टाइलेट के स्लैब का भी कार्य पूर्ण है। इंट्रेंस प्लाजा का कार्य प्रगति पर है। इण्टरपीटेशन वाल के सुपर स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यो को संरक्षण तकनीक से कुशल कारीगरों के माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कराने तथा निर्धारित समयावधि में समस्त कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि अयोध्या धाम में ऐतिहासिक भवनों को सजाने.सवॉरने का कार्य चरणबद्ध रूप से प्रगति पर है। इसी के क्रम में साकेत सदन परिसर में 1756 से 1775 ई0 के मध्य निर्मित ऐतिहासिक भवनो का जीर्णोद्धार उसके निर्माण के समय प्रयोग की गई सामाग्रियो से ही किया जा रहा हैए इसका सम्पूर्ण कार्य चूनाए सुर्खीए शीशाए मेथीए उड़द की दालए गोंद गूगलए बेलगिरी पाउडर आदि पदार्थो निर्माण सामाग्रियो को मिलाकर बनाये गये मोटार मसाले का ही प्रयोग किया जा रहा हैए जिसके पूर्ण होने पर इन भवनों की भव्यता एवम् प्राचीनता दिखाई देगी और पर्यटकों को एक और सुंदर पर्यटन स्थल उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या एक वैश्विक केन्द्र बन रहा है।

हनुमानगढ़ी का भोग प्रसाद देश के कोने- कोने पहुंचा रहा संकट मोचन सेना

जिला संवाददाता

अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी का लड्डू अब देश के किसी भी कोने में बैठे श्रद्धालुओं को आसानी से उपलब्ध हो रहा। जिले में डाक विभाग द्वारा शुरू की गई विशेष सेवा के जरिए श्रद्धालुओं को अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर से चढ़ा हुआ प्रसादए तुलसी पत्रए महावीरीए महावीर यंत्र सहित अन्य प्रसाद भक्तों को घर बैठे मिल रहा है। इस प्रसाद को घर बैठे पाने के लिए श्रद्धालु डाक विभाग को 251 और 551 रुपये का ई.मनीऑर्डर भेज कर प्राप्त कर रहें है। प्रधान डाकघर विभाग ने श्री हनुमानगढ़ी धाम अयोध्या के संकट मोचन सेना द्वारा ये प्रसाद भक्तों तक पहुंचा रही है।इस पुनीत कार्य में संकट मोचन सेना के कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से लगे हुए है। सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजयदास जी महाराज के निजी सचिव शिवम श्रीवास्तव जी कहते है ये सेवा हमारे लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं है। इसी बहाने हम भक्तों की सेवा करके अपने आप को धन्य मानते है। शिवम ने कहा कि पूज्य गुरुदेव महंत संजयदास जी महाराज के आशीर्वाद से नित्य सौकड़ों प्रसाद डाक द्वारा भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी पूरी टीम इस कार्य को पूरी सफाई से करती है।श्री हनुमानजी का विशेष भोग प्रसाद संकट मोचन प्रसाद व महावीर प्रसाद दो प्रकार से भक्तों को भेजा जाता है। जिसमें संकट मोचन प्रसाद 251 रुपये का होता है जिसमें महावीरीए हनुमान जी का चित्र और अयोध्या दर्शन बुक व देशी घी लड्डू होता है तो वही महावीर प्रसाद 551 रुपये का जिसमें देशी घी लड्डूए तुलसी मालाए हनुमान जी का यंत्र महावीरी व हनुमान जी का चित्र होता है।

- **251 और 551 रुपये के ई.मनीऑर्डर पर संकटमोचन सेना डाक विभाग के माध्यम से पहुंचा रहा हनुमानजी का प्रसाद**
- **हमारी पूरी टीम इस कार्य को पूरी सफाई से करती है**

श्री श्रीवास्तव कहते है ये पैसा एकदम न्यूनतम है इसके मूल में भक्तों की सेवा है। जो भक्त अयोध्या नही आ पाते है उनको घर बैठे श्री हनुमानजी का प्रसाद संकट मोचन सेना उपलब्ध कराती है। हनुमानगढ़ी का प्रसाद लेने के लिए भक्तों को 251 या 551 रुपये का मनीऑर्डर देना होगा।मनीऑर्डर सब पोस्टमास्टर अयोध्या.पिन कोड 224123 को भेजना होगा।मनीऑर्डर भेजने के बाद संकटमोचन सेना ट्रस्ट के जरिए हनुमानगढ़ी मंदिर के सौजन्य से उपलब्ध प्रसाद को डाक विभाग भक्तों तक पहुंचाएगा।

सिद्धपीठ श्रीहनुमानगढ़ी के शीर्ष श्रीमहंत ज्ञान दास जी महाराज के उत्तराधिकारी संकटमोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास जी महाराज कहते है हमारी सेना हमेशा लोगों की सेवाए सुरक्षा व सनातन धर्म की रक्षा हेतु संकल्पित है। हमें खुशी है कि हमारी सेना भक्तों को प्रसाद बिल्कुल साफ सफाई से डाक विभाग द्वारा पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना से लाखों करोड़ों भक्त श्री हनुमानजी का भोग प्रसाद प्राप्त कर पायेंगे। अयोध्या की महिमा का प्रसार होगा। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

श्रीहनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी व संकट मोचन सेना के कार्यवाहक अध्यक्ष हेमन्त दास जी महाराज कहते है कि ये बड़ी खुशी की बात है कि श्री हनुमानजी का भोग प्रसाद घर बैठे सभी को प्राप्त हो रहा है। इसके लिए संकटमोचन सेना के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि हनुमानजी सभी का कल्याण करेंगे। प्रसाद की व्यवस्था में शिवम श्रीवास्तव के साथ विराट दासए रामानन्द दास सहित हनुमानगढ़ी के तमाम नागा साधु संत लगे रहतें है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म की निगरानी के लिए प्रशिक्षण सम्पन्न

बहराइच । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्यूटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, पोर्टल, व्हाट्सएप की निगरानी हेतु गठित टीम के लिए कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. सी.के. वर्मा ने टीम के सदस्यों को आयोग द्वारा जारी दिशा निदेशों तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म निगरानी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिये।इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी गुलाम वारिस सिद्दीकी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुमित तिवारी, पुलिस उप निरीक्षक तीर्थराज, आरक्षी शशिकान्त गुप्ता व शिवम साहू मौजूद रहे।

साइबर जागरूकता सेमिनार काआयोजन

जिला संवाददाता

बाराबंकी। साइबर ठगो से धोखाधड़ी व बचाव से जागरुक करने हेतु साइबर सेल टीम ने देवा रोड़ स्थित रिलायस इण्डस्ट्री मे जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार मे साइबर एक्सपर्ट राजन यादव ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें।

अथवा साइबर अपराध पोर्टल की वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज करें। जिससे धनराशि खाते में होल्ड करायी जा सके। बैंक द्वारा कभी भी केवाईसी अपडेट कराने के लिए किसी से मोबाइल फोन से व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, सीवीसी, पिन नम्बर नहीं मांगा जाता है। यदि कभी भी ऐसी कोई कॉल आए तो व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें।

साइबर एक्सपर्ट गौरव त्रिपाठी ने जागरुक करते हुये कहा कि किसी भी वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह से जांच कर लें। ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभाग के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें।

अज्ञात व्यक्ति, मोबाइल नम्बर द्वारा भेजे गए लिंक को क्लिक न करें। किसी से पैसा प्राप्त करते समय अपनी यूपीआई आईडी, पासवर्ड न डालें, पैसा प्राप्त करते समय इसकी आवश्यकता नहीं होती है। अपने सोशल मीडिया एकाउण्ट व बैंक खातों का पासवर्ड मजबूत बनाएं। जिसमें नम्बर, अक्षर व चिन्ह तीनों हो, साथ ही टू-स्टेप वेरीफिकेशन लगाए रखें।

महिलाओं के कल्याण व उत्थान के लिए जितने कार्य मोदी सरकार में हुए उतने कार्य आज तक नही हुए हैंः लल्लू

जिला संवाददाता

अयोध्या। भाजपा के नारी शक्ति वंदन अभियान का समापन हो गया। लोक सभा केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पर सांसद लल्लू सिंहए सांसद अम्बेडकर नगर रितेश पाण्डेयए आशा गौडए अशोका द्विवेदीए रीना द्विवेदीए पूरा बाजार ब्लाक मुख्यालय पर प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंहए विधायक वेद प्रकाश गुप्ताए प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंहए महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तवए ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंहए लक्ष्मी सिंह टेंट सिटी नव्य अयोध्या में एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंहए जिपंअ रोली सिंहए पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय नगर निगम परिसर में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने समारोह पूर्वक अभियान का समापन किया। इस दौरान प्रधानामंत्री के लाइव उद्बोधन को सामूहिक रूप से सुना गया।

केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में आयोजित सभा के दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि नए संसद भवन में प्रवेश करते ही महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए मोदी सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम परित किया। यह नए भारत का प्रतिविम्ब है। महिलाओं के कल्याण व उत्थान के लिए जितने कार्य मोदी सरकार में हुए उतने कार्य आज तक नही हुए हैं।

नगर निगम कार्यालय में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा बेटी व बेटे की खाई को पाटने के लिए बेटी बचाओए बेटी पढ़ाओं की प्रधानमंत्री ने शुरूआत किया। आज बेटे व बेटी में अंतर समाप्त हो गया। आज बेटी बोझ नहीं है। अब बेटियां पैदा होती है तो वह लक्ष्मी का रूप होती है। लाड़ली लक्ष्मीए मुख्यमंत्री सुमंगलाए सामूहिक विवाह योजनाएं चलायी जा रही है।

पूरा बाजार ब्लाक मुख्यालय में प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह ने कहा कि अंत्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले यह सरकार की दूरदर्शिता का परिणाम है।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरकार की जनकल्याण कारी नीतियों से जनता में विश्वास का माहौल है। हम सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के पथ पर अग्रसर है।

टेंट सिटी नव्य अयोध्या में एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि आज विश्व में देश की पहचान एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में हो रही है।2014 के बाद देश के प्रत्येक व्यक्ति ने विकास से हुए बदलावों को महसूस किया है। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 12 को

बहराइच । जनपद की नहरों की समुचित साफ-सफाई, कटिंग एवं तेल तक पानी पहुंचाने, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों के संचालन, बन्द नलकूपों की समीक्षा, सिचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त शिकायतों का निराकरण तथा शासन स्तर से प्राप्त क्रियान्वयन के उद्देश्य से 12 मार्च 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक आयोजित की गयी है।

निर्वाचन व्यय लेखा टीम का प्रशिक्षण सम्पन्न

बहराइच । आसन्न लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल हेतु गठित लेखा टीम को आयोग द्वारा जारी दिशा निदेशों तथा व्यय अनुवीक्षण हेतु उनके दायित्वों की जानकारी देने हेतु मंगलवार को देरशाम कोषागार बहराइच में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण सत्र को सम्बोधित करते हुए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल के सहायक प्रभारी सुनील कुमार यादव ने टीम के सदस्यों से अपेक्षा की कि व्यय अनुवीक्षण हेतु आयोग द्वारा जारी दिशा निदेशों का भली प्रकार से अध्ययन कर अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल के सहायक प्रभारी शिवेन्द्र पाण्डेय व बाबूराम, स.न.ख. नानपारा के खण्डीय लेखाधिकारी अंकुर वर्मा, सरयू नहर खण्ड-1 नानपारा के अभिनव तिवारी, लो.नि.वि. निर्माण खण्ड-1 के वरिष्ठ खण्डीय लेखाधिकारी सूबेदार सिंह यादव, निर्माण खण्ड-2 के अरूण कुमार त्रिपाठी, निर्माण खण्ड-3 के सै. हामिद अली, स.न.ख.-पंचम के खण्डीय लेखाधिकारी शैलेश कुमार वर्मा, स.न.ख.-सप्तम के खण्डीय लेखाधिकारी हरिकृष्ण मौजूद रहे।

सिंधु दर्शन यात्रा के लिए राज्य सरकार देगी 20 हजार का अनुदान

जिला संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि प्रदेश से लेह लद्दाख स्थित सिंधू दर्शन यात्रा पर जाने वाले दर्शनार्थियों को प्रति दर्शनार्थी 20,000 रुपए अनुदान दिये जाने की उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा व्यवस्था की गयी है। डीएम ने बताया कि प्रदेश के ऐसे निवासी जो वर्तमान में प्रदेश में निवास कर रहे हों, चयन के लिए अर्ह होंगे।

ऐसे इच्छुक व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय रू. 10 लाख से अधिक न हो, पूर्व में इस योजना के अन्तर्गत यात्रा न की हो और न ही अनुदान प्राप्त किया हो, यात्रा हेतु शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम हो तथा किसी संक्रामक रोग से ग्रस्त न हो, धर्मार्थ कार्य विभाग की वेबसाइट यूपी धर्मार्थकार्य डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी भी दशा में ऑफ लाइन/भौतिक रूप से दिये गये आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

डीएम ने बताया कि यात्रा हेतु आवेदन करने की सूचना धर्मार्थ कार्य निदेशालय द्वारा जन साधारण को प्रेस विज्ञप्ति/विभागीय वेबसाइट के माध्यम से दी जायेगी कि यात्रा अनुदान हेतु किस तिथि तक ऑनलाइन आवेदन विभागीय पोर्टल पर किये जा सकते हैं। डीएम ने बताया कि सामान्यतः आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया 15 मई तक पूर्ण कर ली जायेगी तथा अनुदान हेतु पात्र यात्रियों की सूची 01 जून 2024 से पूर्व प्रकाशित कर दी जायेगी।

डीएम ने बताया कि आवेदन अस्वीकृत होने पर असफल आवेदकों को धर्मार्थ कार्य विभाग द्वारा वेबसाइट/मैसेज के माध्यम से कारण सहित सूचित किया जायेगा।

उत्तर प्रदेश का निवासी होने हेतु सक्षम स्तर से निर्गत प्रमाण पत्र मान्य होगा तथा पहचान पत्र यथा राशन कार्ड की प्रतिलिपि, ड्राईविंग लाइसेंस की प्रतिलिपि, मतदाता पहचान पत्र अथवा आधार कार्ड की प्रतिलिपि लगाना अनिवार्य होगा। डीएम ने बताया कि यदि यह पाया जाता है कि किसी तीर्थ यात्री द्वारा कूटरचित अभिलेखों या अन्य सुसंगत साक्ष्यों को छिपाकर अनुदान प्राप्त कर लिया गया है तो उससे अनुदान की धनराशि वसूल कर ली जायेगी तथा उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी।

अटल बिहारी वाजपेई सभागार में हुई जिला पंचायत बोर्ड की बैठक

जिला संवाददाता

अयोध्या । जिला पंचायत अयोध्या के अटल बिहारी बाजपेई सभागार में जिला पंचायत की बैठक आहूत की गई। अध्यक्ष रोली सिंह के अनुमति के साथ अपर मुख्य अधिकारी द्वारा कार्यवाही का संचालन आरम्भ किया गया जिसमें एजेण्डा के प्रथम बिन्दु पर गत कार्यवाहियों पर विमर्श के साथ सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।

प्रस्ताव के दूसरे विन्दु पर अयोध्या में श्रीराम की भव्य मन्दिर यो निर्माण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा आरम्भ करते हुए अध्यक्ष द्वारा कहा गया किए हमारे राष्ट्र और इसकी अक्षुण्य संस्कृति के गौरव तत्य प्रभु श्री राम के भव्य मन्दिर के निर्माण से हमारे क्षेत्र और हमारे क्षेत्र की जनता की समृद्धि और विकास के नए खुलने वाले अवसरों के लिए में उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ और उनकी सरकार तथा देश के यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र की सरकार को क्षेत्र की जनता और यह सम्मानित सदन धन्यवाद ज्ञापित करता है।धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा में को सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके पश्चात सदन में वित्तीय वर्ष 2023.24 का पुनरीक्षित बजट् एवं वर्ष 2024.25 के मूल बजट् का भी अनुमोदन किया गया। आगामी वित्तीय वर्ष 2024.25 में आय के रुपए मदों में सरकारी अनुदान से 35 करोड़ रुपए सम्पति एवं विभवकर से 27०5 लाख रुपए लाईसेन्स शुल्क से 30०00 लाख रुपए सम्पत्तियों के किराये से 23०00 लाख रुपए आदि के साथ 37० 80 करोड़ रुपए में प्रारम्भक शेष 29०6 करोड रुपए को शामिल करते हुए 67०37 करोड़ रुपए का कुल आय पक्ष तथा व्यय पक्ष में मरम्मत एवं मूल निर्माण कार्य के साथ वेतनए पेंशन आदि व्यय को शामिल करते हुए 71०06 करोड़ रुपए के व्यय पक्ष को सदन द्वारा अनुमोदन प्राप्त हुआ। एजेण्डा के तीसरे विन्दु से नन्सा बाजार से 23 रिक्त दुकानों की नीलामी प्रकिया के लिए प्रीमियम दरए किराया दर और शर्तों के निर्धारण पर चर्चा की जिला पंचायत अध्यक्षा रोली सिंह ने कहा कि यह प्रभु श्रीराम जी की धरती है और यहां कार्य करने का अवसर मेरा सौभाग्य हैए आप सब का सौभाग्य है तो हम सब मिलकर विश्वास और सहयोग से आगे बढ़ रहे हैं। यदि किसी भी मुद्दे पर आप में से किसी को भी कोई समस्या हो तो मुझे अवश्य बतायेंए आपका सदैव स्वागत है। इसी के साथ धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके द्वारा कार्यवाही की समाप्ति की घोषणा की गई। बैठक पर्यवेक्षक के लिए नामित अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में प्रवीण यादव उपजिलाधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट सुश्री पूजा साहू जिला विकास अधिकारी उपेन्द्र पाल जिला समाज कल्याण अधिकारी जयनाथ गुप्ताएए बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष राय जिला कृषि अधिकारीए ओ०पी० मिश्राए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ० जगदीश सिंह सहित उपस्थित रहे।

माह मार्च में ब्लॉक स्तर पर आयोजित होंगे रोजगार मेले

बहराइच । प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय बहराइच द्वारा माह मार्च में विकास खण्ड मुख्यालयों पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि 07 मार्च 2024 को विकास खण्ड जरवल व नवाबगंज, 09 को तेजवापुर व कैसरगंज, 10 को जिला सेवायोजन कार्यालय बहराइच, 11 को बलहा एवं पयागपुर तथा 12 मार्च 2024 को विकास खण्ड हुजूपुर एवं महसी में आयोजित रोजगार मेले में सिक्योरिटी स्किल्स काउन्सिल इण्डिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा सैनिक पद हेतु बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा सैनिक पद हेतु हाईस्कूल उत्तीर्ण आयु 21 से 37 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जिनकी लम्बाई 167.5 से.मी. को मासिक वेतन रू. 14000 से 22000, सुपरवाइजर पद हेतु इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण आयु 21 से 37 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जिनकी लम्बाई 167.5 से.मी. को मासिक वेतन रू. 16000 से 25000 देय होगा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर

पत्रांक : 158/टी.सी.-04/2023-2024 **दिनांक 06.03.2024**

अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर में **''स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 अन्तर्गत आकांक्षी सार्वजनिक शौचालय''** परियोजना 02 की ई-निविदा निम्नलिखित तिथियों में http//etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है-

अपलोड करने की तिथि व समय	अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय	निविदा खुलने की तिथि व समय
दिनांक 06.03.2024 समय पूर्वान्ह 11 बजे से	दिनांक 11.03.2024 समय अपरान्ह 05 बजे तक	दिनांक 12.03.2024 समय पूर्वान्ह 11 बजे तक

नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के साथ-साथ http//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(वैभव त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

संक्षेप

एनटीपीसी ने दिव्यांगों को दिये उपकरण

ऊंचाहार, रायबरेली। सुरेखा ऊंचाहार गांव की रहने वाली हैं। अपने बच्चों की देखभाल, रोजमर्रा के घर के काम और बाहर आने-जाने में उन्हें कई बार परेशानियां आया करती थीं। एनटीपीसी ऊंचाहार के नैगम सामाजिक दायित्व की ओर से ट्राई साइकिल वितरण का आयोजन किया गया जिसमें सुरेखा और उनके जैसे आसपास के कई गांवों के अन्य लोगों को ट्राई साइकिल हियरिंग डिवाइस, सुगम्या स्मार्ट स्टिक, आर्टिफिशियल लिम्स, व्हील चेयर, ई-ट्राइकिल व अन्य उपकरणों का वितरण एनटीपीसी ऊंचाहार परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा व उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ चैधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री छाबड़ा ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि दिव्यांगजन स्वयं में बहुत सक्षम होते हैं। उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए केवल एक उम्मीद की ही आवश्यकता होती है। दिव्यांगजनों को इन उपकरणों के वितरण के साथ ये एनटीपीसी ऊंचाहार का प्रयास है कि हम आसपास के ग्रामीणों दिव्यांगजनों के जीवन में उम्मीद जगा सकें कि वो भी आगे बढ़ सकते हैं, अपने सपने पूरे कर सकते हैं और अपना व देश का नाम रौशन कर सकते हैं। एनटीपीसी सीएसआर (नैगम सामाजिक दायित्व) के माध्यम से समय-समय पर जनकल्याण कार्यक्रम करते हैं ताकि एनटीपीसी के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाया जा सकता है।उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ चैधरी ने कहा कि एनटीपीसी द्वारा किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय हैं। एनटीपीसी नैगम सामाजिक दायित्व के माध्यम से ग्रामीण लोगों के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित किया करती है।

केंद्रीय मंत्री ने 26 सड़कों का किया शिलान्यास

रायबरेली। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री एवं सांसद अमेठी स्मृति जुबिन ईरानी का आगमन सलोन में हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना तथा लोनिविउप्र द्वारा विधानसभा सलोन में 26 सड़कों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने सलोन विधायक अशोक कोरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ही यह सब संभव हो सका है। सड़कों के बन जाने से लोगों को आवागमन की सुविधा होगी साथ ही रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इस अवसर पर उनके द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत सलोन विधानसभा की जिन कन्याओं के खाते खोले गए हैं उनमें से पांच को अपने हाथों से पासबुक देकर उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा की सरकार की यह योजना है कि प्रत्येक कन्या पढ़े और बढे। जिससे न केवल परिवार अपितु समाज, राज्य और देश का मान बढ़े। इसके अतिरिक्त केंद्रीय मंत्री ने सांसद महिला खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत विजेता महिला प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया। जिनमें अंजू रावत, अंतिमा यादव,

- सांसद महिला खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

विमलेश, राजकुमारी, गुंजन विश्वकर्मा, सुमेरा, सरला देवी, सपना सिंह, रूपा, मधु मौर्या, दीपिका सरोज और सुमन सिंह शामिल हैं। उन्होंने इन महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा आज देश की महिलाएं किसी भी मामले में पुरुष से काम नहीं है वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं। इस अवसर पर सलोन विधायक अशोक कोरी व जनप्रतिनिधि सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

रायबरेली के 21 अस्पतालों का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

रायबरेली। उप्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रम में आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के अंतर्गत पूरे प्रदेश वासियों के स्वास्थ्य व आरोग्य को सुदृढ़ बनाने के लिए 238 करोड़ की 274 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमल से प्रदेशवासियों को समर्पित किया गया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली में 18 होम्योपैथिक चिकित्सालय तीन आयुर्वेदिक चिकित्सालय व एक 50 बेड का एकीकृत आयुष चिकित्सालय का लोकार्पण उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में एक भव्य कार्यक्रम क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवम यूनानी अधिकारी डॉ रवि प्रकाश सोनकर के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर आशीष गिरी, डॉक्टर रवि प्रताप सिंह, डॉक्टर आदित्य यादव, डॉक्टर अवनींद्र कुमार, डॉ अजय कुमार, डॉक्टर प्रवीण राय, डॉ निशा सिंह डॉक्टर अनामिका, डॉ. वंदना, डॉ. गोमती डॉ प्रियंका त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

समन तामील कराने गये सिपाही से मारपीट

महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत बैंक के बकायेदार के घर सम्मन तामील कराने गए सिपाही से पिता पुत्र ने मारपीट कर दी। साथी सिपाही ने किसी तरह पिता पुत्र को समझा कर मामले को शांत कराया। मामला पूरे फेरु मजरे पहरे मऊ का है। इसी गांव निवासी श्री पाल स्टेट बैंक का बकायेदार है। जिसको लेकर श्रीपाल के नाम विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सम्मन भेजा गया था। मंगलवार को महराजगंज कोतवाली में तैनात सिपाही संदीप सिंह व राहुल वर्मा सम्मन तामील कराने गए थे। जहां सिपाही व आरोपित श्री पाल से बहस के बाद हाथापाई हो गई। मामले में सिपाही संदीप सिंह की तहरीर पर आरोपित श्रीपाल के खिलाफ पुलिस ने सरकारी कामकाज में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। कोतवाली बालेंदु गौतम ने बताया कि केस दर्ज किया गया है कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि बीते वर्ष मई में श्रीपाल के 12 वर्षीय बेटे सत्यम का शव गांव से बाहर पेड़ से लटका मिला था। श्रीपाल का आरोप है कि स्थानीय पुलिस की हीलाहवाली से उसके बेटे की हत्या के मामले का खुलासा व कार्रवाई नहीं हुई। जिसको लेकर वह पुलिस से खिन्न था। सम्मन लेकर पहुंचे सिपाही ने फोन कर कहा कि पहरेमऊ पुत्तन साहू की दुकान पर बैठे हैं तुम्हारा सम्मन है आकर ले लो। इस पर श्री पाल ने कहा कि जहां आप बैठे हैं मेरी उनसे नहीं बनती, अपनी दुकान पर बैठे हैं यहीं दे दो। जिसके बाद झल्लाकर सिपाही ने फोन पर कहा कि मैं तुम्हारे बाप का नौकर नहीं हूं। इस पर ही दोनों में फोन पर बहस हुई। बहस के बाद दुकान पर पहुंचे सिपाही संदीप ने श्री पाल को थप्पड़ जड़ दिया। जिसके बाद दोनों में हाथापाई हुई। क्षेत्राधिकारी यादवेन्द्र पाल ने बताया कि सिपाही ने पुत्तन की दुकान पर सम्मन लेने के लिए श्री पाल को बुलाया था। जब उसने मना किया तो सिपाही उसकी दुकान पर गया जहां दोनों में हाथापाई हुई है। प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

आयोजित हुआ भंडारा

रायबरेली। शहर के धुन्नी नगर में स्थित प्रसिद्ध श्री राम अखिलेश्वरी मंदिर में बुधवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। मंदिर में पांच दिनों तक चले शिव मंदिर परिवार स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हर दिन अलग-अलग धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्री राम अखिलेश्वरी मंदिर की कर्ताधर्ता एवं सदर विधायक अदिति सिंह ने मीडिया को बताया कि मंदिर में शिव मंदिर परिवार की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नारी शक्ति वंदन अभियान का कार्यक्रम हुआ संपन्न

बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)। ब्लॉक सभागार कक्ष में आयोजित नारी शक्ति बंदन अभियान को संबोधित करती हुई एसडीएम बल्दीराय विदुषी सिंह ने कहा कि वर्तमान की नारियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हर स्थान पर नारियों को सुरक्षा सम्मान मिल रहा है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिला समृद्धि योजना के द्वारा महिलाएं हर क्षेत्र में सम्मान प्राप्त कर रही हैं। महिलाओं को बंपर नौकरियां भी मिल रही हैं। प्रधानमंत्री के ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुने कार्यक्रम के उपरांत कई स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को खंड विकास अधिकारी बल्दीराय सत्यनारायण सिंह प्रमुख शिवकुमार सिंह ने प्रमाण पत्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह, सीडीपीओ राजवती सिंह, सहायता समूह की शशि बाला, पवन कुमारी, रमावती, सफीकुल, संगीता, पूनम, ललिता, रूप कुमारी, रिजवाना कमलेश राजेश्वरी मीना भाजपा मंडल अध्यक्ष पीपर गांव मंडल अवधेश दूबे, मुकेश अग्रहरि, श्याम प्रीत आदि लोग मौजूद रहे।

इंजन में विद्युत प्रवाह न होने से रेलवे ट्रैक रहा बाधित

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। डाउन ट्रैक पर चल रही मालगाड़ी के इंजन में अचानक विद्युत प्रवाह जाना बंद हो गया, विद्युत प्रवाह करने वाला उपकरण टूट गया जिससे मालगाड़ी डाउन ट्रैक पर खड़ी हो गई। मालगाड़ी खड़ी होने से कई स्थानों पर कंट्रोल ने गाड़ियों को रोक दिया और उसी के कारण घंटो शटल एक्सप्रेस लंभुआ रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। इस बीच यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। मंगलवार की देर शाम जौनपुर जनपद के हरपाल गंज रेलवे के निकट मालगाड़ी के इंजन में विद्युत प्रवाह करने वाला पिंटो टूट गया। जिससे कंट्रोल के निर्देश पर जगह-जगह ट्रेनों को रोक दिया गया। डाउन ट्रैक पर चल रही गाड़ियों के पहियों में ब्रेक लग गया। इसी कारण लखनऊ से वाराणसी जाने वाली शटल एक्सप्रेस को भी लंभुआ रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया था। रेल कर्मियों ने बताया कि रात दस बजे के बाद रेलवे की इलेक्ट्रिक यूनिट मौके पर पहुंची इंजन के पिंटो को ठीक कराया गया। फिर मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना किया गया, तब जाकर रेलवे ट्रैक पर जगह-जगह खड़ी माल गाड़ियों एवं एक्सप्रेस ट्रेनों को रवाना किया गया। इस बीच घंटो यात्री परेशान रहे।

पूर्व मा.विद्यालय थुलवासा में आठवीं क्लॉस के बच्चों की हुई विदाई

रायबरेली। निजी विद्यालयों की भांति अब परिषदीय विद्यालयों में भी अंतिम क्लॉस में पढ़ने वाले बच्चों की विदाई की जाने लगी है। बुधवार को अमावां ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा-8 के बच्चों की विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को उपहार के साथ गुरुजनों ने उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। विद्यालय परिवार ने बच्चों का तिलक कर उन्हें आशीर्वाद दिया। समारोह में बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। धूमधाम से विदाई समारोह में बच्चे उत्साहित दिखे।

इंचार्ज प्रधानाध्यापक फरीदा बेगम ने कहा कि विद्यार्थी अपना लक्ष्य का निर्धारण करके आगे एकाग्रता से आगे बढ़ें, तो ऐसी कोई मंजिल नहीं है, जो प्राप्त नहीं हो सकती है। विद्यार्थी जीवन वह स्वर्णिम अवसर है जो जीवन में एक बार ही प्राप्त होता है, वह वापस कभी लौटकर नहीं आता। अतः विद्यार्थी जीवन का सदुपयोग कर विद्यार्जन में जुट जाएं।

शिक्षिका ऊषा सिंह ने कहा कि विदाई जीवन का वह भावुक क्षण हैं जो दुःखी करता है लेकिन जीवन में आगे बढ़ने के लिए किसी को विदाई देनी हो तो वह सुख का कारण होता है। विद्यालय की छात्रा नेहा, प्रिया, पूजा, रोशनी, काजल, राइबा खान ने विदाई समारोह के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर अध्यापक धर्मेंद्र तिवारी, अंकिता, मनोज, राजेश वर्मा, कृष्ण गोपाल, छात्र शिवम, अनुराग, अमितेश सैनी, विकास, मोहित, काजल, नैंसी लोग आदि उपस्थित रहे।

भाजपा सरकार में महिलाओं को मिला सम्मान, मिली मजबूती : विधायक

जिला संवाददाता (vol)

मोतिगरपुर, सुलतानपुर। ब्लॉक मुख्यालय पर बुधवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समूह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली लखपति दीदीयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक राजप्रसाद उपाध्याय राजबाबू ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान व स्वाभिमान बढ़ा हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह ने की।

मोतिगरपुर ब्लॉक मुख्यालय पर बुधवार को नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक राजप्रसाद उपाध्याय राजबाबू ने कहा कि भारत की महिला पूरे देश को दिशा दे रही है। देश में प्रथम व्यक्ति के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समस्त महिला शक्ति का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश

की नारी शक्ति दुनिया में परचम लहरा रही है। भाजपा सरकार में देश की महिला आर्थिक सामाजिक रूप से सशक्त हुई है। प्रमुख चंद्रप्रताप सिंह ने कहा कि देश की महिलाएं पुरुषों से कदमताल करते हुए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी ताल ठोक रही हैं। विधायक व प्रमुख ने सामूहिक रूप से महिला स्वंय सहायता समूह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली लखपति दीदी सुषमा गुप्ता, बीनू दूबे, रिंकी भारती, संजू मिश्रा व नीलम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बीडीओ महेशचंद्र त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषिकेश ओझा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय प्रजापति, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन सिंह, अंकित मिश्र, हरिशंकर शर्मा, प्रधान शम्भू प्रसाद, सुनील पांडेय, पिंटू सिंह, अजय कौशिक मौजूद रहे।

कार की टक्कर से व्यावसायी समेत तीन घायल, मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। बुधवार की सुबह अनियंत्रित कार ने दुकानदार समेत दो अन्य लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया तथा मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा घायलों का अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर एक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के दियरा रोड पर स्थित नहर पुल के पास अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने दुकानदार समेत कई वाहनों में टक्कर मारते हुए लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दुर्घटना से दो मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुर्घटना में लंभुआ निवासी व्यवसायी वीरेंद्र बरनवाल उम्र लगभग 40 वर्ष, विजय प्रकाश सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष, अमित यादव उम्र लगभग 25 वर्ष घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल अमित यादव को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न करने के लिए पुलिस ने किया रूट मार्च

सुलतानपुर। आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, रमजान माह व नवरात्रि में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कस्बे सहित प्रमुख बाजारों में कुड़वार पुलिस के साथ दर्जनों आरएएफ जवानों ने रूट मार्च किया। बुधवार को कुड़वार कस्बे के टैक्सी स्टैंड से प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दर्जनों रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने रूट मार्च किया। कस्बे में घूमते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि आगामी त्यौहारों को सकुशल व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की तैयारी कर ली गई है। सहालग व त्योहार के मौसम में व्यापारियों को निर्देशित किया कि मुख्य मार्गो को अतिक्रमण मुक्त रहे। कुड़वार कस्बे के बाद राजापुर कस्बे सहित संवेदनशील स्थानों पर भी रूट मार्च हुआ। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि त्योहारों में अराजकता करने वालो से सख्ती से निपटा जाएगा। आमजन को सुरक्षित माहौल देना ही हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक के साथ अपराध निरीक्षक यदुवीर सिंह, आरक्षी विकास तिवारी, अनुज तिवारी, राम कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने किया इसौली पोलिंग बूथ का निरीक्षण

बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत एसडीएम विदुषी सिंह क्षेत्राधिकारी बल्दीराय सौरभ सावंत ने जूनियर हाई स्कूल इसौली स्थित पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया। आपको बता दें कि इस बार चुनाव आयोग ने पोलिंग बूथों को तीन कैटेगरी में बांटा है। सामान्य बूथ, संवेदनशील बूथ और अति संवेदनशील बूथ इसौली पोलिंग बूथ अति संवेदनशील (बरनेबल) बूथ की श्रेणी में होने के कारण यह निरीक्षण किया गया। एसडीएम द्वारा बताया गया कि चुनाव आयोग के निदेशानुसार लोकसभा चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। चुनाव में गड़बड़ी करने वालो से सख्ती से निपटा जाएगा। निरीक्षण के समय बल्दीराय थानाध्यक्ष आरबी सुमन, पारा चैकी प्रभारी चंदशेखर सोनकर, हेड कॉन्स्टेबल पवन कुमार यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शाकिर अब्बास आदि मौजूद रहे।

न्यायालय सूचना

न्यायालय सत्र न्यायाधीश ललितपुर
क्रिमिनल अपील संख्या 71 सन 2023
श्रीमती पुष्पा वर्मा
बनाम
स्टेट आफ यू.पी. आदि
धारा-29 घरेलू हिंसा अधि.
थाना- कोतवाली ललितपुर

प्रापक

राकेश कुमार पुत्र भगवानदास निवासी पुनावली थाना रक्शा जिला झांसी हाल निवासी 555क / के.बी. 022 खुशी बिहार कनौसी थाना कृष्णा नगर जनपद लखनऊ

महोदय,

आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित उपर्युक्त विवरण वाली दाण्डिक अपील में सुनवाई हेतु दिनांक 14.03.2024 नियत है। अतः आप उक्त दिनांक को प्रातः 10.00 बजे उक्त मामले की सुनवाई हेतु स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में मामले में एकपक्षीय सुनवाई की जाकर विधि अनुसार आदेश पारित कर दिया जावेगा।

यह सूचनापत्र आज दिनांक 04.03.2024 को न्यायालय की आज्ञा से जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से

सूचना

सूचित हो कि मै खलील उल्लाह पुत्र स्व. वली उल्लाह निवासी 285 तकी नगर, जिला उन्नाव का निवासी हूं। मेरे पिता स्व. वली उल्लाह की मृत्यु के बाद सौतेले भाई रजी उल्लाह शामिल-शरीक एक ही मकान में रहते है चूंकि सौतेला भाई आपराधिक क्रिया कलापों में लिप्त रहता है जिससे हम सब लोग दुःखी होकर सूचना प्रकाशित कर रहे है कि रजी उल्लाह के किसी भी आपराधिक गतिविधि व किसी प्रकार के लेनदेन से घर के किसी व्यक्ति से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा और स्वयं अपने कृत्यों का जिम्मेदार होगा।

कांग्रेसियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। पूरे प्रदेश भर में अभी हाल ही में हुई बे मौसम बरसात तथा ओलावृष्टि से किसानों के खेतों में खड़ी फसल का काफी नुकसान हो गया है। मुआवजे की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने पूरे प्रदेश भर में अभियान चलाया और बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रभान उर्फ चुन्ना सिंह एवं ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार देवानंद त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा और मुख्यमंत्री को भेजे गए

ज्ञापन में अवगत करवाया कि प्रदेश भर में बे मौसम बरसात एवं ओलावृष्टि होने से खेतों में खादी किसानों की फसल का काफी नुकसान हुआ है, जिससे किसान परेशान हैं और भरपाई की मांग कर रहे हैं। कांग्रेसियों ने अति शीघ्र सरकार से नुकसान की भरपाई करने की मांग की। इस मौके पर अतहर नवाब, अवधेश, अनिल कुमार, सुरेंद्र मिश्रा, संतोष वर्मा, रामकरण पांडेय आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

बलदीराय, सुलतानपुर। बल्दीराय पर जाकर ओलावृष्टि से संबंधित एसडीएम बल्दीराय विदुषी सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर बल्दीराय प्रभारी जिला सचिव मनोज तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष इमरान मोनू, जिला शिक्षक अध्यक्ष मो. मोबीन अहमद अब्दुल, गफ्फार खान, जिला महासचिव कालीसहाय सिंह, अती उल्ला अंसारी, इमरान आदि मौजूद रहे।

कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पावर एंजल का किया जा रहा गठन

महराजगंज, रायबरेली। जूनियर परिषदीय विद्यालय की छात्राओं को अब पावर एंजल के रूप में निखारा जाएगा। प्रत्येक जूनियर व कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पावर एंजल का गठन किया जा रहा है। जिसको लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है।

राज्य परियोजना निदेशक के निर्देश पर स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजिल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के लिए सुगमकर्ता की तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय महराजगंज में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव ने सुगमकताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। बालिका शिक्षा रिसोर्स पर्सन व प्रभारी मीना मंच एस एस पाण्डेय ने बताया कि विकासखंड महराजगंज के उच्च प्राथमिक व संविलियन विद्यालयों में कार्यरत 32 सुगमकताओं को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण का मुख्य बिंदु ब के परिषदीय विद्यालयों में 6, 7, 8 कक्षा से एक -एक छात्रा का पावर एंजल के रूप में चुनाव कर उनके कार्य, दायित्व निर्धारण के लिए प्रगति के पंख नामक पत्रिका से सुगमकताओं द्वारा मार्गदर्शन मिलेगा। मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दे रही प्रीति शुक्ला व श्रद्धा चैबे ने बताया कि जो छात्राएं पावर एंजल बनेंगी वे सभी भविष्य में अपनी उड़ान को प्राप्त करेंगी। जल्द से जल्द कक्षावार पावर एंजल का गठन कर छात्राओं को सशक्त, मुखर व सक्रिय बनाते हुए हेल्पलाइन नंबर, एनीमिया, बाल विवाह दहेज प्रथा का विरोध सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर यूनिसेफ टीम से गौरव त्रिपाठी, अशोक शुक्ला सहित मीनाक्षी, तारा सिंह, पूजा सिंह, कीर्ति सिंह सहित दर्जनों शिक्षिकाएं मौजूद रही।

सूचना

आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि. मकान 430/427 द्वितीय तल डी.ए.वी. डिग्री कालेज के सामने रैदोपुर अराजमगढ़ की तरफ से सूचित किया जा रहा है कि श्रीमती हीरामनी पत्नी लक्ष्मी गुप्ता साकिन रसूलपुरजयद्रथयती परगना बेलादौलताबाद तहसील मेहनगर जिला आजमगढ़ ग्राम रसूलपुरजयद्रथयती परगना बेलादौलताबाद तहसील मेहनगर जिला आजमगढ़ मे अराजी नं. 736 ख रकबा 0.022 हे. मे से 012.5 कड़ी व 50.625 वर्ग मी. व 06 कडी अर्थात 24.3 वर्ग मी० मय मकान सुबाष गुप्ता व हरिद्वार गुप्ता पुत्रगण रामसम्हार साकिन रसूलपुरजयद्रथयती परगना बेलादौलताबाद तहसील मेहनगर जिला आजमगढ़ व लक्ष्मी गुप्ता पुत्र रामसम्हार साकिन रसूलपुरजयद्रथयती परगना बेलादौलताबाद तहसील मेहनगर जिला आजमगढ़ से बैनामा द्वारा प्राप्त किया है जो बैनामा सब रजिस्टार कार्यालय लालगंज जिला आजमगढ़ मे बही नं. 1 जिल्द नं. 5016 पेज नं. 127 से 138 तक क्रमांक संख्या 755 दिनांक 17.02.2024 व बही नं. 1 जिल्द नं. 5017 पेज नं. 109 से 120 तक क्रमांक संख्या 784 दिनांक 20.02.2024 पर दर्ज है जिसे बन्धक करके मेरे कम्पनी द्वारा ऋण दिया जा रहा है। अत उपरोक्त सहखातेदारो झिनपत पुत्र अवधबिहारी व सुबाष गुप्ता व हरिद्वार व लक्ष्मी गुप्ता पुत्रगण रामसम्हार साकिन रसूलपुरजयद्रथयती परगना बेलादौलताबाद तहसील मेहनगर जिला आजमगढ़ या उनके वारिसान या जिस किसी भी अन्य यक्ति को ग्राम रसूलपुरजयद्रथयती परगना बेलादौलताबाद तहसील मेहनगर जिला आजमगढ़ मे अराजी नं. 736 ख रकबा 0.022 हे. मे से 012.5 कडी व 50.625 वर्ग मी. व 06 कडी अर्थात 24.3 वर्ग मी. मय मकान से सम्बन्धित सम्पत्ति के सम्बन्ध मे या इसके किसी भी हिस्से पर कोई भी आपत्ति, दावा, विक्रय बन्धक या किसी अन्य प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचनादाता से लिखित मे सम्बधित दस्तावेज के साथ 7 दिन के अन्दर सम्पर्क करे अवधि की समाप्ति के बाद किसी प्रकार का दावा या आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। तथा उपरोक्त श्रीमती हीरामनी पत्नी लक्ष्मी गुप्ता साकिन रसूलपुरजयद्रथयती परगना बेलादौलताबाद तहसील मेहनगर जिला आजमगढ़ को ऋण का भुगतान कर दिया जायेगा।

बृजेश कुमार अस्थाना-एडवोकेट, दीवानी कचहरी आजमगढ़ मो0 9452400334

कार्यालय ग्राम पंचायत हरदी, विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2023-24/ **दिनांक- 06.03.2024**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरदी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्माण कार्य हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम	मात्रा
1	ग्राम पंचायत में पशु आश्रय निर्माण कार्य	फूलमती पत्नी सुन्दर व निर्माला देवी पत्नी ओमकार का पशु आश्रय निर्माण कार्य	02

नियम शर्तः-

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत हरदी के कार्यालय में 06.03.2024 से 11.03.2024 तक रुपए मूल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत हरदी के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 06.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत हरदी के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 11.03.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

जागेश्वरी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हरदी
विकास खण्ड धौरहरा

उदय प्रताप
ग्रा.पं.वि. अधिकारी
ग्राम पंचायत हरदी
विकास खण्ड धौरहरा

भाजपा ने नारी शक्ति को बनाया विकसित भारत की शक्ति

- भाजपा ने 26 मंडलों में पीएम मोदी के नारी शक्ति संवाद के लाइव प्रसारण को सुना

सुलतानपुर। भाजपा ने शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत बुधवार को ह्यनारी शक्ति संवादह्ण अभियान का आयोजन किया है। नारी शक्ति संवाद के तहत जिले में 26 मंडलों एवं 14 वि.ख. मुख्यालयों व नगर के पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर मौजूद स्व-सहायता समूह, एनजीओ और भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से सुना। बल्दीराय ब्लॉक सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने कहा भाजपा ने नारी शक्ति को विकसित भारत की शक्ति बनाया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार आज

हर महिला को बिना भेदभाव के सभी सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष अवधेश दूबे आदि मौजूद रहे। भदैंया ब्लाक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख राजेंद्र वर्मा, राजेश चतुर्वेदी एवं बीडीओ दिव्या सिंह आदि मौजूद रही। कुड़वार ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रताप सिंह, महावीर आदि मौजूद रहे। पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि शक्ति वंदन कार्यक्रम मंडल कूड़वार, दूबेपुर, लोहरामऊ, धम्मौर, लंभुआ, कूरेभार, मोतिगरपुर, करौंदीकला, गोसैसिंहपुर, दोस्तपुर, जयसिंहपुर, सेमरी, राहुलनगर, अखंडनगर, कटका, धनपतगंज, नगर सहित सभी 26 मंडलों व 14 ब्लॉक मुख्यालयों पर आयोजित हुआ। इस दौरान एलईडी लगाकर पीएम के लाइव प्रसारण को सुना गया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाणपत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी, जिला संयोजक घनश्याम चौहान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह, अखिलेश सिंह डिंपल, सर्वेश मिश्रा, सुषमा जायसवाल, मानस वर्मा, राम अभिलाष सिंह, आकाश जायसवाल, राजधर शुक्ला, मनोज श्रीवास्तव, संजय सरोज, प्रवीण सिंह, संदीप पांडेय, विक्की वर्मा, नन्दलाल पाल, डॉ राम मूर्ति वर्मा, ब्रह्मदेव सिंह, आशुतोष सिंह, भूपेंद्र पाठक, अखिलेश सिंह, हरिशंकर वर्मा, सुभाष वर्मा आदि मौजूद रहे।

बच्चे को पीटने पर हेडमास्टर निलंबित

सुलतानपुर (वीओएल)। विद्यालय में शिक्षण कार्य के दौरान शिक्षक को बच्चे की पिटाई करना महंगा पड़ गया। अभिभावक की शिकायत पर बीईओ कुड़वार की जांच में आरोप सही पाए जाने पर बीएसए ने शिक्षक को निलंबित कर दिया है। मामला कुड़वार विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जासरपुर नरही से जुड़ा है। गांव निवासी अभिभावक फातिमा बानो पुत्री साहेब अली ने खंड शिक्षा अधिकारी को मंगलवार को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि नरही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले उसके बच्चे को प्रधानाध्यापक मो. इसरार द्वारा डंडे से पिटाई की गई। जिसकी जांच बीईओ रोजी सिंह ने करते हुए दोनो पक्षों का बयान सहित साक्ष्य बीएसए दीपका चतुर्वेदी को सौंपा।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ ओ.टी./03/2024 दिनांकः 05.03.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती हैः- **कार्य का नामः** काठगोदाम, हल्द्वानी, लालकुँआ, हल्दी रोड, रूद्रपुर सिटी, बिलासपुर रोड, चमरूआ, केमरी, किच्छा तथा पंतनगर स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था में सुधार, **विवरणः- अनुमानित लागत (₹में):** ₹ 50,01,156.81, **धरोहर राशि (₹में):** ₹ 1,00,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹में):** ₹ शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः** 27.03.2024, 11:00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** चार माह। **नोट :** • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई-टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)
मुजाधि/विद्युत-294 **इज्जतनगर**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

संक्षेप

कूड़ा निस्तारण केंद्र धार्मिक स्थल से दूर बनवाने की मांग

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। तहसील क्षेत्र के ग्राम सुहेला में हनुमान मंदिर और रामलीला मैदान के पास ग्राम प्रधान द्वारा कराये जा रहे कूड़ा निस्तारण केंद्र के निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने विरोध करते हुये अन्यत्र जगह बनाये जाने की मांग की है। सुहेला निवासी पंकज कुमार, माखन लाल, सौम्य प्रकाश अग्निहोत्री, आशीष अग्निहोत्री ,राजीव कुमार, श्यामबाबू मिश्रा, दिवाकर अग्निहोत्री आदि ने एसडीएम रत्नाकर मिश्रा को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि ग्राम सुहेला में श्री हनुमान मंदिर एवं प्राचीन देवी मंदिर के साथ-साथ परिषदीय विद्यालय है। जहां पर श्रीराम कथा व रामलीला जैसे आयोजन होते हैं। परिसर में ग्राम प्रधान द्वारा कूड़ा निस्तारण केंद्र बनवाया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों की भावनाएं आहत हो रही हैं। उक्त लोगों ने कूड़ा निस्तारण केंद्र का कार्य रोके जाने तथा इस कूडा निस्तारण केंद्र को अन्य स्थान पर बनाए जाने की मांग की है।

डॉ.यामिनी बादल बनी सीएचसी प्रभारी अधीक्षक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को सीएमओ आफिस से अटैच किए जाने के बाद डॉ यामिनी बादल को सीएचसी प्रभारी अधीक्षक का चार्ज दिया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार को.फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसका संज्ञान लेते हुए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता को निर्देश देते हुए अधीक्षक डॉ गणेश को सीएमओ कार्यालय से संबद्ध कर जांच समिति गठित करने को कहा था। जिसको लेकर सीएमओ डा संतोष गुप्ता ने एसीएमओ डॉ.अनिल कुमार गुप्ता समेत दो लोगों की एक टीम गठित कर दी हैं। जिन्हें एक सप्ताह के अंदर आख्या देने की बात कही गई है। हालांकि पहले दिन जांच शुरू नहीं हो सकी। लेकिन डॉ गणेश की जगह पर डॉ यामिनी बादल को अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से दो की मौत

लखीमपुर खीरी। थाना नीमगांव क्षेत्र के सिकंदराबाद कस्ता मार्ग पर उमरपुर क्रेसर के पास भारी अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार दो लोगो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष श्रद्धा सिंह मय फोर्स के घटना स्थल पर पहुंच कर दोनो शव को कब्जे में लेते हुए पोस्ट मार्टम के लिए मोर्चरी भेजा गय। घटना की सूचना पा कर पर परिजनों में कोहराम मच गया। नीमगांव थाना क्षेत्र के भादूरी गांव निवासी रामस्वरूप पुत्र नेतराम 60 वर्ष घर से अपने दामाद भादूरी के मजरा धूमरा निवासी अनूप कुमार 40 पुत्र रमेश चंद्र के साथ मोटर साइकिल सी डी डीलक्स से गडरिया चौराहे पर किसी काम से गए थे तभी वापसी में कस्ता की तरफ से आ रहे किसी बड़े अज्ञात वाहन ने टक्कर मार देने से ससूर दामाद की मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना पर नीमगांव एस ओ श्रद्धा सिंह, बेहजम पुलिस चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता, सिकंदराबाद पुलिस चौकी प्रभारी आशीष सेहरावत मौके पर पहुंच कर स्थित को नियंत्रित करते हुए शव को कब्जे में लेकर एंबुलेंस के माध्यम मर्चरी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । वही घटना की सूचना पाकर दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

सीएम ने दी खीरी जिले को आयुष विभाग की चार विकास परियोजनाओं की सौगात

- 148.29 लाख की लागत वाली चार विकास परियोजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण

लखीमपुर खीरी। बुधवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष विभाग की 238 करोड़ की 271 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसी क्रम में सीएम ने खीरी जिले में आयुष विभाग की 148.29 लाख की लागत से निर्मित 04 विकास परियोजनाओं को वर्चुअल लोकार्पित किया। इस लोकार्पण कार्यक्रम में खीरी जिले में कलेक्ट्रेट में भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसमें लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सीएम योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन को सुना गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ हरवंश कुमार ने किया।

जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने क्षेत्रीय यूनानी आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ हरवंश, प्रभारी जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ अर्चना वर्मा एवं उनकी पूरी टीम की मौजूदगी में विकास परियोजनाओं का पर भौतिक रूप से लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में डॉ मुनीद्र प्रताप, फार्मासिस्ट प्रतीक्षा वर्मा, खालिद उल्ला खान सहित कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल से अवर अभियंता विवेक बाजपेई, कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस सहायक अभियंता अनुराग कुमार, अवर अभियंता सुशील वर्मा मौजूद रहे।

इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण

113.30 लाख की लागत से निर्मित जिला होम्योपैथिक अधिकारी कार्यालय और 29.01 लाख से निर्मित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सलेमपुर, 2.99-2.99 लाख की लागत से निर्मित आयुष मिशन के तहत आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर (राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय फरधान) और आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर (राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय पिपरागूम)।

नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का आयोजन

पलियाकलां- खीरी। नगर पालिका परिषद पलिया कलां में नई शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री के लाइव संबोधन का प्रसारण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं अन्य सम्मानित महिलाओं के मध्य एल.ई.डी. वाल पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद पलिया कलां के अध्यक्ष के.पी.गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में गृह राज्यमंत्री के प्रतिनिधि दीपक तलवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन इस कार्यक्रम के समन्वयक एवं भाजपा नगर इकाई पलिया कलां के नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष अर्चना अवस्थी व अन्य महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

हरदोई। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज बिलग्राम तहसील मुख्यालय में उपजिलाधिकारी गरिमा सिंह के नेतृत्व में रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया गया।उपजिलाधिकारी ने बताया कि उक्त रैली का उद्देश्य आगामी विधान सभा चुनावों में प्रत्येक मतदाता को बूथ तक ले जाने जाने के लिए प्रेरित करना है और एक एक मतदाता को बूथ तक ले जाना है। रैली में सीओ सत्येंद्र सिंह बीडीओ ए एम काजमी एसएचओ नारायण कुशवाहा एन टी समेत तहसील ब्लाक कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

सरस्वती शिशु मंदिर में विदाई समारोह

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। सरस्वती शिशु मंदिर में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि केन ग्रोवर्स नेहरू डिग्री कालेज के प्राचार्य पंकज सिंह एवं विशिष्ट अतिथि राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष विवेक सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरान्त विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना तथा आए हुए अतिथियों

ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य अतिथि प्राचार्य पंकज सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, प्रबंधक ठाकुर प्रसाद गंगवार, सहायक प्रबंधक सत्य प्रकाश अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य विजय प्रकाश मिश्रा सहित तमाम शिक्षक/शिक्षिकायें मौजूद रहे।

ब्लॉक सभागार में हुआ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। भारतीय जनता पार्टी के नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत ब्लॉक सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया।बुधवार को कुम्भी गोला

ब्लाक सभागार में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति के सम्मान में विधायक अमन गिरि ने कहा कि देवी स्वरूप नारी के सहयोग के बिना श्रष्टि की कल्पना अधूरी है। उन्होंने नारियों के सम्मान और बराबरी के दर्जा की वकालत करते हुए कहा कि देश को विकसित देश की श्रेणी में लाने के लिए इस शक्ति की भूमिका और भी बढ़ जाती है।उन्होंने नारियों में प्रेरणस्वरूप शहर की शशिबाला रावड़ा, डॉ चेतन वर्मा, मंजू भारद्वाज, प्रमिला गुप्ता सहित एक दर्जन महिलाओं को दुशाला उड़ाकर सम्मानित किया।समारोह को पूर्व प्रधानाचार्य केके शुक्ल, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, बीडीओ हनुमंत मिश्र आदि ने संबोधित किया। संचालन धीरेंद्र बाजपेई ने किया।इस मौके पर सुरजन लाल वर्मा, राकेश वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, रविंद्र कटियार, आत्मानंद शुक्ल सहित भारी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

नारी शक्ति वंदन अभियान का लाइव प्रसारण देखा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। केन्द्र सरकार का नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम नगरपालिका सभागार में प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन लाइव देखा गया। इस दौरान योजना की लाभान्वित नारी शक्ति भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सीमा सक्सेना, जिला मंत्री महिला मोर्चा आरती भदौरिया, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, सीमा वर्मा, अशोक सक्सेना, नगर महामंत्री राजेश राठौर, नगर अध्यक्ष/कार्यक्रम संयोजक शत्रोहन मिश्रा, विजय मिश्रा, धीरज बाजपेयी, विमलेश वर्मा, सुनील मिश्रा, राहुल बाल्मीकि ,रजत गुप्ता, वैजनाथ अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

सूफियों की तालीम पर चलकर ही बन सकता है खुशहाल भारतः विजय कुमार

संडीला(हरदोई)। मशहूर सूफी बुजुर्ग हजरत मोहम्मद रजा शाह और मुख्तार शाह के सालाना उर्स के मौके पर बोलते हुए आगरा से तशरीफ लाए दरगाह हाजी रमजान शाह के खलीफा विजय कुमार जैन जैनुल आबिदीन ने कहा कि सूफियों की दरगाहों पर आने से दिलों को सुकून मिलता है और यही वो जगहें हैं जहां से लगातार मोहब्बत, भाईचारे और सबको साथ लेकर चलने की तालीम मिलती है।

उर्स के आगाज पर कुरआन ख्वानी, गुस्ल, चादर पोशी और गुल पोशी के कार्यक्रम हुए। बहुत बड़ी तादात में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सज्जादा नशीन नूरुल हसन शाह चिश्ती साबरी ने कहा कि यह वो दर है जहां सिर्फ.इंसान से इंसान को मोहब्बत करना सिखाया जाता है।यहां जाति, मजहब, रंग और नस्ल, ऊंच नीच का कोई भेदभाव नहीं होता।सूफी विजय कुमार जैन जैनुल आबिदीन ने कहा कि उर्स में शामिल होने से उन्हें दिल को सुकून तो मिलता ही है।इसी के साथ इंसानियत का वो सबक भी मिलता है जिसमें सिर्फ. भाईचारे की बात होती है।किसी तरह का कोई भेद भाव नहीं होता। दरगाह सागरिया के सज्जादा नशीन मुईजउद्दीन अहमद सागरी ने कहा कि आज के दौर में सूफियों की तालीमात की जितनी जरूरत है उतनी पहले कभी नहीं थी। इस मौके पर मनोज साबरी, सतीश कुमार, उमेश चंदेल साबरी, रूप सिंह साबरी, गायित्री साबरी, शिवानी साबरी, माही देवी, खुशबू साबरी, रेनु बंसल, नजमा बेगम ने भी अपनी बात रखी।कुल शरीफ में कव्वालों ने अपने कलाम पेश किए। इसके बाद लंगर तकसीम किया गया।गौरतलब है कि संडीला का यह एकमात्र ऐसा उर्स है जिसमें बहुत बड़ी संख्या में अन्य धर्मों के लोग भाग लेते हैं।

मुआवजे के नाम पर किसानों से छल कर रही भाजपा सरकार

हरदोई। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा ओलावृष्टि, अतिवृष्टि से हुए फसलों के नुकसान का मुआवजा सरकार व बीमा कम्पनी से दिलाये जाने की मांग को लेकर तहसील में प्रदर्शन कर ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया।जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि ओलावृष्टि, अतिवृष्टि व आंधी के कारण किसानों की गेंहू, आलू, तिलहन, आदि की खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री द्वारा चौबीस घण्टे में नुकसान का मुआवजा दिए जाने के लिए कहा गया था परंतु अभी तक मुआवजा नहीं मिला। राजस्वकर्मियों द्वारा भौतिक सत्यापन कागजों पर ही करके सर्वे की खानापूर्ति कर दी गई।जबकि हकीकत में किसानों की फसलों को 70-80% नुकसान पहुंचा है जिसका भौतिक सत्यापन कोई भी कर सकता है।मगर सरकार व फसल बीमा कम्पनी किसानों के साथ छल कर रहे हैं। शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी ने कहा कि फसल बीमा कम्पनियो ने किसानों से बीमा के नाम पर किश्त तो काट ली मगर अब क्षतिपूर्ति देने में आनाकानी कर रही हैं। जिससे यह स्पष्ट होता है सरकार किसान विरोधी है।

गन्ने के अतिरिक्त पानी को स्वच्छ पीने योग्य बनाएगी गोविंद शुगर मिल

4.40 करोड़ की लागत से लगाये संयंत्र

खमरिया खीरी। गोबिंद शुगर मिल ऐरा ने गन्ने की पेराई के बाद गन्ने से निकलने वाले अतिरिक्त पानी को स्वच्छ व पीने योग्य बनाने के लिए करीब 4.40 करोड़ रुपये खर्च करते हुए पानी को स्वच्छ बनाने का संयत्र लगाया है। जिससे न सिर्फ गन्ने के अतिरिक्त पानी को स्वच्छ पीने योग्य बनाकर उपयोग किया जा सकेगा बल्कि वातावरण को स्वच्छ बनाने में भी सहायक सिद्ध होगा।

गन्ना विशेषग्यों के अनुसार गन्ने में लगभग 70% पानी होता है। और चीनी बनाने के लिए स्टीम से पानी को वाष्पित भी करना पडता है।

जानकारी देते हुए गोविंद शुगर मिल के इकाई प्रमुख आलोक सक्सेना ने बताया कि गोबिंद शुगर मिल में दिल्ली की कंपनी क्ल्लर्ई१ईी ि्ल्ल५१ङ्क ने पानी को स्वच्छ बनाने के लिए लगभग 2.4 करोड़ रुपये से संयत्र की स्थापना की है।

इसके साथ ही लगभग 2 करोड़ रुपये टैंक, नींव आदि अन्य सिविल कार्य में व्यय किया गया है । संयत्र से शुद्धीकृत पानी, मानक के अनुसार पीने के पानी से बेहतर होगा और उच्च तापमान के बायलर में भी सीधे प्रयोग किया जा सकेगा। यह संयत्र अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित है और इसके संचालन में बिजली, कैमिकल आदि पर लगभग 3 लाख रुपये महीना का खर्च आता है। आवश्यकता को देखते हुए मिल द्वारा यह संयंत्र स्थापित किये गए है।जिससे गन्ने के अतिरिक्त पानी का उपयोग किया जा सके।

एसडीएम ने लिया शिव मंदिर का जायजा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू और एसडीएम रत्नाकर मिश्रा ने शिव मंदिर तीर्थ परिषद जाकर तैयारियों का जायजा लिया।

कल महाशिवरात्रि पर्व है। जिसे लेकर तमाम आयोजन होंगे। तैयारी का जायजा लेने के लिए बुधवार को पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू एसडीएम रत्नाकर मिश्र कोतवाल के साथ शिव मंदिर पहुंचे जहां बारीकी से सुरक्षा व्यवस्था के साथ तैयारियों का जायजा लिया और फिर तीर्थ परिसर पहुंचे व्यवस्थाएं देखीं। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पालिका के सफाई कर्मियों को निर्देश भी दिए।इस मौके पर एसआई संदीप कुमार वर्मा, मोहित अवस्थी, कोतवाल इन्द्रजीत यादव, मोहित गिरि आदि मौजूद रहे।

प्रशासन ने किया रूट डायवर्ट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। छोटी काशी में शिवरात्रि के पर्व पर प्रशासन ने गुरूवार की शाम 7 बजे से शुक्रवार की रात 12 बजे तक रूट डायवर्ट कर दिया है। जिसके तहत लखीमपुर की ओर से शाहजहांपुर, खुटार, मोहम्मदी की ओर जाने वाले वाहन नगर के अन्दर आने के बजाय रिलायन्स पेट्रोल पम्प से मोहम्मदी बाईपास से मोहम्मदी, शाहजहांपुर व खुटार की ओर जायेगें। मोहम्मदी की ओर से आने वाले वाहन रिलायन्स पेट्रोल पम्प व मोम्मदी बाईपास से खुटार की ओर जायेंगे।

भाजपा सरकार में महिलाओं को मिला सम्मानः प्रेमावती

हरदोई। नारी सुरक्षा व स्वावलंबन सहित विभिन्न बिंदुओं पर जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत भाजपा पदाधिकारियों द्वारा जिला एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बैठकों का आयोजन कर महिलाओं को उनके अधिकारों तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है।अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती ने सांडी ग्रामीण मंडल के ग्राम जरौली कला तथा क्षेत्रीय महामंत्री अनु मोर्चा अवध क्षेत्र भाजपा पीके वर्मा ने भड़ायल मंडल के ग्राम गुरसण्डा मे पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर, नारी सुरक्षा व स्वावलंबन के क्षेत्र मे महिलाओं की मजबूत स्थिति और मातृशक्तियों के बढ़े सम्मान के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता सशक्त समाज की अनिवार्य शर्त है, जिस समाज में महिला सशक्त होती है उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। महिलाओं के हितों को दृष्टिगत रखते हुए शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य भाजपा सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कर रही है। इसी क्रम मे क्षेत्रीय महामंत्री पीके वर्मा ने आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे प्रारम्भ विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते हुए मातृशक्तियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष सांडी ग्रामीण विजय शंकर द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष भड़ायल पंकज बाजपेई, मंडल महामंत्री संतोष भार्गव, ग्राम प्रधान मोनू सिंह सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी, मातृशक्तियां तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

8 मार्च से शुरू होगा श्याम फाल्गुन महोत्सव

पलियाकलां-खीरी। नगर में हर वर्ष मनाया जाने वाला त्रिदिवसीय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव इस बार 8 मार्च से मनाया जाएगा। इसमें शामिल होने वाले सैकड़ों वि श्याम भक्तों द्वारा जहां रानी सती दादी मंदिर से खाटू श्याम मंदिर पलिया तक प्रथम दिवस फूलों की होली खेलते हुए भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, वहीं 9 मार्च को बाहर से बुलाए गए भजन गायकों द्वारा सायं से श्री श्याम कीर्तन का आयोजन होगा। जबकि 10 मार्च को छप्पन भोग के साथ श्री श्याम भोग भंडारा आयोजित होगा। आयोजक श्री श्याम मित्र मंडल पलिया द्वारा इस संदर्भ में बताया गया कि इस अवसर पर जहां बाबा का भव्य दरबार सजेगा वहीं अखंड ज्योति, इत्र फुहार, भजन वर्षा एवं 56 भोग श्री श्याम भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा।

युवराज दत्त महाविद्यालय में कौशल विकास पर आयोजित हुई कार्यशाला, दिया प्रशिक्षण

लखीमपुर-खीरी। युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कौशल विकास व रोजगार संभावनाओं को दृष्टिगत कौशल विकास पर एक कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय व डिजाइनिंग गेटवे के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

इस कार्यशाला में फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग, फोटोग्राफी, डिजिटल मार्केटिंग, वेब डिजाइनिंग, डेटा एनलिसिस जैसे विषयों में विद्यार्थियों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। डिजाइन गेटवे के निदेशक तरंग सिंघल ने कहा कि कौशल विकास व इसके रोजगार में महत्व को देखते हुए डिजाइनिंग के प्रति नवयुवकों व नवयुवतियों में जागरूकता बढ़ी है और छोटे शहरों में और अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है। युवा व पेशेवर दोनों व स्वयं को अद्यतन रखने व नये कौशलों को सीखने के महत्त्व को सरल व रुचिपूर्ण तरीके से समझाया कि कौशल विकास की क्या आवश्यकता है। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर हेमन्त कुमार पाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति में कौशल विकास पाठ्यकम का हिस्सा भी है और फैशन डिजाइनिंग व इंटीरियर डिजाइनिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग जैसे प्रोफेशनल कोर्सेज विद्यार्थियो को आत्मनिर्भर बनाने व रोजगार के लिए नये अवसर प्रदान करते हैं। डिजाइनिंग गेटवे की टीम की कैरियर सलाहकार अर्पिता वर्मा, ग्राफिक डिजाइनर अर्चना मोहन, फैशन डिजाइनिंग शिखर सक्सेना और जरीन सादिक ने विभिन्न रिकल आधारित कोर्सज को वित्तीय सहायता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस कार्यकम के आयोजन में प्रो. नीलम त्रिवेदी व प्रो. ज्योति पंत की सकिय भूमिका रही। कार्यकम में महाविद्यालय के प्रो. संजय कुमार, प्रो. विशाल द्विवेदी, प्रो. एसके पाण्डेय, डॉ. इष्टविभु प्रो. सत्यनाम, प्रो. मनोज मिश्रा, सतेन्द्र पाल सिंह, डॉ. ओम प्रकाश सिंह, मोहम्मद आमिर, देशराज, विजय प्रताप, बृजेश कुमार, दीपक बाजपेई, मानवेन्द्र यादव, सौरभ कुमार व महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम आयोजित

बेहजम खीरी। बेहजम ब्लाक सभागार में नारी शक्ति वन्दन अभियान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बीना राज भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य राम शंकर राज ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। माननीय लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा लाइव वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में क्षेत्र से आई हुई सम्मानित महिलाओं ने कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर बेहजम खंड विकास अधिकारी श्रद्धा गुप्ता ,खंड शिक्षा अधिकारी देवेश राय सहित कार्यक्रम में उपस्थित।

प्रशासन ने जिले में करवाये 2032 सामूहिक विवाह

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ₹मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना₹ के तहत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जनपद लखीमपुर खीरी में दिसंबर माह में 14, 16 एवं 20 दिसंबर को आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 1003 जोड़ों और जनवरी माह में 1029 जोड़ों का उनके धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत इस वित्तीय वर्ष में कुल 2032 सामूहिक विवाह योजना के लाभार्थी कन्याओं के खाते में भुगतान धनराशि रू. 35 हजार की दर से उनके आनलाईन अंकित बैंक खातों में स्थानान्तरित कर दी गई। वर्तमान में इस योजना के तहत लाभान्वित किसी भी पात्र लाभार्थी कन्या का भुगतान अवशेष नहीं है। बताते चलें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से जिले में जनप्रतिनिधियों एवं अफसर की मौजूदगी में सामूहिक शादी समारोह का पूरी भव्यता केसाथ आयोजन किया गया।

लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) फोन नं0: 0522-2307845, 2307839, 2307833, वेबसाइट "http://www.ldalucknow.co.in"

-: सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यवसायिक / रेन्ट / नजूल / इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण / नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भूखण्ड / भवन / फ्लैट संख्या	योजना का नाम व सेक्टर / खण्ड	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से (मृतक) का संबंध
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 बासदेव लाल श्रीवास्तव	भूखण्ड सं0-794	उदयन-1 रायबरेली रोड शारदा नगर योजना	22.04.2023	1. श्रीमती रेखा श्रीवास्तव 2. नेहा श्रीवास्तव, 3. निधि श्रीवास्तव, 4. शुभम श्रीवास्तव	----	पत्नी, पुत्री, पुत्री, पुत्र
2.	स्व0 श्रीमती रंजना त्रिपाठी (मृतक)	व्यावसायिक भूखण्ड संख्या-CP-3/1	वास्तु खण्ड, गोमती नगर योजना लखनऊ	21.12.2020	श्री कुशाग्र त्रिपाठी	----	पुत्र
3.	श्रीमती नीलम गुलाटी	भवन सं0-एम0डी0-74	कानपुर रोड योजना	21.03.2014	1. श्रीमती मीता गुलाटी	----	पुत्री
4.	श्री आर0के0 कलानी	भवन संख्या-09	आई0टी0 कालोनी	17.05.1980	श्री रोहित आहूजा	सुशीला आहूजा, दीप्ति आहूजा, दिशा भारद्वाज	पुत्री, पुत्रवधू, पौत्री
5.	श्री हफीजुल्ला खान व श्रीमती अजरा हफीज	भूखण्ड संख्या-के-321ए / 319ए	सेक्टर-के आशियाना, कानपुर रोड योजना	01.11.2013 व 22.01.2013	श्री साकिब हफीज	मा0 न्यायालय सिविल जज, (सी0डि0) लखनऊ	पुत्र

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संख्या-116 वर्ष 2019, सी0एन0आर0 नं0 यू0पी0एल0के0 5-000816-2015 प्रकीर्ण वाद संख्या-80 / 2015 साकिब हफीज बनाम जायदार स्व0 हफीजुल्ला एवं श्रीमती सयमा हफीज योजित किया गया। मा0 सिविल जज (सी0डि0), लखनऊ द्वारा पारित आदेश दिनांक 30.08.2019 में यह प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है एवं आपको उक्त (ऋण) प्राप्त करने (ब्याज) लाभान्श परकाम्य करने (हस्तान्तरण) उन प्रतिभूतियों को एकत्र करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

पैसेंजर ट्रेनों के संचालन बढ़ाने की उठी मांग

जौनपुर। औडीहार जौनपुर गाजीपुर रेल प्रखंड पर वर्तमान समय में चल रही सवारी गाड़ियों का फेरा बढ़ाने जाने की मांग क्षेत्रीय जनता में जोर पकड़ने लगी है। सुबह गाजीपुर से चलकर औड़ीहार होते हुए गाजीपुर तक जाने वाली ट्रेन सवारी गाड़ी मध्यांतर गाजीपुर से चलकर औड़ीहार होते जौनपुर पहुंचकर पुनः 6:20 शाम चलकर गाजीपुर की तरफ जाती है दोपहर में जौनपुर से औड़ीहार,गाजीपुर के लिए कोई सवारी गाड़ी नहीं होने से यात्रियों को दिन भर का समय जौनपुर या गाजीपुर में बिताने को मजबूर होना पड़ता है ऐसी स्थिति में बस द्वारा सड़क मार्ग से यात्रा करने वाले यात्रियों को तीन स्थानों की यात्रा के लिए रोज की अपेक्षा देने की साथ रोज की तरह बसों व टेंपो में भरकर यात्रा करने को मजबूर होना पड़ता है सारी गाड़ी का फेरा अप और डायन देने से रोज की आय में भारी वृद्धि होगी वहीं क्षेत्रीय जनता को रोज सफर में भारी सहूलियत भी होगी साथ ही समय की बचत भी होगा जौनपुर से होते केराकत के रास्ते ऑडीयार,मऊ रेल प्रखंड में यात्रा करने के लिए सीधी सवारी गाड़ी सेवा उपलब्ध नहीं होने से स्टेशनों की यात्रा के लिए मिले पैसेंजर को दिनभर ऑडियार जंक्शन पर ट्रेन की परीक्षा करनी पड़ती है रेल विभाग को क्षेत्रीय जनता के उपरोक्त मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर यात्रियों की सुविधा और रेलवे की आय में वृद्धि हेतु शीघ्र सवारी गाड़ियों का संचालन प्रारंभ करना चाहिए।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वंदना सरोज पत्रकार कौशलेंद्र गिरी, विनोद कुमार सिंह, डॉक्टर नंदलाल सरोज, दिलीप कुमार सोनकर के साथ प्रमुख लोगों ने मंत्री और रेल उच्च अधिकारियों से मांग की है।

मछली मारने गये व्यक्ति की मिला नदी में शव

मीरजापुर । थानाराजगढ़ क्षेत्र के पंचशील नदी में मछली मारने गए व्यक्ति का उतराया हुआ शव पाया गया । बताते हैं कि थाना राजगढ़ क्षेत्रान्तर्गत निहरिका निवासी जितेन्द्र धरिकार पुत्र सूर्यमणी धरिकार उम्र करीब-45 वर्ष , जो 03.03.2024 को घर से मछली मारने के लिए निकले थे तथा वापस घर लौट कर नही आए थे । परिजनों द्वारा तलाश करते हुए पंचशील नदी के पास पहुंचे तो नदी में मृतक का शव उतराया हुआ था, जिसे बाहर निकाला गया । घटना की सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारी व थाना राजगढ़ पुलिस बल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई। मृतक के परिजन द्वारा बताया गया उसे मिर्गी आती थी जिसका इलाज चल रहा था ।

छात्र की ट्रक की चपेट में आने से मौत

मीरजापुर। थाना चुनार क्षेत्र के नकहरा पुल के परीक्षा देकर लौट रही छात्रा की ट्रक के चपेट में आने से मौत हो गई। बताते हैं कि रीमा दूबे 21वर्ष पुत्री अजय कुमार दूबे निवासी जलालपुर माफी कैलहट स्थित रामललित सिंह महाविद्यालय में बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा थी। छात्रा परीक्षा देकर दोपहर लगभग 12 बजे साइकिल से घर लौट रही थी। रास्ते में नकहरा पुल के पास पीछे से आ रहे अनाज लदे ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने भग्गल की मड़ई के पास नकहरा मार्ग पर जाम लगा दिया। घटना और जाम की जानकारी मिलते ही कोतवाल नरेन्द्र कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन घटना स्थल पर जिलाधिकारी को बुलाने तथा मुआवजा की मांग पर अड़े रहे। कुछ देर बाद एसडीएम राजेश वर्मा, तहसीलदार योगेन्द्र शरण शाह और पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार सिंह भी पहुंच गए। एसडीएम के समझाने तथा सरकारी सहायता दिलाने के आश्वासन पर शाम करीब पौने चार बजे जाम समाप्त हुआ। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मदरसे का किया निरीक्षण

आजमगढ़। उप्र अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य बख्शीश अहमद वारसी ने मंगलवार मदरसा जामिया नुरुल उलूम मुबारकपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान मदरसे में पढ़ रहें बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछा। नगर क्षेत्र में स्थित मदरसा का निरीक्षण करते हुए मदरसों में पढ़ने वाले अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों से मिले। इसके बाद मदरसे में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर प्रबन्धक सैय्यद जहीन अहमद, प्रधानाचार्य एनुल बसर, शानेआलम, मुहम्मद दाऊद, राहत रफीक, नन्दिता सिंह आदि मौजूद रहे।

तीन परियोजनाओं का राज्य मंत्री ने किया शिलान्यास

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जिले के चौकिया से आरा तक सम्पर्क मार्ग का चौड़ीकरण और सुदर्रीकरण किया जायगा 12 किलोमीटर के इस सड़क मार्ग निर्माण में 19 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च होगा। बुधवार को इस परियोजना का शिलान्यास प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादक ने किया इसके आलावा नाबार्ड आर. आई. डी. एफ...29 योजना के अंतर्गत दो और परियोजना का शिलान्यास किया।

पहली परियोजना सिद्दीकपुर जमुहायी मार्ग राजपत नगर सम्पर्क मार्ग मध्य नाले पर बॉक्स कलवट पहुंच मार्ग का शिलान्यास किया। इस परियोजना के निर्माण में 1 करोड़ 84 लाख रुपए खर्च होगा। दूसरी परियोजना ग्राम सैदपुर गढ़ऊर के मध्य नाले पर बॉक्स कलवर्ट पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस परियोजना में 60 लाख रुपए खर्च होगा। कहा कि आज विकास कि गंगा बह रही है। चारो तरफ सड़को का जाल बिछ गया है. हमारी सरकार हर क्षेत्र में काम किया हैचाहे सड़क हो, विजली हो, ग्रामीण पेयजल हो, गरीबों का आवास हो, आयुष्मान कार्ड हो, डॉ रामसूरत मौर्या, रविंद्र सिंह पूर्व प्रधान , प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव, शरद सिंह, राजकेशर पाल, रविंद्र सिंह राजू दादा, राजकेशर, अमित श्रीवास्तव, अजय सिंह, जितेंद्र सिंह, मनीष श्रीवास्तव, प्रदीप तिवारी, श्यामबाबू यादव जिला पंचायत सदस्य, पुष्पेन्द्र त्यागी, विकास पंडा, विवेक मौर्या, राधे पाल व विकास शर्मा, ब्रमेश शुक्ला आदि लोग उपस्थिति रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लगायी चित्र प्रदर्शनी

- विधायक नगर ने फीता काटकर किया उद्घाटन
- मां विंध्यवासिनी दरबार नारी शक्ति नारी वंदन का दुनिया में सबसे बड़ा स्थान: विधायक

मीरजापुर । नगर के विंध्याचल स्थित रोडवेज परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न प्राथमिकताओं, निमार्णाधीन परियोजना, विकासपरक योजनाएं प्रदर्शित कर जानकारी दी गई है, जिसका नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर विधायक ने कहा कि नारी शक्ति नारी वंदन का प्रधानमंत्री ने बंगाल से उद्घाटन किया।

मां विंध्यवासिनी दरबार नारी शक्ति नारी वंदन का दुनिया में सबसे बड़ा स्थान है । इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदर्शनी यहां लगावाया कि लोग नारी के बारे में जाने नारी हमेशा से पूजनीय रही हैं और रहेंगी। मीरजापुर जनपद में जिलाधिकारी भी नारी हैं और हमारे सांसद भी नारी ही है। इसलिए यहां का जो संदेश जाता है वह पूरी दुनिया में जाता है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि महिला दिवस के शुभ अवसर पर जो आधी आबादी है उसे बहुत-बहुत शुभकामनाएं। इस अवसर पर शासन के द्वारा महिला की सुरक्षा और विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए जो कार्य किया जा रहे हैं, उन सभी की जानकारी लेकर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सभासद सतीश, सभासद प्रतिनिधि रमन सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

पीएम ने शक्ति वंदन के जरिए महिलाओं का बढ़ाया सम्मानः सहजानंद

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। खण्ड विकास सठियांव के सभागार में बुधवार को 12 बजे शक्ति वंदन समापन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित किया। प्रधानमंत्री का सम्बोधन सुनने के लिए स्वयं सहायता की महिलाएं भारी संख्या समारोह में पहुंची थी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय का फूलमाला, अंगवस्त्र एवं प्रतिक चिन्ह भेंटकर ब्लाक प्रमुख पति अरविंद सिंह ने भेंटकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शक्ति वंदन अभियान समापन समारोह का आज तीसरा और अन्तिम चरण पहले चरण में विधान सभा तो आज का पूरे देश में महिलाओं को विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से यह बताया कि महिलाएं आज सशक्त होकर आगे बढ रही है। स्वंय सहायता समूह के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों में सखी बनकर अपना योगदान साझा कर रही है। महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें शक्त को समझने व परखने के प्रति लाइव प्रसारण के माध्यम से परिचित कराया जा रहा है। अन्त में कुछ विशेष वीसी सखियों पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित भी किया। अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी कविता तिवारी व संचालन दुर्गेश सिंह ने किया। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के अलावा मुख्य रुप से ब्लॉक प्रमुख अरबिन्द सिंह, खण्ड विकास अधिकारी कविता तिवारी, जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह, जिला पंचायत सदस्य स्वतंत्र सिंह उर्फ मुन्ना समेंदा, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश सिंह, शिव गोविंद सिंह, लेखाकार निखिल अग्रवाल, एपीओ निर्भय राय, एडीओ पंचायत सुनील कुमार मिश्रा सहित स्वयं सहायता समूह की दीदीया सैकड़ों की संख्या में मौजूद रही ।

भागवत कथा के छठवें दिन सुनायी कुब्जा उद्धार की कथा...

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।भगवान प्रेम और भाव के भूखे हैं।भक्तों ने भगवान को जब जब जिस रूप में चाहा भगवान ने उसे तब तब उसी रूप में दर्शन दिए। भगवान भक्त के जिस बंधन में बंध जाते हैं उसका उसी रूप मैं कल्याण करते हैं। इसका उदाहरण भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं मे कुब्जा उद्धार में देखने को मिलता है। उक्त बातें क्षेत्र के गांव तकिया निगोही स्थिति निगोहेश्वर धाम मे प्रति वर्ष की भांति अरूण कुमार पांडेय द्वारा आयोजित किया जाता हैं जिसमें चल रही भागवत कथा के दौरान कथावाचक आचार्य पं रामबाबू द्विवेदी(मंयक)ने कथा के छठवें दिन कुब्जा उद्धार की कथा सुनाते हुए कही उन्होने कहा भगवान आडंबर और दिखावे के भूखे नहीं है वह तो सच्ची श्रद्धा और प्रेम के भूखे है भक्तों ने भगवान को जिस युग मे जिस रूप जब चाहा तब पाया यह बाते कपोल कलपित नहीं अपितु पुराणों में वर्णित है उन्होंने कुब्जा उद्धार बडे मार्मिक ढंग से सुनाते हुए लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया और बताया। कलिकाल मे मे भी भागवत कथा सुनने से मनुष्य अपने जाने अंजाने मे किये गए पापो से मुक्ति पा सकता है। इस मौके पर धर्मपाल कुशवाहा अंबिका कुशवाहा गोपीशंकर शुक्ला बृजेश सिंह तथा मंदिर के पुजारी विष्णु शंकर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

उर्दू में पढ़ने के लिए दबाव बनाने का आरोपी शिक्षक निलंबित

मीरजापुर। थाना हलिया क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय केवटान बस्ती के उर्दू पढ़ने के लिए दबाव बनाने का आरोपी प्रभारी प्रधानाध्यापक माबूद अहमद को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया। उक्त कार्यवाही विकास खंड छानबे के खंड शिक्षा अधिकारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई। बताते हैं कि प्रभारी प्रधानाध्यापक माबूद अहमद विद्यालय के बच्चों पर उर्दू में पढ़ने का दबाव बनाते थे। ग्रामीणों के अनुसार अध्यापक का कहना था कि उनकी तैनाती उर्दू अध्यापक के पद पर हुई है, इसलिए वे उर्दू में ही काम करेंगे। बच्चों की टीसी आदि भी वे उर्दू में ही जारी करते रहे। अभिलेख भी वे उर्दू में ही बनाते थे। एक ग्रामीण का यह भी आरोप था कि उर्दू में मिली टीसी के चलते उनके बच्चे का किसी और विद्यालय में प्रवेश नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में एक वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने छानबे के खंड शिक्षा अधिकारी राजेश श्रीवास्तव को मौके पर जाकर जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर उन्होंने सभी पक्ष से बात की। इस दौरान उन्हें बताया गया कि विद्यालय में एमडीएम लकड़ी पर बनता है। वहां के सभी अभिलेख भी उर्दू में ही थे। उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक का भी पक्ष सुना। इसके बाद उन्होंने अपनी रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दी। बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उन्होंने बताया कि जांच में प्रथम दृष्टया प्रभारी प्रधानाध्यापक दोषी पाए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

सिकल सेल एनीमिया से जंग लड़ने वाली डॉ. कोमल सम्मानित

गोला गोकर्णनाथ/लखीमपुर। सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ अभियान चला कर जंग लड़ने वाली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदनचौकी में तैनात डॉ0 कोमल कुमारी साहा को राज्यमंत्री समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

डॉ. कोमल कुमारी साहा लखीमपुर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा की पत्नी हैं और वह वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदनचौकी में चिकित्साधिकारी के पद पर तैनात हैं। तैनाती के दौरान से ही थारु जनजाति क्षेत्र चन्दनचौकी में जनजाति क्षेत्र की महिलाओं एवं अन्य की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं को लेकर बडे स्तर पर चिकित्सीय शिविर का आयोजन करके महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इसके साथ मिशन-शक्ति आदि के रुप मे व सिकल सेल एनीमिया की जागरुकता/बचाव, जांच एवं उपचार को बढावा देने में भूमिका रही है। जिससे थारु जनजाति के लोगों को काफी फायदा मिला। जिसकी क्षेत्र के जनता एवं जनप्रतिनिधि द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही थी। डॉ० कोमल कुमारी साहा के सराहनीय कार्य पर राज्यमंत्री समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग द्वारा बापू भवन सचिवालय लखनऊ में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

यूविन एक नेशनल डिजिटल प्लेटफार्म हैः डॉ. अश्वनी

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण की रियल टाईम प्रविष्टि हेतु यूविन पोर्टल प्लेटफार्म विकसित किया गया है। यूविन एक नेशनल डिजिटल प्लेटफार्म है। उक्त के सम्बन्ध में जनपद स्तरीय अधिकारियों , कर्मचारियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होटल आर०एस० ग्रान्ड में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० अश्वनी कुमार ने बताया कि कोविड टीकाकरण को लेकर शुरू किये गये कोविन पोर्टल के तर्ज पर यूविन पोर्टल में बदलाव किये गये है। जहाँ यह यूविन पोर्टल कोल्डचेन से सम्बन्धित जानकारी रखता था वही अब इस पोर्टल के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण सम्बन्धी सारी जानकारियां मिल सकेंगी। पोर्टल शुरू करने का उद्देश्य शत प्रतिशत टीकाकरण में लाभार्थी के अनुसार सूचना एवं देय टीकों की रियल टाईम स्थित प्राप्त करनी है। इस पोर्टल के शुरू होने से लाभार्थी को यह सुविधा होगी कि वह घर बैठे ही टीकाकरण के लिए स्लाट बुक कर सकता है। साथ ही टीकाकरण लगने के बाद का प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर सकेंगे।

कार्यक्रम के संबंध में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (प्रतिरक्षण) डा० गिरधारी लाल ने बताया कि यह प्रशिक्षण लेने के बाद अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारी, बी०पी०एम०, बी०सी०पी०एम० एवं कोल्डचेन हैण्डलर अपने-अपने ब्लाक में ए०एन०एम० व आशा कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने बताया कि यह यूविन पोर्टल की शुरूआत यू०एन०डी०पी० के सहयोग से की गई है। यूविन पार्टल पर 0-5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को लगाये गये टीकों की ऑनलाईन ट्रैकिंग की जायेगी जिससे कि ड्यू लिस्ट के अनुसार टीकाकरण करना आसान होगा। इसके साथ ही यूविन पर प्रसव का विवरण भी दर्ज होगा। उन्होंने बताया कि यूविन पोर्टल या एप को मोबाइल में डाउनलोड कर लाभार्थी स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों को पंजीकृत कर इसका लाभ उठा सकते है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डा० प्रेमनाथ, यूएनडीपी के मण्डलीय प्रोजेक्ट ऑफिसर डॉ. आशुतोष मिश्रा, डब्ल्यूएचओ के एसआरटीएल डॉ. मजूमदार, यूनिसेफ के एसआरसी सरोज राना, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, यूएनडीपी. यूपीटीएसयू के जनपद प्रतिनिधि डब्ल्यूएचओ. यूनिसेफ, यूएनडीपी एवं सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की रात हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 50 हजार ईनाम घोषित बदमाश घायल हो गया। इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने बाइक व असलहा बरामद किया है। पुलिस गिरफ्त में आया अपराधी गाजीपुर जिले का निवासी है और गैंगस्टर के मामले में पिछले दो सालों से वह फरार चल रहा था।जिले की स्वाट टीम को मंगलवार की रात जौनपुर जिले के शाहगंज क्षेत्र से फूलपुर होते हुए गाजीपुर की ओर जाने वाले इनामिया बदमाश के बारे में सूचना मिली और पुलिस सक्रिय हो गई। स्वाट टीम एवं फूलपुर कोतवाली पुलिस संयुक्त रूप से बदमाश की सुरागरशी में जुट गई। रात करीब 12.30 बजे पुलिस ने शाहगंज की ओर से आ रहे बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। पुलिस देखा उसने अपनी बाइक खानजहापुर- सैदपुर मार्ग पर मोड़ा और भागने लगा। अपने पीछे लगी पलिस को देख बाइक सवार सैदपुर मार्ग पर अपनी बाइक फेंक कर पुलिस टीम पर फायर करते हुए पैदल भागने लगा। पुलिस द्वारा आत्मरक्षरत की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और घेरेबंदी कर उसे काबू में कर लिया गया। उसकी पहचान अमित कुमार निषाद उर्फ भैयालाल निवासी ग्राम पटना थाना क्षेत्र खानपुर जिला गाजीपुर के रूप में हुई। उसके कब्जे से बाइक, तमंचा व तीन जिंदा और तीन खोखा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ जिले के आलावा गाजीपुर व वाराणसी में लगभग दर्जन भर संगीन मामले दर्ज हैं। जिले के मेंहनगर थाने में उसके खिलाफ दर्ज गैंगस्टर के मामले में वह दो वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार घायल बदमाश शराब के अवैध कारोबार के लिए कुख्यात रहा है।

शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की सहूलियत को तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

पुरवा-उन्नाव। आगामी महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर आठ मार्च को एसडीएम ने क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है जिससे श्रद्वालुओं को पूजा, अर्चना, जलाभिषेक आदि करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। आगामी 8 मार्च महाशिवरात्रि पर्व पर लगने वाले मेला तथा कावंरियों व भक्तों द्वारा शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के मद्देनजर उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने राजस्व अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी है जिसमें उन्हें तैनाती स्थल निर्धारित समयावधि में कानून व्यवस्था बनाएं रखने व किसी भी प्रकार की असुविधा न होने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें पहली टीम में आशुतोष पाण्डेय नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक रघुनन्दन, लेखपाल दिनेश पटेल व प्रशान्त अवस्थी को कस्बा के मौरावां मार्ग स्थित बिल्लेश्वर मन्दिर में 8 मार्च को प्रातः 05 बजे से रात्रि 12 बजे तक, दूसरी टीम में दुर्गा प्रसाद शुक्ला, लेखपाल राजीव कृष्ण व निशान्त वर्मा को मोतेश्वर मन्दिर मौरावा में, तीसरी टीम में तहसीलदार पुरवा, बृजेश सिंह राजस्व निरीक्षक, लेखपाल संतोष गुप्ता व पंकज सिंह कोभंवरेश्वर मन्दिर बरेन्दामें तथा चौथी टीम में शिवलाल राजस्व निरीक्षक, अरूण लाल राजस्व निरीक्षक, लेखपाल फाजिल अंसारी को नन्देश्वर मन्दिर हिलौलीमें निर्धारित समयावधि में उपस्थित रहकर व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अन्य लेखपालअपने-अपने क्षेत्रों में स्थित शिव मन्दिरों में उपस्थित रहेंगें। एसडीएम रणवीर सिंह ने बताया कि उक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारी अपने क्षेत्र में उपस्थित रहते हुए सम्बन्धित थानाध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर शान्ति व्यवस्था बनाए रखेंगें तथा किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने पर तत्काल अधोहस्ताक्षरी व तहसीलदार पुरवा को अवगत करायेंगें। इसके अतिरिक्त उक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारी उक्त तैनाती स्थल पर उपस्थित रहते हुए राजस्व विभाग व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से फोटोग्राफ भी समय-समय पर भेजते रहेंगे। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

नारी शक्ति वंदन में चलाया पीएम मोदी का लाइव प्रसारण

पाटन, उन्नाव। ब्लॉक मुख्यालय सुमेरपुर में बुधवार को आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाकार्यसमिति सदस्य शत्रुघ्न सिंह ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन भगवन्तनगर आशीष शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी का लाइव प्रसारण एल ई डी के माध्यम से दिखाया गया। चेयरमैन आशीष शुक्ला ने महिला शक्ति को संबोधित करतें हुआ कहा वर्तमान सरकार में अधिकतर योजनाओ में महिलाओं को प्राथमिकता दी गयी है। उज्ज्वला गैस कनेक्शन, राशन, जनधन खाता, बिजली, आवास आदि सभी योजनाओ में महिला को ही प्रमुख बनाया गया है। महिलाएं अब हर क्षेत्र में अपना परचम फहरा रही है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, श्री कांत तिवारी, शांति सिंह, अर्जुन लोधी सहित सैकड़ों महिलाएं समाप्त होने के पश्चात घर के लिए निकल चुकी महिलाओं को पुनः बुलाकर नारी शक्ति वंदन प्रमाण पत्र बाटे।

लक्ष्मी प्रजापति ने जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

नवाबगंज, उन्नाव। जिले के नवाबगंज ब्लॉक के कुंजपुर गांव की रहने वाली लक्ष्मी प्रजापति ने हाल ही में पं. दीनदयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 1500 मीटर और 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपने गांव कुंजपुर माता सुनीता -पिता ब्रजेन्द्र बहादुर गुरु अंकित कुमार और संस्था का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के खेल निदेशालय, लखनऊ और उन्नाव के जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। लक्ष्मी की इस जीत की खबर पूरे जिले में फैल गई है और उन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना मिल रही है। यह लक्ष्मी की लगातार कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण का नतीजा है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरु और संस्था को दिया है, जिन्होंने उन्हें हर कदम पर समर्थन दिया। लक्ष्मी की यह उपलब्धि न केवल उन्नाव जिले, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के युवा एथलीटों के लिए प्रेरणा बन गई है। यह दशार्ता है कि कड़ी मेहनत और लगन से कोई भी हासिल किया जा सकता है।

12 आरोपियों की खंगाली गयी कुंडली, कसेगी नकेल

आजमगढ़। लोकसभा चुनाव से पहले मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने की कवायद में जुटी पुलिस ने अपने सारे तंत्रों को मजबूत करने के साथ ही आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय अपराधियों की नकेल कसने में जुट गई है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने वाहन चोरी एवं शराब के अवैध कारोबार सहित संगठित गैंग बनाकर अपराध करने वाले चार गिरोहों के कुल 12 आरोपियों को पुलिस डायरी में सूचीबद्ध करते हुए उनकी कुंडली खंगालकर इन गैंगों को कोड नंबर आवंटित कर दिया है। पुलिस रिकार्ड के अनुसार अहरौला थाना क्षेत्र के तरकुलहा निवासी हरिश्चन्द्र यादव पुत्र रामजीत यादव के गैंग को भी जनपद स्तर पर आपराधिक गैंग के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। जिसका कोड नंबर डी- 232 होगा। इस गैंग में शैलेश यादव पुत्र राजबहादुर यादव निवासी तरकुलहा, अवधेश यादव उर्फ तुफानी यादव पुत्र हरिवंश यादव निवासी तरकुलहा व चन्द्रेश यादव उर्फ शोलू पुत्र शीतला प्रसाद यादव निवासी तरकुलहा शामिल हैं। वहीं अम्बेडकर नगर जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के करमुल्लापुर निवासी सतेन्द्र यादव उर्फ छोटू पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी करमुल्लापुर गैंग को आपराधिक गैंग के रूप में सूचीबद्ध किया है। जिसका कोड नंबर डी- 231 होगा। इस गैंग में अनुप यादव उर्फ रितीक यादव पुत्र अमर बहादुर यादव निवासी जियरोपुर थाना अहरौला, स्पर्श उर्फ नन्हे पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी शाहपुर चागौना थाना अहरौला, राहुल यादव पुत्र उदयभान यादव निवासी करमुल्लापुर थाना जैतपुर शामिल हैं। इसी क्रम में सरायमीर थाना क्षेत्र के खानकाह निवासी आरोपी अमरजीत यादव उर्फ गुलाब यादव पुत्र मनदेव यादव जो वर्तमान समय में एक संगठित गैंग बनाकर वाहन चोरी जैसे अपराध कारित कर रहा है। इनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए इस गैंग को वाहन चोर गैंग के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। जिसका कोड नंबर डी- 229 होगा। इसके सदस्य सत्यवान उर्फ पिण्टू गौतम पुत्र जुल्मी गौतम निवासी पवई लाडपुर है। इसी क्रम में सरायमीर थाना क्षेत्र के आरोपी सर्वेश उर्फ सोनू जायसवाल पुत्र हरिप्रकाश के गैंग को भी शराब तस्कर के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। जिसका कोड नंबर डी- 230 होगा। इसके सक्रिय सहयोगी अमित यादव पुत्र घनश्याम निवासी नसोरपुर थाना पवई शामिल हैं।

संक्षेप

फार्मासिस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

आगरा। सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज आगरा के मेडिसिन विभाग द्वारा बुधवार को नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत फार्मासिस्ट की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिसिन विभाग में आयोजित किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के फार्मासिस्ट प्रतिभाग किया। एनवीएचसीपी एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है क्योंकि हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी का प्रसार बढ़ता चला जा रहा है जो एक चिंता का विषय है इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है हेपेटाइटिस बी हेपेटाइटिस सी के रोगियों को निशुल्क जांच एवं उपचार उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम को शुभारंभ बुधवार को प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रो. प्रशांत गुप्ता व डॉ प्रोफेसर मृदुल चतुर्वेदी हेड ऑफ डिपार्टमेंट मेडिसिन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन नोडल ऑफिसर, म टी सी, एनवीएचसीपी डॉ सूर्य कमल वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर इंचार्ज जी आई यूनिट, डॉ प्रोफेसर ऐ के निगम, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अजीत सिंह चाहर, एसो. प्रोफेसर डॉ नीतू चौहान, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नेहा आजाद ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये। मेडिकल ओफिसर डॉ पंकज सिंह, ०जूनियर रेजिडेंट डॉ प्रिया और डॉ वीना मिश्रा उपस्थित रहे।

छह से अधिक बच्चों की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

मथुरा। फरह ब्लॉक के नगला दीनदयाल धाम में स्थित पब्लिक स्कूल में बुधवार की दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब यहां एक एक कर दस बच्चों की तबीयत अचानक खराब हो गई। बच्चों की तबीयत बिगड़ने की सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी। जिसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम के अलावा मथुरा से भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

मामला मामला फरह थाना क्षेत्र के पं दीनदयाल धाम गांव का है। यहां एक स्कूल में लंच हुआ। छात्र-छात्राएं स्कूल के पीछे लगे बेर के पेड़ की तरफ पहुंच गए। उससे तोड़कर बेर खाए। कुछ देर बाद आधा दर्जन से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें पेट दर्द और उल्टी होने लगी। सांस लेने में समस्या के साथ घबराहट होने लगी। स्कूल प्रशासन उन्हें लेकर तुरंत फरह सीएचसी पहुंचा। जानकारी होने पर अभिभावक भी सीएचसी पहुंच गए। यहां बच्चों का इलाज किया गया। बताया गया कि जिस पेड़ से बच्चों ने बेर तोड़कर खाए थे, उसमें कीड़े मारने की दवा का छिड़काव किया गया था। सीएचसी प्रभारी रामवीर सिंह ने बताया कि बेर खाने से बच्चों की तबीयत खराब हो गई है। सभी का इलाज किया जा रहा है।

सीएचसी पर किशोरियों को दी गयीं दवाएं

मथुरा। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र ने अवगत कराया है कि बुधवार को विकास खण्ड मथुरा, फरह, गोवर्धन, चौमुहाँ, छाता, नन्दगाँव, बल्देव एवं राया के अंतर्गत सीएचसी में मिशन शक्ति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जनपद की किशोरियों को एनीमिया मुक्त सशक्त बनाने एवं मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारी हेतु एक नई पहल के तहत मिशन सखी के नाम से एक विशेष कार्यक्रम चलाया गया। मिशन सखी अभियान 27 फरवरी से 10 मार्च 2024 तक पूरे जनपद में संचालित होगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 11 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक की किशोरियों की एनीमिया की जांच की गयी तथा उन्हें आयरन फोलिक एसिड की दवाएं वितरित की गयी तथा एक माह पश्चात इसका फॉलो अप भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी और बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों, परिवार नियोजन तथा गुड टच बैड टच की जानकारी भी दी गयी।

आईजीआरएस पोर्टल शिकायत निस्तारण में फिरोजाबाद जनपद को मिली प्रथम रैंक

फिरोजाबाद। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त आमजन की शिकायतों के निस्तारण में जनपद फिरोजाबाद पुलिस ने माह फरवरी में प्रदेश के 75 जनपदों में प्रथम रैंक प्राप्त की है। माह फरवरी में कुल 1769 शिकायतों के प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें सभी प्रार्थना पत्रों का निर्धारित समयावधी में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया है। शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण करते हुए 115 अंकों में से पूरे 115 अंक प्राप्त किए हैं। एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित ने बताया कि उनके द्वारा डिजिटल माध्यम से एसएसपी नगर ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारियों को कनैक्ट कर पुलिस कार्यालय में आए फरियादियों के सामने ही व्हाट्सएप के माध्यम से उनकी समस्या पूछकर सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारी को तत्काल शिकायत भेजी जाती हैं और प्रतिदिन पुलिस कार्यालय टीम द्वारा आवेदकों के पास कॉल कर फीडबैक लिया जाता है। अगर आवेदक संतुष्ट नहीं है तो संबन्धित जाँचकर्ता के विरुद्ध कार्यवाही की जाती है और स्वयं प्रतिदिन निस्तारण की कार्यवाही को मॉनिटर किया जाता है। आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में जिला फिरोजाबाद ने 75 जनपदों के मध्य उप्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद फिरोजाबाद को आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में 115 में से पूरे 115 अंक प्राप्त किए हैं। जनपद फिरोजाबाद में फरवरी 2024 में आईजीआरएस के माध्यम से कुल 1769 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें पुलिस ने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही करते हुए आवेदकों से फीडबैक लेते हुए प्राप्त कुल 1769 शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया। जनपद पुलिस द्वारा प्राप्त सभी शिकायतों पर समयबद्ध कार्यवाही की गयी जिसमें कोई भी प्रार्थना पत्र डिफॉल्टर की श्रेणी में नहीं गया। संदर्भों के मासिक प्राप्ति में 1769 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते हुए जनपद फिरोजाबाद को 10 में 10 अंक, संदर्भों की मार्किंग अग्रसारण में लगे दिवसों में भी 10 में 10 अंक, समस्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण हुआ जिससे कोई भी प्रार्थना पत्र डिफॉल्टर की श्रेणी में नहीं गया जिसमें भी फिरोजाबाद को 20 में से 20 अंक, शिकायतों के निस्तारण के पश्चात आवेदक द्वारा फीडबैक दिया जाता है जिसमें शिकायतकर्ता निस्तारण के मामले में पूर्ण रूप से संतुष्ट है कि नहीं इसमें भी फिरोजाबाद पुलिस को 30 में से 30 अंक मिले, स्वयं के स्तर पर निस्तारित या सी श्रेणी में भी 20 में 20 अंक, सीएमकार्यालय से सी श्रेणी संदर्भ में भी 10 में 10 अंक, उच्चाधिकारियों द्वारा रैंडम श्रेणी क्रम में भी 10 में से 10 अंक व सीएम कार्यालय द्वारा दिए जाने वाले मासिक लक्ष्य में भी जनपद पुलिस को 10 में से पूर्ण 10 अंक प्राप्त हुए।

महिलाओं-बच्चों को संगोष्ठी कर दी कायदे-कानून की जानकारी

फिरोजाबाद। भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के आदेश के क्रम में जनपद फिरोजाबाद में बुधवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन एवं सखी वन स्टॉप सेंटर के समन्वय से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर सप्ताह भर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में "कानून मेरा संरक्षक" इवेंट का आयोजन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद बालिकाएं, महिलाएं एवं पुरुष की मौजूदगी में किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं से संबंधित लैंगिक उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या के बारे में विस्तार से बताया गया। महिला कल्याण विभाग में चल रही महत्वाकांक्षी योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना सखी वन स्टॉप सेंटर एवं महिला हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही योजनाओ सम्बन्धी पेम्प्लेट्स वितरण कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मौजूद महिला कल्याण विभाग से हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन से महिला कल्याण अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा, जिला समन्वयक जेंडर स्पेशलिस्ट मोहिनी शर्मा, सखी वन स्टॉप सेंटर से काउंसलर शिक्षा सारस्वत विधिक सेवा से पी.एल.वी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम एवं पुलिस की टीम मौजूद रही।

मथुरा में हुए हादसों में तीन की हुई मौत

मथुरा। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुये सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना महावन के अंतर्गत एक्सप्रेस वे फ्लाई ओवर के समीप हुए हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। महावन पुलिस के अनुसार दो मार्च को बुलेट चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए गांव नगला रायसिंह, पचावर निवासी 31 वर्षीय रमेश चंद्र को टक्कर मार कर घायल कर दिया था उसे उपचार को भती कराया। वहां उपचार के दौरान मौत हो गयी। दूसरी घटना थाना सदर बाजार क्षेत्र में हुये सड़क हादसे में जमुनापार प्रताप नगर विशाल मैरिज होम निवासी 34 वर्षीय दिलीप सारस्वत पुत्र सुखराम सारस्वत की दर्दनाक मौत हो गयी। तीसरी घटना थाना हाईवे क्षेत्र के पुराना आरटीओ कार्यालय फ्लाई ओवर पर बुधवार दोपहर बाइक सवार 25 वर्षीय अज्ञात युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास का दावा शाही ईदगाह की सीढ़ियों में दबे हैं कृष्णकूप, सुनवाई 13 को

मथुरा। श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में शाही ईदगाह मस्जिद की सीढ़ियों में बने हुए कुंए को कृष्ण कूप होने का दावा किया है। उन्होंने कहा है कि भगवान श्री कृष्ण के प्रपोत्र बज्रनाभ ने इस कुएं का निर्माण कराया था, इस कुएं पर बच्चों के मुंडन और होली के बाद बासोडा के दिन (ब्रज में होली के बाद माता शीतला की पूजा का त्योहार) पर इस कुएं की पूजा का प्रचलन है। गौरतलब हो कि पिछली बार शाही ईदगाह पक्ष के लोगों ने हिंदू पक्ष की महिलाओं के पूजा का विरोध किया था, प्रशासन ने बड़ी मुश्किल से पुलिस फोर्स की तैनाती के बाद कृष्ण कूप पर हिंदुओं को पूजा कराई थी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष की अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा होली का पर्व नजदीक है, और होली के बाद जब बासौढा का त्योहार आएगा तो हिंदू लोग वहां पर पूजा करने के लिए जाएंगे। वहां पर किसी तरह का व्यवधान पैदा ना हो। जैसा पिछली बार हुआ था सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्हें सही तरीके से पूजा का अधिकार दिया जाए। कृष्णकूप के पूजा पर रोक का कोई भी आदेश ना तो प्रशासन की तरफ से है, और ना ही कोर्ट की तरफ से फिर बिना वजह जो प्राचीन काल से परंपरा चली आ रही है उसको मुस्लिम पक्ष रोकने का प्रयास कर रहा है। इसी विषय को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया है और उसमें कृष्णकूप पर पूजा के अधिकार की मांग रखी है। अब शाही ईदगाह मस्जिद की सीढ़ियों में कृष्ण कूप होने का दावा किया है। जिसकी सुनवाई 13 मार्च को होगी।

पुलिस ने हत्या की घटना का किया खुलासा

टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस टीम ने हत्या का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को आलाकत्ल व घटना में प्रयुक्त स्पलेण्डर बाइक सहित गिरफ्तार किया है। दिनांक 25.02.24 को वादिया सुधा देवी पत्नी ब्रजेश कुमार ग्राम खगरई थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद ने थाना टूण्डला में तहरीर दी थी कि दिन में करीब 12 बजे सटरिंग का काम करने के लिये मेरे पति ब्रजेश कुमार उर्फ बाबूजी पुत्र रमेश बाबू निवासी खगरई थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद ले गये थे। शाम करीब 8 बजे सूचना मिली कि पुराने बाईपास से काशीराम कालोनी गढी छत्रपति के जाने वाले रास्ते पर मेरे पति की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी है। उपरोक्त के संबन्ध में थाना टूण्डला पर धारा 302 के तहत केस पंजीकृत किया गया था।

एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के अनवारण हेतु एएसपी नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में कुल 03 टीमों का गठन किया गया था। जिसके क्रम में पुलिस टीमों द्वारा अभियुक्त गण की तलाश व पतारसी सुरागरसी हेतु सैकडों सीसीटीवी कैमरे देखे गये व करीब दो दर्जन लोगों से पूछताछ की गयी तथा सर्विलास टीम द्वारा 500 से अधिक मोबाइल नम्बरों का एनालिसिस किया गया। पुलिस टीम के अथक प्रयास से दो लोगों के नाम प्रकाश में आये। अंततः घटना के अनवारण एवं बाउम्मदगी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि मुकदमा उपरोक्त की घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण रामबाबू व सुमित उसी बाइक से बेंदी की पुलिया की तरफ से पुराने बाइपास होते हुये उसायनी की तरफ आ रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रामबाबू

उर्फ पिंकी पुत्र मान सिंह निवासी हरदासपुर थाना नारखी फिरोजाबाद, सुमित वघेल पुत्र जितेन्द्र वघेल निवासी हरदासपुर थाना नारखी फिरोजाबाद को पुराना बाईपास राजा का ताल से गिरफ्तार किया गया। एएसपी सर्वेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक के अभियुक्त रामबाबू उर्फ पिंकी की पत्नी ममता से शादी से पहले प्रेम सम्बन्ध थे जब अभियुक्त को इस बात की जानकारी मिली तभी से वह बृजेश को ठिकाने लगाने की बात सोचने लगा था इसके बाद उसने पुलिस वाला बनकर बृजेश से दोस्ती कर ली और उसे अपनी पहचान पचवान वाले दीवान जी के नाम से बतायी अभियुक्त रामबाबू और सुमित ने बृजेश को शराब पीने के लिये चलने को कहा और उसे बाइक पर बीच में बिठा लिया जरौली के पास देशी शराब के ठेके पर से शराब लेकर मोटर साइकिल पर बैठकर सुनसान जगह ले गये और वही शराब पीने के दौरान पहले ही हत्या करने के उद्देश्य से लाया गया ट्रक के टायर खोलने का पाना व राड से प्रहार कर बृजेश को मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

आगरा मंडल ने की एनडीआरएफ के साथ आपदा प्रबंधन के लिए समन्वय बैठक

आगरा। तेज प्रकाश अग्रवाल, मंडल रेल प्रबंधक, आगरा की अध्यक्षता में एनडीआरएफ राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के साथ आपदा से निपटने के लिए मंडल कार्यालय के गोवर्धन सभागार में समन्वय बैठक की गयी। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने कहा कि आपदा प्रबंधन का लक्ष्य खतरों को आपदा में बदलने से रोकना और जान-माल के नुकसान को कम करना है। आपदाओं से निपटने के लिए तैयारी करना, प्रभावी प्रतिक्रिया प्रणालियों को लागू करना और आपदा आने पर गोल्डन आवर में बेहतर प्रबंधन से अधिक से अधिक लोगों के जीवन को बचाना ही रेलवे का उद्देश्य होता है। बेहतर प्रबंधन के लिए जरूरी है कि निरंतर बदलती टेक्नोलाजी के दौर में रेलवे का आपदा प्रबंधन टीम के साथ अच्छा तालमेल होना चाहिए और इसके लिए अभ्यास और मीटिंग निरंतर होनी चाहिए। इस मीटिंग में एनडीआरएफ के सहायक कमान्डेंट राजेंद्र जोशी, इंस्पेक्टर संदीप उपाध्याय ने लीड किया। इस मीटिंग में आगरा मंडल के अधिकारियो ने विभिन्न प्रकार के वैगन, कोच और विशेष रूप से एलएचबी कोच के बारे में एनडीआरएफ की टीम को विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी और बताया कि आपदा के समय इस प्रकार के कोच में किस तरह से बचाव कार्य को आसानी से किया जा सकता है।

पुलिस मुठभेड़ में 4 शातिर चोर गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा घरों में घुसकर चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय 04 शातिर चोर पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किए गए जिनके कब्जे से 2 अवैध तमंचा 315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस, दो खोखा कारतूस एवं भारी मात्रा में चोरी का माल बरामद किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में चोरी लूट नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा बीती रात्रि में भूडा नहर पुल पटरी रोड पर चैकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर की सूचना पर भूडा नहर पुल से नहर के किनारे जाने वाली सडक नगला प्रभु के पास बने पुल के पास पहुँचे तो वहाँ पर पहले से खड़े बदमाशों द्वारा पुलिस को अपनी ओर आता देख जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम के ऊपर दो फायर किये। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए बदमाशों को घेरकर 04 अभियुक्तों को पकड लिया गया एवं अन्य दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम जीशान पुत्र मजहर अलीखान निवासी शाही मस्जिद कटरा पठान थाना दक्षिण फिरोजाबाद, आसिफ अली पुत्र शमशेर अलीखां निवासी मौ० कटरा पठान थाना दक्षिण फिरोजाबाद, आरिफ उर्फ छोटे पुत्र मौ० शौकत अली निवासी नाई वाली गली रूकनपुरा मस्जिद के पास थाना शिकोहाबाद, नगीन पुत्र मुन्ना खां निवासी मौ0 मसरूरगंज थाना रसूलपुर फिरोजाबाद बताया वहीं फरार अभियुक्तों के नाम कादिर उर्फ आदिल पुत्र मजहर अली खान निवासी शाही मस्जिद कटरा पठान थाना दक्षिण फिरोजाबाद, शहरौज पुत्र वदरूल रहमान निवासी मौहल्ला गंज थाना दक्षिण फिरोजाबाद बताया पुलिस के अनुसार पकड़े गए शातिर चोर है जो चोरी व नकबजनी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। अभियुक्तों को वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है।

कांग्रेस का प्रदर्शन आज

मथुरा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी राष्ट्रीय सचिव आदरणीय तौकीर आलम के आह्वान पर व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदरणीय अजय राय मंत्री के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में सिविल लाइन स्थित स्टेट बैंक पर धरना प्रदर्शन 7 मार्च सुबह 11:30 बजे किया जाएगा। जिला अध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भाजपा की चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक मानकर रोक लगाई है, और चंदे की जानकारी सार्वजनिक करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी चंदे की जानकारी 6 मार्च से पहले सार्वजनिक करने का भी निर्देश हुआ है। इस फैसले का देशव्यापी स्वागत है, लेकिन भाजपा को इससे असुविधा हो रही है, क्योंकि उन्हें इस योजना के तहत 55% चंदे मिले हैं, जो सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है।

मिस वर्ल्ड इक्वाडोर ने जाना हाथी व भालुओं का हाल

आगरा। मिस वर्ल्ड इक्वाडोर 2024, सैंड्रा अल्वाराडो ने वन्यजीव संरक्षण शिक्षा दौरे के लिए भारत में वाइल्डलाइफ एसओएस के हाथी संरक्षण और देखभाल केंद्र एवं आगरा भालू संरक्षण केंद्र का दौरा किया और एनजीओ की देखरेख में रह रहे हाथी और भालुओं से मुलाकात की। उनका यह दौरा भारत में वन्यजीव संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के संबंध में मशहूर हस्तियों के सहयोग देने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुआ। सैंड्रा अल्वाराडो 23 वर्ष की थी जब उन्हें मिस वर्ल्ड 2024 में इक्वाडोर के आधिकारिक प्रतिनिधि का ताज पहनाया गया था। सैंटो डोमिंगो में जन्मी और पली-बढ़ी सैंड्रा ने पिछले साल वकील के रूप में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। सैंड्रा 'एल रिनकोन डेल फुतुरो' की एम्बेसडर भी हैं, जो एक सामुदायिक संगठन है जिसका मानना ??है कि 'एक्शन गिव्स पॉवर टू आउट वौइस'। संगठन बच्चों के लिए स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाएँ कराता है। अपनी विजिट के दौरान, उन्हें बचाव सुविधा केंद्र में बचाए गए हाथियों के इतिहास को समझने का अवसर मिला। एनजीओ के समर्पित प्रयासों की बदौलत इन हाथियों को दुर्व्यवहार और क्रूरता से मुक्त जीवन जीने का दूसरा मौका मिला है। सैंड्रा ने हाथी के देखभाल विशेषज्ञों और पशु

चिकित्सकों की वाइल्डलाइफ एसओएस टीम के साथ सूचनात्मक सत्रों में भी भाग लिया, जिससे भारत में एशियाई हाथियों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों के बारे में अमूल्य जानकारी प्राप्त हुई। उन्हें बचाए गए हाथियों की चिकित्सा आवश्यकताओं को समझने का भी अवसर मिला। उन्होंने वाइल्डलाइफ एसओएस के रिफ्यूज टू राइड अभियान के बारे में भी जाना, जिसका उद्देश्य भारत में हाथियों की सवारी के आकर्षण के पीछे की काली वास्तविकता के बारे में पर्यटकों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। हाथियों के साथ अपना दिन बिताने के बाद, सैंड्रा ने आगरा भालू संरक्षण केंद्र का दौरा करने में भी रुचि व्यक्त की, जो स्लॉथ भालुओं के लिए दुनिया का सबसे बड़ा पुनर्वास केंद्र है, जहां वर्तमान में लगभग 100 बचाए गए स्लॉथ भालुओं का आवास है। वहाँ उन्हें भारत में क्रूर 'डांसिंग' भालू' व्यापार के बारे में पता चला, और कैसे वाइल्डलाइफ एसओएस ने 400 साल पुरानी बर्बर प्रथा को खतम किया और इन भालूओं को पुनर्वास केंद्र में एक नया जीवन दिया। मिस वर्ल्ड इक्वाडोर, 2024, सैंड्रा अल्वाराडो ने कहा, वाइल्डलाइफ एसओएस हाथी संरक्षण और देखभाल केंद्र और आगरा भालू संरक्षण केंद्र की यात्रा मेरे लिए एक गहरा अनुभव थी। मैं सभी से वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए संस्था के प्रयासों में मदद करने का आग्रह करती हूं। मुझे विश्वास है कि उनका विशेष रूप से लोगों के लिए भारत में हाथियों की काली सच्चाई को समझना बहुत महत्वपूर्ण है। मैं सभी से केंद्र में आने और इस उद्देश्य के लिए दान करने का आग्रह करती हूं।

वाइल्डलाइफ एसओएस की सह-संस्थापक और सचिव, गीता शेषमणि ने कहा, सैंड्रा अल्वाराडो द्वारा हमारे अभयारण्यों का दौरा करना हमारे लिए सम्मान की बात है। वन्यजीव संरक्षण के लिए उनका समर्थन और समर्पण वास्तव में सराहनीय है, उनकी विजिट भारत में एशियाई हाथियों और स्लॉथ भालुओं की दुर्दशा पर प्रकाश डालने में मदद करेगी।

मेडिकल स्टोरों पर छापे दवा के पांच नमूने भरे

मथुरा। औषधि विभाग की टीम ने कोसी में सात मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर पांच दवाओं के नमूने भरे। कार्रवाई से दवा विक्रेताओं में अफरा-तफरी मची रही। कोसीकलां क्षेत्र अक्सर चर्चा में रहता है। बाहरी टीमें आकर भी छापमार कार्रवाई करती हैं। इसी क्रम में मंगलवार को सहायक आयुक्त औषधि आगरा मंडल अतुल उपाध्याय के निर्देशन में गठित टीम ने कोसीकलां में मेडिकल स्टोर चेक किए। आगरा के औषधि निरीक्षक कपिल शर्मा, फिरोजाबाद के देश बंधु विमल एवं मथुरा के औषधि निरीक्षक प्रेम पाठी ने विशाल मेडिकल स्टोर, लक्ष्य मेडिकोज, श्री बांके बिहारी, दीक्षित मेडिकल, कालरा मेडिकल स्टोर, बाला जी एवं गोयल फामेर्सी को को चेक किया। पांच दवाओं के नमूने टीम द्वारा लिए गए। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। मंडलीय टीम द्वारा अचानक की गई कार्रवाई से दवा बाजार में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

प्रकाश बैण्ड में कार्यरत 16 बाल श्रमिकों को बाल श्रम विभाग ने पकड़ा

मथुरा। जनपद मथुरा में बैण्ड के साथ झाल उठाने वाले 16 बाल श्रमिको को लाइट के साथ चिन्हित किया गया। बाल श्रमिको का मुख्य चिकित्साधिकारी मथुरा द्वारा आयु परीक्षण की कार्यवाही अपनायी जा रही है। बाल श्रमिको द्वारा अवगत कराया गया कि वह प्रकाश बैण्ड भरतपुर गेट मथुरा के लिए काम कर रहे हैं। रेस्क्यू टीम में एम एल पाल सहायक श्रमायुक्त, राजेश दीक्षित अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, एस पी पाण्डेय श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं ए एच टी यू प्रभारी कर्मवीर सिंह मौजूद रहे।

डीएम ने की जिला गंगा, पर्यावरण समिति के संग बैठक

- प्रदूषण मुक्त मथुरा बनाने के दिए निर्देश

मथुरा। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक ली। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि समस्त नालों की टैपिंग करे, एटीपी प्लांट को निरंतर संचालित करते हुए सफाई की जाए तथा नालों का पानी यमुना न जाए एहसी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया कि जनपद में प्रदूषण से संबंधित जो कार्य किए जा रहे हैं उनका निरीक्षण करते रहें तथा फैक्ट्री, कम्पनी, फर्म आदि द्वारा प्रदूषण मानकों का शतप्रतिशत पालन सुनिश्चित करवाया जाए। जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्रों से जो अपशिष्ट उठान हो रहा है, उसका समय समय पर निरीक्षण करते रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेडिकल बेस्ट उठाने वाली कम्पनी को निर्देशित किया जाये कूड़ा उठाने वाली सभी गाडियों पर जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगायें तथा कंपनी के कार्यों पर निरंतर निगरानी रखें।

सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध भी करे और इससे पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में नागरिकों को जागरूक किया जाये। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कांस्ट्रक्शन वेस्ट, ई-वेस्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के निस्तारण की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। जनपद में कारखानों, प्लांट एवं फैक्ट्री में प्रदूषण मानकों की जांच निरंतर करते रहे। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ, नगर निगम तथा समस्त ईओ को निर्देश दिए कि सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट का निस्तारण कराए। जिलाधिकारी ने यमुना के किनारे स्थित समस्त गांव एवं घाटों की साफ सफाई के निर्देश दिये तथा वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करे। सॉलिड वेस्ट को ग्राम स्तर पर निस्तारित कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि यमुना जी के किनारे स्थित 67 ग्रामों के नालों का पानी यमुना में नहीं जाना चाहिए। यमुना जी को स्वच्छ रखें। श्री सिंह ने अधिशाषी अधिकारी नगर निगम, नगर पालिका परिषद वनगर पंचायत के अधिकारियों से कहा कि सभी वार्डो में स्वच्छता का विशेष ध्यान दे और कूड़ा का उठान समय से कराते हुए निगरानी भी करे। डीएम ने घाटों पर आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के आयोजन करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएफओ रजनी कांत मित्तल, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र यादव, डीसी मनरेगा विजय पाण्डेय, सिंचाई विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय पिछडा वर्ग आयोग के सदस्य ने बांटे प्रमाण पत्र

मथुरा। जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी विजय लक्ष्मी मौर्या ने अवगत कराया है कि आज 06 मार्च पूर्वाह्न11:30 बजे पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उप्र, लखनऊ द्वारा संचालित ओ-लेवल तथा सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत भुवन भूषण कमल सदस्य राष्ट्रीय पिछडा वर्ग आयोग, दिल्ली, पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, मथुरा, डेवलमेंट टेक्निकल इंस्टीट्यूट के प्रबन्धक की गरिमामयी उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद मथुरा के 40 छात्र-छात्राएं जिन्होनें ओ-लेवल व सीसीसी का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक प्राप्त कर लिया है, को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम से पूर्व राष्ट्री य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल ने पिछड़े वर्गों के हित में चलाई ज ा रही योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीबों और पिछड़े वर्गों की योजनाओं में कोई लापरवाही ना बरते।

विद्यार्थियों को दिलायी मतदान की शपथ

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वावधान में जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यालय पर जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई। जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन द्वारा आज विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए उन्हें मतदान शपथ ग्रहण कराई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग। करेंगे। उन्होंने सभी को जागरूक करते हुए बताया कि प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है, इसलिए कोई भी मत छूटना नहीं चाहिए। सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इसके लिए सभी विद्यार्थी अपने। माता पिता, रिश्तेदारों, ग्रामवासी, नगरवासियों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। शपथ में कु साक्षी यादव, तान्या माथुर, करिश्मा सिंह, निशा कुमारी, वर्षा, खुशी, सागर बाबू, ईशू कुमार, अनुज कश्यप, मोहित सिंह, आर्यन प्रताप आदि उपस्थित रहे।

विपक्ष का सेल्फ गोल

यह कोई पहला मौका नहीं है जब विपक्ष की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमर्यादित कमेंट किया है। इससे पहले गुजरात चुनावों के दौरान मौत का सौदागर, दस शीष वाला रावण, चाय वाला, चौकीदार चोर है जैसे कमेंट किये गये हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हर अपने ऊपर की गयी निजी टिप्पणियों को चुनाव में बड़ा मुद्दा बनाकर विपक्ष को पटखनी देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसके बावजूद जिस तरह विपक्ष प्रधानमंत्री की मुद्दों के आधार पर आलोचना से आगे बढ़ते हुए निजी और अमर्यादित कमेंट पर उतर आता है, उससे तो यही लगता है कि विपक्षी दलों ने इतनी हार के बावजूद अभी कोई सबक नहीं सीखा है। अगर कोई सबक सीखा होता, तो लालू प्रसाद यादव जैसे अनुभवी नेता प्रधानमंत्री मोदी पर 'मोदी का कोई परिवार नहीं है' या 'मोदी हिन्दू नहीं है', जैसे अमर्यादित कमेंट नहीं करते। लालू प्रसाद यादव ने मोदी पर यह टिप्पणी बीते रविवार को पटना के गांधी मैदान में आयोजित जन विश्वास महारैली में की। जिस मंच से बोलते हुए लालू यादव ने मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी की उस मंच पर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल खरगे, राहुल गांधी, सीपीआईएम नेता सीताराम येचुरी, सीपीआई नेता डी राजा जैसे बड़े नेता मौजूद थे। इसके बावजूद किसी ने इस पर खेद व्यक्त करने या कम से कम अमर्यादित शब्दों को वापस लेने की जरूरत भी नहीं महसूस की। कुल मिलाकर विपक्ष ने एक बार फिर प्रधानमंत्री को एक मुद्दा दे दिया और अगले ही दिन भाजपा और उसके अनेक सहयोगियों ने 'मोदी का परिवार' कैंपेन शुरू कर दिया। चुनाव आयोग पूर्व में और इस बार भी नेताओं को सख्त हिदायत दे चुका है कि वे किसी की जाति, धर्म, भाषा पर अनावश्यक कमेंट न करें और न ही इसके आधार पर वोट मांगे। इसी तरह कुछ नेताओं को भी चुनाव आयोग ने सलाह और चेतावनी पूर्व में दी है, कुछ नेताओं को चुनाव प्रचार से रोका भी है। इसके बावजूद नेता हैं कि मानते ही नहीं। लालू प्रसाद यादव की पहचान एक 'सियासी मसखरे' की रही है। उनके भाषणों को सुनकर लोग हंसते हैं, मनोरंजन करते हैं, लेकिन उनको गंभीरता से लेने वाले बिहार के बाहर बहुत कम लोग हैं। हां उन्होंने एक सियासी समीकरण बनाया है जिसको उनके ही पुत्र तेजस्वी यादव 'माई-बाप' पार्टी कहते हैं। ऐसे माई-बाप समीकरण से न तो देश का भला होने वाला है और न ही किसी राज्य का। स्वयं लालू प्रसाद यादव ने अपने शासन के दौरान बिहार का क्या हाल किया था यह पूरा देश जानता है। इसलिए नेताओं को चुनाव के दौरान मुद्दों पर बात करनी चाहिए। मुद्दों के आधार पर अपने प्रतिद्वंदी की आलोचना या सराहना करनी चाहिए। निजी टिप्पणियों व अमर्यादित शब्दों से बचना चाहिए ताकि देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया चुनाव गौरवपूर्ण तरीके पूरी सम्पन्न हो। वैसे लालू प्रसाद द्वारा की गई टिप्पणी हताशा को दर्शाती है। नरेन्द्र मोदी परिवारवाद की राजनीति के घोर विरोधी हैं। परिवारवाद की राजनीति को ही आधार बनाकर मोदी अपने विरोधियों को हमेशा कटघरे में खड़ा करते हैं। जहां तक परिवार की बात है, तो मां के प्रति उनके भावों को उनके मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के दौरान हुईं मुलाकातों से संबंधित वीडियो को देखकर भलीभांति समझा जा सकता है। इस बारे में कुछ कहने या बताने की जरूरत नहीं। अपने भाइयों व अन्य रिश्तेदारों को उन्होंने अन्य नेताओं की तरह कोई राजनीतिक ओहदा या लाभ नहीं दिया। मोदी का परिवार आज भी सामान्य नागरिक की तरह रहते हैं। इससे मोदी की छवि एक ऐसे नेता की बनी है जो देश के लिए जीता है। मोदी की यही छवि विरोधियों को परेशान करती है।

परिवारवाद की सियासत में मोदी की छवि ऐसे नेता की है जो देश के लिए जीता है, मोदी की यही छवि उनके विरोधियों को परेशान करती है।

रिश्वतखोरी के लिए कोई विशेषाधिकार नहीं

लोकमित्र

सांसद हों या विधायक अगर किसी ने रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या कोई सवाल पूछा तो ऐसे लोगों को संविधान के आर्टिकल 105 (2) और 194 (2) के तहत हासिल 'विशेषाधिकार' छिन जायेगा या इसका उन्हें लाभ नहीं मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने गुजरे 4 मार्च 2024 को, 25 साल पहले दिए गए अपने ही एक पुराने फैसले को पलट दिया। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस ए एस बोपन्ना, जस्टिस एम एम सुंदरेश, जस्टिस पी एस नरसिम्हा, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस मनोज मिश्रा की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने कहा- हम 1998 में पीवी नरसिम्हा राव मामले में दिए गए उस फैसले से सहमत नहीं हैं, जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी।

गौरतलब है कि साल 1998 में पांच जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने 3:2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में भी जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। तब देश की सबसे बड़ी अदालत का तर्क था कि संसद और विधानसभा के अंदर इसके सदस्यों पर कोई एक्शन लेने का अधिकार इनके अध्यक्षों का है। लेकिन मौजूदा चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने ही कोर्ट द्वारा दिए गए इस फैसले को स्वीकार करने योग्य नहीं पाया। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय के जजों के सामूहिक वक्तव्य में कहा गया है कि अगर कोई जनप्रतिनिधि रिश्वत लेता है, तो उस पर उसी समय केस बन जाता है, यह बात मायने नहीं रखती कि उसने वोट दिया या नहीं या कि इस संबंध में कोई स्पीच दी या नहीं दी। जजों ने अपने सामूहिक और एकमत निर्णय में बहुत स्पष्टता से कहा कि सदन के अंदर बहस और विचार विमर्श का माहौल बनाये रखना लोकतंत्र की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसे में अगर जनप्रतिनिधियों को संविधान के अनुच्छेद 105 या 194 के तहत विशेषाधिकार दिए जाते हैं तो इसका मतलब यह होगा कि उन्हें रिश्वतखोरी के लिए छूट दी जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने बिना किसी लाग लपटे के कहा, 'रिश्वत खोरी के लिए कोई विशेषाधिकार नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले में बार बार इस बात पर जोर दिया गया है कि सदन के अंदर बहस और विचार विमर्श का माहौल हर हाल में बनाये रखना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को ऐतिहासिक और मौजूदा राजनीति के लिए बहुत जरूरी बताया है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से राजनीति में स्वच्छता आयेगी और देश के आम लोगों का राजनीतिक व्यवस्था पर विश्वास गहरा होगा।

सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला

सुप्रीम कोर्ट के सामने वास्तव में यह मामला इसलिए आया था क्योंकि झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक विधायक ने 1998 में सुप्रीम कोर्ट के आये इस फैसले को अपने बचाव के लिए दलील के रूप में इस्तेमाल करना चाह रही थीं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन झारखंड के जामा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार साल 2009 में विधायक बनी थीं और मौजूदा समय में भी वह यहां से विधायक हैं। शिबू सोरेन के बड़े बेटे दुर्गा सोरेन की पत्नी पर साल 2012 में राज्यसभा चुनावों के दौरान एक उम्मीदवार को वोट देने के बदले में रिश्वत लेने का आरोप लगा था। साल 2014 में झारखंड उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उनके खिलाफ दायर मामले को रद्द करने से इंकार कर दिया था, इस पर सीता सोरेन ने उसी साल सर्वोच्च न्यायालय में अपील की थी कि 1998 के पीवी नरसिम्हा राव केस के निर्णय में सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और अनुच्छेद 194 (2) में सांसदों और विधायकों को संवैधानिक इम्यूनिटी या कहें कि प्रोटेक्शन मिला हुआ है।

वर्तमान में मुश्किलों से गुजर रहे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी अपील में यह भी कहा कि संविधान के दस्तावेज देश का शीर्ष दस्तावेज है। इसलिए अक्षरशः यह सही है और इसका पालन होना चाहिए। कुल मिलाकर सीता सोरेन ने पीवी नरसिम्हा राव पर चले मुकदमे का उदाहरण पेश करके सुप्रीम कोर्ट से उन्हें स्थायी राहत दिलवाने की बात कही थी यानी वह चाहती थी कि सुप्रीम कोर्ट फैसला दे दे कि किसी विधायक या सांसद के सदन के भीतर के आचरण पर कोई कानूनी कार्रवाई या मुकदमा नहीं चल सकता। लेकिन जैसा कि शुरू में ही कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को मानने से मना कर दिया है, जिसका मतलब यह है कि अब सीता सोरने के विरूद्ध मुकदमा चलेगा और उन्हें उसमें हाजिर होना पड़ेगा। गौरतलब है कि सीता सोरेन को इस मामले में मार्च 2019 में तब राहत मिल गई थी, जब मामले की सुनवाई करते हुए तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई, जस्टिस अब्दुल नजीर और जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने कहा था कि 1998 के पीवी नरसिम्हा राव केस में दिया गया सुप्रीम कोर्ट का फैसला सीधे ऐसे मामले से जुड़ा था। हालांकि इस पीठ ने इस बात की भी नोटिस ली कि 1998 का फैसला बहुत मामूली अंतर से (3:2) अपने निर्णय पर पहुंचा था। इसलिए 2019 की संविधान पीठ ने इस मामले में यह नोट लगाया था कि यह मुद्दा ह्यपर्याप्त सार्वजनिक महत्वह्न का है। इसलिए इसे बड़ी बेंच को भेजा जाना चाहिए, उसके बाद ही इसे सात जजों वाली बेंच के पास भेजा गया।

पिछले साल सितंबर 2023 में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया चंद्रचूड़ की अगुवाई वाले पांच जजों की बेंच ने इस केस के तीन अहम पहलुओं का जिक्र किया और कहा कि इन पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता थी, इसलिए उन्होंने इसे सात न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया, जिनका जिक्र हमने इस लेख की शुरूआत में किया है। सीजीआई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने तब पाया था कि अनुच्छेद 194 (2) और 105 (2) का मकसद विधायकों को प्रतिशोध के डर के बिना वोट डालने की अनुमति देना था, न कि उन्हें आपराधिक कानून के उलंघन से बचाना था। दूसरी बात यह भी नोट की गई कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव केस में न्यायमूर्ति एससी अग्रवाल की असहमति महत्वपूर्ण थी, इसे ध्यान में रखा गया और तीसरा जो महत्वपूर्ण बिंदु इस निर्णय में शामिल था, वह यह था कि क्या रिश्वत का अपराध तभी माना जायेगा जब रिश्वत का भुगतान हो जायेगा या जब रिश्वत लेकर विधायक उसके बदले फेवर ले लेगा? वास्तव में यह एक ऐसा मामला था जो सर्वोच्च न्यायालय की साख पर बट्टे की तरह था। क्योंकि जब सांसदों और विधायकों को सदन के अंदर ऐसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, तो सदन के बाहर भी अपराधों के प्रति लोगों का रवैय्या उपेक्षापूर्ण हो जाता है।

> वास्तव में यह एक ऐसा मामला था जो सर्वोच्च न्यायालय की साख पर बट्टे की तरह था। क्योंकि जब सांसदों और विधायकों को सदन के अंदर ऐसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, तो सदन के बाहर भी अपराधों के प्रति लोगों का रवैय्या उपेक्षापूर्ण हो जाता है।

सोशल मीडिया

नीति आयोग की रिपोर्ट में देश के 144 आकांक्षी जिलों में जमुई को प्रथम स्थान मिलना गर्व की बात है। कल्याणकारी योजनाओं को तेजी से लागू करने से उपलब्धि मिली। चिराग पासवान.

मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत निर्माण का संकल्प लेकर भाजपा हर देश वासी को अपने साथ लाने के अभियान में जुट गयी है। सुधांशु त्रिवेदी.

मैं केरल के वरिष्ठ नेता श्री पीसी जॉर्ज, शॉन जॉर्ज जी और उनकी पार्टी जनपक्षम सेक्युलर के सदस्यों के साथ भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत करता हूं। -जेपी नड्डा.

श्रद्धा का उत्कृष्ट रूप

सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है। सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है।

अंतर्दृष्टि

घर फूंक तमाशा देखने वाले...

साहित्य में जो लोग घर फूँक कर तमाशा देखा करते थे, पता नहीं आज वे लोग कहाँ गये। दरअसल वे असली साहित्यकार लोग थे। नाक-नक्शे में तो ये लोग हमारी ही तरह थे, परन्तु इनकी मुद्रा गम्भीर तथा स्वभाव के ये चिड़चिड़े हुआ करते थे। ये लोग थे तो लेखक ही परन्तु लिखते कम और बोलते ज्यादा थे। लिखने के बाद ये लोग अपनी रचनाओं को बाँधकर सोने के पलंग के नीचे रख देते थे। प्रकाशन के लिए उन दिनों लघु पत्रिकाएँ निकला करती थीं। ये असली साहित्यकार ही इन्हें निकाला करते थे। घर के जेवर या वेतन से वे इन पत्रिकाओं का अनियतकालिक प्रकाशन जारी रखते थे। इनमें उनके ही जैसे खुरदरे और चिड़चिड़े लोगों की रचनाओं का प्रकाशन हुआ करता था। ये लोग अपने को साहित्य का नियंता व नियामक माना करते थे, साहित्य की नींव इन्हीं पर टिकी हुई थी। वे बड़ी व्यवहारिक पत्रिकाओं में लिखने वाले लेखकों को व्यावसायिक माना करते थे तथा उन्हें हेय दृष्टि से देखा करते थे। जो लोग साहित्यिक लघु पत्रिकाओं का प्रकाशन किया करते थे, वे सम्पादक व साहित्यकार दोनों हुआ करते थे। वे सेठों से चंदा भी अपने पत्रों को चलाने के लिये लिया करते थे। सेठ उन्हें निरीह, असहाय तथा गिरा हुआ समझकर दयाभाव से विज्ञापन रूप में कुछ आर्थिक सहयोग देकर उपकृत कर दिया करते थे। ये अपने लेखन में पूँजीपतियों की धज्जियाँ उड़ाते तथा सर्वहारा के संघर्ष की बात पर जोर देते थे। इसलिए ये लोग जुझारू रूप में भी जाने गये। सेठ यह जानते हुए भी कि इन लघु-पत्रिकाओं के प्रकाशक उन्हें गालियाँ देते हैं, उसके बाद भी अपना सहयोग जारी रखते थे। वह इसलिए कि ये पत्रिकाएँ केवल कुछ सौ की संख्या में हुआ करती थीं तथा उन्हीं के बहुत छोटे दायरे में मात्र असली साहित्यकारों में ही पढ़ी जाती थीं। आम आदमी तक उनकी पहुँच नहीं थी और यदि वह साहित्य आम आदमी तक पहुँच भी जाता था, तो वह समझ नहीं पाता था। अतः उसकी उपादेयता मात्र लेखक समुदाय के मध्य ही मानी जाती थी। व्यावसायिक लेखक इन पत्रिकाओं को देखकर उस समय हँसा करते थे। उन्हें हँसता देखकर वे लोग दाँत पीसते थे तथा वे उनके कोप के भाजन हो जाया करते थे। वे उनके खिलाफ अपनी लघु-पत्रिकाओं में सम्पादकीय लिखते तथा व्यावसायिक एवं साहित्यिक लेखन की बाँट बनाये रखते थे। इससे उनका एक वर्ग व ग्रुप भी बना रहता था। वे लोग धुन के पक्के तथा इरादों को साकार करने वाले थे। उनके घरों में चाहे खाद्यान्न का संकट हो या बच्चों की हालत विपन्न हो, परन्तु वे लोग साहित्य के लिये मर मिटा करते थे।

व्यंग्यलोक

पूरन सरमा

वक्त आ गया है, धरती को जीवित इंसान माना जायें..

पर्यावरण

ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से इंसान को निपटना है और दिन पर दिन बेतहाशा बढ़ रही गर्मी पर लगाम लगानी है तो वक्त आ गया है कि पृथ्वी को एक जीवित इंसान की तरह माना जाये और उसके साथ वैसा ही बर्ताव किया जाए। गुजरे 1 मार्च 2024 को केन्या की राजधानी नैरोबी में सम्पन्न हुई संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा के छठवें संस्करण में जो एक मंत्रिस्तरीय घोषणा पर सहमति हुई है, उसमें मूल सहमति यूं तो 17 संकल्पों और निणार्यों पर है, लेकिन सबका सार यही है कि वक्त आ गया है कि अब हम धरती को जीवित इंसान मानें। दरअसल पर्यावरणविद् इस बात को बड़ी गहराई से समझ रहे हैं कि धरती में चारों तरफ जिस तरह रसायनों व कूड़े कचरे का साम्राज्य है, अब हमें उसके प्रति बिना देर किए चिंतित होना पड़ेगा। यही नहीं चिंता का विषय जरूरत से ज्यादा खाना और चीजों का बेतहाशा उपभोग भी है। अगर धरती के लोग अपनी इस लालची प्रवृत्ति को नहीं छोड़ेंगे तो तमाम कोशिशों के बाद भी धरती के बिगड़ते पर्यावरण को रोक पाना संभव नहीं होगा। इसलिए 182 देशों के 7000 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने जिनमें 170 से अधिक मंत्री थे, इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अब धरती को जीवित इंसान मानकर बर्ताव किए जाएं। इस सभा में शिरकत करने वालों ने साफ तौरपर कहा कि टिकाऊ जीवन शैली को बढ़ाव देने से लेकर रसायनों और अपशिष्ट पदार्थों व रेत व धूल भरी आंधियों के सक्षम प्रबंधन पर अब बिना देर किए जुट जाना होगा।

दुनिया में इस समय जितनी आबादी है, उसके आदर्श उपभोग के कई गुना ज्यादा चीजों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें भी बड़ी विडंबना यह है कि कुछ लोग जरूरत से कई गुना ज्यादा चीजों का इस्तेमाल कर रहे हैं और बाकी लोग जरूरत से कम चीजें पा रहे हैं। मतलब यह कि एक तरफ धरती का सीना फटा जा रहा है, इतना ज्यादा उपभोग किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ दुनिया के दो तिहाई लोग या तो भूखे रहते हैं या अपनी भूख से खाने को कम पा रहे हैं। यह स्थिति अच्छी नहीं है। यह असंतुलन धरती को और ज्यादा नरक बना रहा है। एक तरफ जहां पर्यावरणविदों का मानना है कि अत्यधिक खपत पर लगाम लगे, वहीं दूसरी तरफ इस बात पर भी जोर दिया जा रहा है कि उपभोग के लिए लोगों के बीच बेहतर वितरण की व्यवस्था हो। कुछ लोगों को कम और कुछ लोगों को बहुत ज्यादा न मिले। लेकिन यह इतना जटिल सवाल है कि इस पर कैसे व्यवहारिक सफलता पायी जा सकती है, कोई नहीं जानता। बहरहाल संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की कार्यकारिक निदेशक इंगर एंडरसन ने इस सभा के समापन सत्र को संबोधित करते हुए माना कि दुनिया की कार्यवाई, उसकी गति, उसकी वास्तविकता और उसके स्थायी परिवर्तन में जरूरी बदलाव की आवश्यकता है। अगर इस सूत्रवाक्य को खोलें तो इसका मतलब है कि एंडरसन कह रही हैं कि जिन योजनाओं पर बात हो, उन पर वाकई काम भी हो, जिस रफ्तार की जरूरत है, उस रफ्तार से काम हो और हकीकत में यह सब हो ताकि परिवर्तन संभव बनें, सिर्फ बातों से कुछ नहीं होना। यूएन उपमहासचिव आमिना जे मोहम्मद के मुताबिक एक ऐसे समय में जब दुनिया प्रदूषण, जैव विविधता के संकट और जलवायु परिवर्तन के कहर से गुजर रही है, तब भी अगर हम धरती को बचाने के लिए अपने प्रयासों में गति और ईमानदारी नहीं लाएंगे, तो फिर यह सब कब करेंगे? अफ्रीकी संघ के एजेंडा 2063 और सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा था, इसके 17 लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए यूएनईए-6 में जो विस्तृत और जज्बाती विमर्श हुआ है, उससे साबित होता है कि धरती के लोग अब धरती की पीड़ा का वास्तविकता में एहसास करने लगे हैं। लेकिन यह बात सच तब मानी जायेगी, जब दुनिया को इस तिहरे संकट से बचाने के लिए लोग वास्तव में काम करते दिखेंगे, सिर्फ बातें नहीं। साल 2012 में अपने स्थापना के बाद से यूएनईए-6 ने पहली बार इतने स्पष्ट और निर्णायक निर्णय लेने की बात कही है। कोई ऐसा सम्मेलन, कोई ऐसी बैठक ऐसी नहीं गुजरी जब धरती के पर्यावरण को लेकर चिंता न व्यक्त की गई हो। लेकिन जिस तरह से इस बार पूरी स्पष्टता के साथ चीजों को रखा गया है और आर या पार के अंदाज में लोगों से फैसला करने को कहा गया है, वह अब के पहले कभी नहीं हुआ। अगर अब भी चीजें नहीं बदलती तो बहुत डरावनी स्थिति पैदा हो सकती है। वास्तव में यूएनईए-6 की जारी रिपोर्ट में इस बात को भी स्पष्ट किया गया है कि धनी देश, कम आय वाले देशों की तुलना में 6 गुना से ज्यादा संसाधनों का उपभोग करते हैं।

विचार

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।
-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।
-वाल्टेयर.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।
-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।
-गेटे.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।
-रूसो.

आपकी बात

जरूरी है कानून का डर

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है उसमें एक सभ्य परिवार के पुरुषों को अपने ही घर में, अपने ही मां, बहन व बेटियों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। कुछ गुंडों, अपराधियों के कारण पूरा पुरुष समाज शर्मिंदगी का दंश झेलने के लिए अभिशप्त है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? रेप पर फांसी की सजाएं भी दी जा रही हैं लेकिन अपराधी इतने डीठ हो गये हैं कि उनके मन में दहशत का भाव कभी आता ही नहीं है। हैदराबाद में एनकाउंटर कांड के बाद जिस तरह से देश में हर्ष का माहौल देखने को मिला वह दरअसल न्याय न मिलने की कुंठा ही थी। अन्यथा ऐसे न्याय को कौन बर्दाश्त करता। हाथरस, उन्नाव, अमेठी की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में अभी भी कानून का डर नहीं है।

मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.

सरकारी योजनाओं का लाभ

प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है। सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नहीं है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बहुत सी खामियां सामने आयेंगी। अस्पताल अनेक गड़बड़ियां करेंगे। फर्जी बिल बाउचर से भुगतान लेने की घटनाएं सामने आयेंगी, जैसा कि सरकारी कामों में होता है। बहुत से पात्र योजना में छूट जायेंगे और अपात्र लाभान्वित होंगे। इन तमाम तथ्यों के बावजूद भी सरकार कोई सत्यापन करने के बजाय यों ही योजना लागू कर देती है।

प्रमोद कुमार वर्मा, बाराबंकी.

संक्षेप

विवाहिता ने की आत्महत्या

बांदा। विवाहित महिला ने पक्के कमरे के अंदर मंगलवार की देर रात साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव के लोगों ने बताया कि शाम किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। कालिंजर थाना क्षेत्र के बिलखरिन खंदेवरा गांव निवासी मुन्नी लाल यादव की पुत्री आरती 20 करतल चैकी की सीमा से जुड़े थाना धरमपुर अंतर्गत अचुलिया गांव में कोमल यादव के साथ शादी हुई थी। बीती 8 मई को शादी हुई थी एक वर्ष भी नहीं बीते कि घटना हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक शाम को लड़ाई झगड़ा हुआ था लेकिन कारण की जानकारी नहीं है। ससुराली जनों के मुताबिक शाम को सभी लोग खाना खाकर सो गए थे सुबह जागने के बाद तलाश की गई तो शव कमरे में लोहे की राड से लटकता मिला। मायके पक्ष व पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौका मुआयना करने के पश्चात शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल पन्ना भेजा है। घटना का निरीक्षण अजयगढ़ एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया ने भी किया जबकि मृतक आरती के भाई रज्जू यादव ने बताया कि कम दहेज मिलने को लेकर ससुराली जन आए दिन प्रताड़ित करते थे। आरोप लगाया कि बहन को मार कर टांगा दिया गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद तहरीर देंगे। धरमपुर पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

महिला से मारपीट करने का आरोप

ललितपुर। थाना पाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम निवाई निवासी ऊषा पत्नी छोटेलाल कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 मार्च को रात करीब 8.30 बजे वह अपने घर के बाहर आग जलाकर अपनी बेटी नैन्सी के साथ बैठी हुयी थी। तभी गांव में रहने वाला मुन्नालाल व जवाहर पुत्रगण रामसेवक व रामसेवक पुत्र गोरेलाल कुशवाहा नशे में धुत होकर आये व मुन्नालाल ने पैर से आग को फैला दिया, जिससे आग के छींटे उसकी बेटी पर आ गये। इसबात का उलाहना देने पर उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुये उसके साथ लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

संविदा सफाई कर्मियों ने नपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

ललितपुर। नगर पालिका परिषद में संविदा पर तैनात सफाई कर्मचारियों का बकाया एरियर भुगतान कराये जाने की मांग को लेकर बुधवार को कर्मचारियों ने नपाध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए संविदा सफाई कर्मचारियों ने बताया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार संविदा सफाई कर्मचारियों को उनके अधिकार देने के लिए कटिबद्ध है। नपाध्यक्ष ने संविदा सफाई कर्मियों को जल्द ही एरियर का भुगतान कराये जाने के लिए आश्वस्त किया। ज्ञापन देते समय राहुल, अशोक कप्तान, महेश कुमार, अजय कुमार, अमार, मनोज, कुंजबिहारी आदि मौजूद रहे।

डीएमसीईई कमेटी की बैठक आज

ललितपुर। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह ने अवगत कराया है कि डीएमसीईई कमेटी की बैठक मार्च 2024 के प्रथम सप्ताह की बैठक 7 मार्च 2024 में प्रतिभाग किये जाने का आवाहन किया गया है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए जनपद स्तर पर गठित डीएमसीईई कमेटी की माह मार्च के प्रथम सप्ताह की जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 7 मार्च 2024 को शाम करीब 4 बजे जिलाधिकारी सभागार में बैठक आहूत की गयी है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से बैठक में प्रतिभाग करने का आवाहन किया है।

विधानसभा वार अधिकारी नियुक्त

ललितपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के पत्र का हवाला देते हुये जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि आयोग द्वारा युवा मतदाताओं के पंजीकरण के सम्बन्ध में शैक्षिक संस्थाओं में एक डेडीकेटिड सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति किये जाने के लिए आदेशित किया है। आदेश को लेकर उन्होंने 226 जखौरा को एवं 227 महरौनी राजकुमार पुरोहित को तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया गया है।

पति की गोली मारकर की हत्या

जिला संवाददाता

बरेली। बारादरी थाना क्षेत्र में एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने पति की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। इससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इसके साथ ही आरोपी पत्नी को हिरासत में ले लिया। उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि पति पत्नी में 18 हजार रुपए की चोरी को लेकर झगड़ा

- पुलिस ने आरोपी महिला को लिया हिरासत में
- 18 हजार रुपए को लेकर हुआ विवाद

हुआ था। यह झगड़ा काफी बढ़ गया, और पत्नी ने गोली मारकर पति की जान ले ली। बरेली देहात के भुता थाना क्षेत्र के मिजापुर गांव निवासी नरेंद्र कुमार सिंह (40 वर्ष) की शादी वर्ष 2000 में पूनम के साथ हुई थी। वह पिछले 15 साल से शहर के बारादरी थाना क्षेत्र के हरुनगला में दो बेटों के साथ रह रहे थे। पूनम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है, जबकि नरेंद्र पवन विहार कॉलोनी में स्थित एक सीए ऑफिस में नौकरी करता था।

पति पत्नी में अक्सर होता था विवाद

पोस्टमार्टम हाउस पर नरेंद्र के पिता राम कृष्ण ने मीडिया को बताया कि बेटे-बहू के बीच रुपये को लेकर अक्सर विवाद होता था। मंगलवार आधी रात बाद बेटे ने कॉल कर बताया कि पूनम ने 18 हजार रुपये चोरी कर लिए है। वह रुपये नहीं दे रही है। बेटे ने यह भी बताया कि पूनम जान से मारने के लिए तमंचा ला रही है। इसके बाद कॉल कट हो, गई और दोबारा फोन नहीं उठा। इसके बाद बहू ने उनके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे, तो बेटे का शव खून से लतपथ फर्श पर पड़ा था। पूनम ने तमंचे से पति के सीने में गोली मारकर हत्या की है।

फायर की आवाज सुनकर कमरे से आया बेटा

मृतक के 17 साल के बेटे निशांत ने बताया कि फायर की आवाज सुनकर जब वह कमरे से बाहर आया, तो पिता का शव खून से लतपथ पड़ा था। उसके पास में मां पूनम बैठी थी। आनन-फानन में पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पूनम की निशानदेही पर तमंचा बरामद कर लिया। सीओ थर्ड अनीता चौहान ने मीडिया को बताया कि वारदात आधी रात के बाद की है। दंपति के बीच विवाद हुआ था। इस बीच तमंचे से पति को गोली लगी है। महिला को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला को जेल भेजा जाएगा।

लोस चुनाव को लेकर मंडल स्तर पर तैयारियां शुरू

बरेली। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने मंडल स्तर पर भी अपनी तैयारियां तेज कर दी है। इसी कड़ी में बरेली महानगर के सभी नौ मंडलों में नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल भर कर के वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी श्रृंखला में पूर्वी मंडल के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते पूर्व डिप्टी मेयर और डॉक्टर सी पी एस चौहान शामिल हुए। उन्होंने अपील की कि हम सभी को पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा अपने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान शुरू कर देना चाहिए।

ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

ललितपुर। खेल निदेशालय लखनऊ के निर्देशानुसार स्पोर्ट्स स्टेडियम में 5 मार्च तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्थानीय स्पोर्ट्स अकेडमी के बच्चों ने बहुत ही बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए ओपन बालिका वर्ग एवं बालक वर्ग की एकल एवं युगल प्रतियोगिताओं में सभी खिताब अपने नाम हासिल कर लिए। अकादमी के रोहित सोनी ने बालक एकल वर्ग का विजेता का खिताब एवं सुरभि पटेल ने बालिका एकल वर्ग का विजेता का खिताब हासिल किया।

बालिका युगल वर्ग के विजेता और उपविजेता दोनों किताब अकादमी की बालिकाओं को मिले, युगल जोड़ी सुरभि पटेल व अर्शिका खान एवं नैंसी भार्गव व पार्टनर की जोड़ी ने बहुत ही अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। बालक वर्ग की युगल जोड़ी रोहित सोनी व अभय प्रताप ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इसके अलावा बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अकादमी के बालक खिलाड़ी शान उल्ला खान, विराट शर्मा, अत्रि नायक, स्वास्तिक शर्मा एवं बालिका आशी शर्मा, अर्निका शर्मा, अद्विका शर्मा को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

अकादमी के बच्चों की इस उपलब्धि के लिए समापन के दौरान आए मुख्य अतिथि समाजसेवी मनमोहन जड़िया ने खिलाडियों को पुरस्कृत किया। अभिभावकों एवं जिला खेल अधिकारी रेखा रावत, जीमल खान, शत्रुधन यादव सहित अन्य द्वारा खिलाडियों की प्रशंसा की गई। उन्होंने बच्चों से इस जनपद का नाम और आगे उच्च स्तर पर, स्टेट व नेशनल स्तर पर करने हेतु प्रेरित किया।

किसानों को जन प्रतिनिधियों ने बांटे राहत चेक

बांदा। जिले में ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि से हुई फसलों के नुकसान के आंकलन करने के बाद राहत आयुक्त ने 9 करोड़ 72 लाख 30 हजार 244 रुपये धनराशि भेजी है। इस धनराशि को किसानों को वितरित करने के लिए बुधवार को पैलानी तहसील सभागार मे जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने 87 किसानों को क्षतिपूर्ति की धनराशि के चेक दिए। बबेरू तहसील मे जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल तथा तहसील नरैनी मे विधायक ओममणि वर्मा ने किसानों को क्षतिपूर्ति का वितरण किया। इसके बाद जनपद मे ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि का जिला प्रशासन ने आंकलन शुरू कर दिया है और इससे प्रभावित किसानो का डाटा राहत आयुक्त के पोर्टल पर फीड किया जा रहा है। सूचना विभाग की जारी विज्ञप्ति मे कहा गया है कि जिन किसानों का डाटा प्रतिदिन पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा उसी तरह क्रमवार उन किसानों के खातों मे राहत धनराशि भेजी जाएगी। बताते चलें कि जिले मे कई चक्र मे रूक-रूक होती रही बारिश व ओलावृष्टि के चलते बड़े पैमाने पर किसानों को मसूर, मटर, चना, सरसों आदि फसलों का भारी नुकसान हुआ है। इस वजह से यहां के किसानों मे मायूसी देखी जा रही है लेकिन सरकार किसानो की स्थिति को देखते हुए लगातार राहत धनराशि मुहैया करा रही है।

दरोगा पर लड़की का धर्मांतरण कराने का आरोप

बांदा। गिरवां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसने गिरवां थाना में एक युवक के खिलाफ पुत्री का अपहरण कर धर्मांतरण कराने का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की विवेचना दारोगा कल्वे अब्बास ने की थी। घटना के दौरान दामाद विक्रम पुत्री को हरियाणा साथ मे ले जा रहा था इसी दौरान बांदा रेलवे स्टेशन से बीते 1 सिंतबर को पुत्री का अपहरण कर लिया गया था। विवेचक ने युवक व पुत्री को बरामद किया था लेकिन पुत्री को विवेचक ने इतना डराया धमकाया ताकि वह बयान न दे सके और पुत्री को घर वालों को सुपुर्द कर दिया। इसके पश्चात बीती किंतु 17 फरवरी को पुनः पुत्री का अपहरण कर लिया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि विवेचक ने पैसा लेकर पुत्री का अपहरण कराया है एवं धर्मांतरण कराना चाहता है जबकि गिरवां थाने में इरफान उर्फ बउवा के विरूद्ध अपहरण और साजिश रचने की धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज है।

ग्राम प्रधान संगठन ने सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन

महोबा/जैतपुर। ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक रावत के नेतृत्व में लगभग 50 ग्राम प्रधानों द्वारा जिलाधिकारी को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन के प्रथम बिंदु में उल्लेख किया गया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत श्रमिकों का भुगतान समय से नहीं किया जाता है, जिससे श्रमिकों के द्वारा कार्य करने से मना कर दिया जाता है। द्वितीय बिंदु में उल्लेख किया है कि मनरेगा योजना के अंतर्गत 60 अनुपात 40 के सापेक्ष 65 अनुपात 35 के रेशियो से भुगतान करने की बात कही जा रही है जिससे कई कार्यो के भुगतान नही हो पायेंगे। तृतीय बिंदु में उन्होंने मांग की है कि गौशालय संचालन के लिए अप्रैल से सितंबर माह का भूसे का भुगतान नहीं दिया गया है जिससे गौशाला संचालन का कार्य बाधित हो रहा है। संगठन ने उपरोक्त तीनों मांगों के पूर्ण करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अशोक नायक, नरेंद्र यादव ग्राम प्रधान भटेवरा खुर्द, संदीप राजपूत, गोपाल कुशवाहा, नितेन्द्र सिंह तोमर, रणबिजय राजपूत, जितेंद्र राजपूत, प्रशांत द्विवेदी, संतोष पाल, कालीचरण राजपूत, विमलेश, मनोज राजपूत, सत्यदीन, दुलीचंद, बलराम, उत्तम सिंह ,महेंद्र सिंह, प्रेमचंद साहू सहित अन्य ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

विषाक्त भोजन से 6 बीमार , मासूम की मौत

बांदा। मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए एक ही परिवार के आधा दर्जन लोगो की विषाक्त भोजन से हालत बिगड़ गयी। इसमे एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सतन्याव गांव निवासी रामकरण प्रजापति 35 के पड़ोस में रह रहे मामा चेतन प्रजापति के बेटे की शादी के कार्यक्रम मे मायन निमंत्रण मे पत्नी सुशीला 32, बेटी नेहा 14, दिव्या 9, अन्नपूर्णा 5, रीना 2 व 12 वर्षीय पुत्र दिव्यांग धनराज मंगलवार की देर रात खाना खाकर वापस घर आए। रात करीब 12 बजे सभी को उल्टी दस्त शुरू हो गई। लेकिन अस्पताल जाने के बजाय वह घरेलू उपचार करते रहे। जब हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजनों ने बुधवार की दोपहर सभी लोगो को इलाज के लिए सीएचसी ला रहे थे तभी रास्ते में 5 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। शेष का इलाज चल रहा है। रामकरण प्रजापति ने बताया कि पड़ोस मे रह रहे मामा चेतन के बेटे बंटू की शादी के कार्यक्रम मे मायन के दिन देर शाम पूड़ी, सब्जी परिवार के साथ खाई है। रात में सभी को तेज बुखार के साथ उल्टी, दस्त शुरू हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर ऋषिकेश का कहना है कि विषाक्त खाना खाने से एक मासूम बच्ची मौत हो गई है। जानकारी मिलते ही डॉक्टरों की पांच सदस्यीय टीम गांव भेजी गई है।

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत निकली नगर यात्रा

महोबा। जनपद के श्रीनगर कस्बे में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत नगर यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डॉ राजेश नामदेव ने की। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्षआशीष मिश्रा ने कहा कि मोदी सरकार महिलाओं को सम्मान दे रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत लोकसभा और विधान सभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटों पर आरक्षण का कानून मोदी सरकार लेकर आई है। नारी शक्ति वंदन यात्रा श्री राम जानकी मन्दिर प्रांगण से मुख्य बाजार, देवबाग होते हुए रामलीला मैदान में आकर समाप्त हुई। इस यात्रा में मंडल अध्यक्ष राजेश नामदेव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप सोनी, मंडल उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा, रेखा तिवारी, साधना तिवारी, पूनम द्विवेदी, उमा गजया, संजना सैन, कुसुम चंदेल, पुष्पा राजावत, उमा, प्रेमा पांडे, अर्चना, रूपाली, रुचि सहित समस्त भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्यकताओं व सामान्य महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

लोक अदालत में निपटे 13 वाद, लोक अदालत 9 को

बांदा। जनपद न्यायाधीश डॉ बब्बू सारंग के निर्देशन मे बुधवार को लघु आपराधिक वादों की विशेष लोक अदालत का आयोजन हुआ। इसमे अनेक मजिस्ट्रेट न्यायालयों से 13 लघु आपराधिक वादों का निस्तारण कर 2100 रुपये अर्थदण्ड वसूला गया। गुरूवार को अंतिम लघु आपराधिक वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी जबकि 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसमे बैंक वसूली, किरायेदारी, मोबाइल फोन व केबल नेटवर्क संबंधी मामले, आयकर, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं से संबंधित दिवानी वाद, उत्तराधिकार वाद, परिवार वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, चेक बाउंस के मामले, जन उपयोगी सेवाओं तथा वाणिज्य कर संबंधी मामले, राजस्व चकबंदी, श्रम, चालानी वाद व शमनीय प्रकृति के छोटे आपराधिक वाद के मामलों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा। लोक अदालत मे इसके अलावा यातायात संबंधी ई-चालान का निस्तारण भी किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश डॉ बब्बू सारंग करेंगे। उन्होने वादकारी, विधि व्यवसायियों एवं अन्य संबंधित लोगों से अपील की है कि अपने वादों का निस्तारण कराने के लिए वादों को नियत कराकर सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराकर अवसर का लाभ उठाएं।

बुलेरो की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

जिला संवाददाता

ललितपुर। मामा के घर से टौरिया गांव जा रहे युवक को बुलेरो गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायलावस्था में युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां से उसे झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर

- पिता की तहरीर पर बुलेरो चालक पर एफआईआर दर्ज

दिया गया। विगत दिनों उपचार के दौरान युवक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस ने बुलेरो चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुआंतला निवासी केदार पुत्र फूलसिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र विशाल विगत 26 फरवरी को 7 बजे अपने मामा के यहां से मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 ए.सी. 4457 से ग्राम टौरिया जा रहा था। बताया कि उसका पुत्र ग्राम गनगौरा के पास पहुंचा ही था कि तभी सामने से ग्राम रोंड निवासी की बुलेरो गाड़ी नं. एच.आर. 29 ए.जी. 5995 का चालक नशे में धुत्त होकर तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये आया और मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया कि वहां से गुजर रहे शहर के मोहल्ला सदनशाह निवासी अजय प्रताप सिंह व उनके परिचित ओमकार सिंह ने उन्हें दूरभाष पर इस घटना की जानकारी दी।

केदार के अनुसार उसने मौके पर पहुंच कर आनन-फानन में घायल पड़े विशाल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया, जहां उसकी हालत नाजुक होने पर उसे झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

बताया कि अगले दिन 27 फरवरी को अपरान्ह 2 बजे विशाल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। केदार की तहरीर पर पुलिस ने बुलेरो चालक के खिलाफ धारा 279, 338 व 304 ए के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

रेलवे के एक फैसले ने दूर की पैसेंजर की टेंशन

बरेली । इंडियन रेलवे के एक फैसले ने लाखों यात्रियों की टेंशन दूर कर दी है। यात्रियों को रेलवे स्टेशन की टिकट विंडो पर टिकट को लंबी लाइन नहीं लगानी पड़ेगी। क्योंकि, उत्तर रेलवे (एनआर) के मुरादाबाद रेल मंडल ने बरेली, शाहजहांपुर, चंदौसी, हरिद्वार, देहरादून, अमरोहा, हापुड़, रुड़की, रामपुर, हरदोई और नजीबाबाद स्टेशनों पर क्यूआर कोड सेवा शुरू करने की तैयारी की है। यात्रियों को

- टिकट लेने को विंडो पर नहीं लगानी पड़ेगी लाइन
- अब क्यूआर कोड से कराएं

क्यूआर कोड के माध्यम से रेलवे यूटीएस एप के सहारे अनारक्षित टिकट की बुकिंग का विकल्प देगा। इसके साथ ही सीजन टिकटों का नवीनीकरण, और प्लेटफॉर्म टिकट भी लिया जा सकता है। यह सुविधा यात्री अपने स्मार्ट फोन से ले सकेंगे। स्मार्ट फोन से स्कैन कोड का इस्तेमाल कर टिकट बुक हो जाएगा। यह सुविधा अप्रैल के पहले सप्ताह से मिलनी की उम्मीद जताई गई है। मुरादाबाद रेल मंडल प्रथम चरण में 12 स्टेशनों की टिकट विंडो पर क्यूआर कोड की सुविधा शुरू कर रहा है। इसके बाद रेल मंडल की बाकी स्टेशनों पर भी यह सुविधा शुरू की जाएगी। यात्री क्यूआर कोड, और यूपीआई पेमेंट से ट्रेन टिकट खरीद सकेंगे।

ट्रेन छुटने से मिलेगी निजात

रेलवे स्टेशन की टिकट विंडो पर टिकट लेने को यात्रियों की लंबी लाइन लगती है। जिसके चलते यात्रियों को काफी-काफी देर में टिकट मिलता है। टिकट लेने के चक्कर में यात्रियों की ट्रेन भी छूट जाती है। मगर, अब क्युआर कोड से यात्रियों की ट्रेन नहीं छूटेगी।

जल्द चलेंगी होली स्पेशल ट्रेन

रंगों के त्योहार होली के आने में कुछ दिन ही बचे हैं। हर कोई अपनों के बीच जाने की कोशिश में लगा है। मगर, यात्रियों को ट्रेन में कन्फर्म बर्थ नहीं मिल रही है। जिसके चलते यात्री काफी परेशान हैं। मगर, ऐसे में जो लोग ट्रेन से घर जाने की सोच रहे हैं। उन्हें अब होली स्पेशल ट्रेन का इंतजार है। पिछले एक सप्ताह से कंफर्म टिकट मिलना काफी मुश्किल हो गया है। स्टेशन के रिजर्वेशन काउंटर से लेकर प्राइवेट कैफों पर कन्फर्म बर्थ को लेकर भीड़ लगने लगी है। मगर, अब यात्रियों को स्पेशल ट्रेन चलने का इंतजार है। हालांकि, रेलवे ने पंजाब से उत्तराखंड के बीच एक नई ट्रेन शुरू करने का ऐलान किया है। यह ट्रेन शुरू हो गई है। मगर, अभी बरेली, मुरादाबाद, रामपुर, और शाहजहांपुर स्टेशनों से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों का ऐलान नहीं किया गया है।

शक्ति वंदन समापन में पहुंचे जलशक्ति राज्य मंत्री

जिला संवाददाता

बांदा। जिले के विकास खंड जसपुरा मे शक्ति वंदन अभियान के समापन समारोह मे प्रदेश के जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने शिरकत की। उन्होने सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की। जलशक्ति राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। महिलाएं हवाई जहाज चला रही हैं और 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाए जाने की कल्पना मोदी सरकार ने किया है।

उन्होने वीरांगनाओं, कालिंजर की रानी दुर्गावती व महालक्ष्मी बाई जैसी नारियों का भी बखान किया। खण्ड विकास अधिकारी गरिमा अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार ने महिलाओं को सुरक्षा, संरक्षा व महिला सशक्तिकरण के लिए अतुलनीय योगदान दिया है। कहा कि महिला समूहों ने बेहतर कार्य किया है। उन्होने समूह की रजनी एवं मीनू सिंह के किए गये कार्यों की सराहना की। मण्डल अध्यक्ष अनूप सिंह ने पीएम आवास, उज्जवला योजना व महिलाओं को राशन कार्ड बनाए जाने को लेकर सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। इस अवसर पर भाजपा नेता राज बहादुर सिंह, राकेश बाजपेयी, राकेश सिंह चैहान, सरोज सोनी, प्रदीप अनुरागी, , शिवम आदि बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे। संचालन संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार यादव ने किया।

मौलाना को संरक्षण देने वालों पर भी कसा जाए शिकंजाः राजेश अग्रवाल

जिला संवाददाता

बरेली । प्रकृति न्याय करती है कोई न कोई भगत सिंह जरूर आता है और वों न्याय के दरवाजे कों खोलता है। बरेली के 2010 के दंगे को लेकर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल नें मीडिया से मुखातिब होते हुए यह शब्द कहें। उन्होंने कहा मुस्लिम कि समाज के दो मसलक हैं एक देवबंदी दूसरा बरेलवी। बरेली मसलक की पहचान जिनके रूप में हुई और जिन्होंने दुनिया भर में भाईचारे का पैगाम दिया। लेकिन उन्ही के कुल का एक चिराग (शख्स)धर्म कों ढाल बनाकर संविधान का उल्लंघन कर समाज कों जलाने की बात कर रहा है प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लिए अपशब्द कह रहा है और ऐसे शख्स के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। यह बात मेरी समझ में नहीं आ रही है। राजेश अग्रवाल ने कहा शायद इसी लिए न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया उन्होंने कोर्ट के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि जब समाज में बुराइयां बढ़ जाती है तो कोई न कोई तो भगत सिंह पैदा होता ही है। उन्होंने कहा कि कोर्ट अपना काम कर रहा है अब सरकार को भी अपना काम करना चाहिए। मौलाना के खिलाफ कई थानों में अलग-अलग मामले दर्ज है।इसके बावजूद भी पुलिस उन पर कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा प्रेम नगर थाने में अभी भी वारंट मौजूद है जिसको दबा दिया गया। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि 2010 के दंगे के लिये जो भी पुलिस और प्रशासन के अधिकारी जिम्मेदार है उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए साथ ही उन्होंने मौलाना को संरक्षण देने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की।

आईपीएसई फेडरेशन ने तीन प्रमुख मांगों को लेकर पीएम को भेजा ज्ञापन

जिला संवाददाता

ललितपुर। इंडियन पब्लिक सर्विस एम्पलाइज फेडरेशन के आहवान पर जिलाधिकारी कार्यालय में कर्मचारी एवं शिक्षकों ने 2 घंटे का सत्याग्रह किया और मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष बीपी मिश्रा के आह्वान पर कर्मचारी शिक्षक कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संयुक्त तत्वावधान में ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा गया। ज्ञापन में पुरानी पेंशन को बहाल करने और राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन करने तथा लंबे समय से संविदा पर काम कर रहे हैं वेतन भोगी कर्मचारी का नियमितीकरण करने संबंधित तीन प्रमुख मांगों का मांग पत्र एवं कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा का विस्तृत मांग पत्र भी भेजा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री केदारनाथ तिवारी ने पेंशन को बुढ़ापे की लाठी बताते हुए कर्मचारियों से इस मांग के संबंध में अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। राजकीय शिक्षक संघ के मंडली पदाधिकारी मजीद पठान ने मोर्चा का मांग पत्र पढ़ा। राजकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की आवश्यकता पर बल दिया।

शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी ने कहां कि कोरोना कल में शिक्षक कर्मचारियों का 18 माह का महंगाई भत्ता अवरुद्ध कर दिया गया था। आज सरकार की आर्थिक स्थिति ठीक है और यदि हम वास्तव में अपने देश को 5 ट्रिलियन इकोनामी की ओर ले जाना चाहते हैं तो कर्मचारियों को उनके हक की राशि नगद रूप में सौंपा जाने चाहिए, जिससे कि बाजार में धन की आवाक बड़े और देश की इकोनॉमी पर सकारात्मक प्रभाव पड़े।

यूटा जिलाध्यक्ष अनिल राठौर ने कहा कि पुरानी पेंशन की समस्या प्रत्येक कर्मचारी को प्रभावित करने वाली है। साथ ही उन्होंने बेसिक शिक्षा में बिना संसाधनों की अभाव में शुरू की जा रही अधूरे डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया को रोके जाने की मांग को मांग पत्र में जोड ? का सुझाव दिया, जिसे सर्वसम्मति से शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के मांग पत्र में सम्मिलित कर लिया गया और आगामी बैठक में प्रांतीय कार्यकारिणी तक इस मांग को भेजा जाएगा। इस दौरान राजकीय शिक्षक संघ की प्रान्तीय महामंत्री केदारनाथ तिवारी, शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संयोजक जी.एल.गौतम, जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी, राजकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार, यूटा जिलाध्यक्ष अनिल राठौर, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला मंत्री नारायणदास, अनुदेशक संघ जिलाध्यक्ष डा.मुकेश तिवारी, सतीश रठानिया, अंशु नामदेव, बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील रावत, मनोहर नामदेव, ऋषभ, पुष्पेंद्र सिंह, कल्याण सिंह, प्रवीण कुमार, मनोहरलाल नामदेव, देवेंद्र कुमार, अवधेश प्रताप सिंह, कमलेश कुमार, दीपक अहिरवार, शशिकांत तिवारी, दानवीर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अनंत तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

आकाश गंगवार युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नियुक्त

बरेली। फतेहगंज पश्चिमी आकाश गंगवार को भारतीय जनता पार्टी ने युवा मोर्चा मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस दौरान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मुकेश राजपूत ने फतेहगंज पश्चिमी रेलवे स्टेशन के पास चौपाल लगाकर भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई। साथ ही साथ उन्होंने पहली बार मतदान करने वाले मतदाता को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी को वोट डालने की अपील की। वही फतेहगंज पश्चिमी में आकाश गंगवार कों युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।मंडल अध्यक्ष बनने के बाद आकाश गंगवार ने पार्टी के प्रति ईमानदारी से काम करने का संकल्प लिया।

इस दौरान युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष का कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर फतेहगंज पश्चिमी के मंडल अध्यक्ष कुलबीनेतानेत्री हसन सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षेप

म्यूचुअल फंड वितरकों को मिल सकेगा कमीशन

नयी दिल्ली। म्यूचुअल फंड वितरकों को अब एक निवेशक के एक वितरक से दूसरे वितरक को संपत्ति हस्तांतरण करने पर परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) से ट्रेल कमीशन पाने का मौका मिलेगा। एएमएफआई पंजीकरण संख्या (एआरएन) के हस्तांतरण मानदंडों की समीक्षा के लिए म्यूचुअल फंड वितरकों (एमएफडी) की तरफ से किए गए अनुरोधों के बाद यह बदलाव किया गया है। अगर कोई निवेशक अपनी परिसंपत्ति को नए म्यूचुअल फंड में स्थानांतरित करता है तो मौजूदा मानदंडों के तहत म्यूचुअल फंड कंपनियां नए वितरक को ट्रेल कमीशन का भुगतान नहीं कर सकती हैं। म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एएमएफआई ने मंगलवार को अपने सदस्यों को भेजे एक संदेश में वितरकों को ट्रेल कमीशन का भुगतान करने की अनुमति दे दी। हालांकि एएमसी निवेशकों द्वारा संपत्ति के हस्तांतरण की तारीख से छह महीने की कूलिंग ऑफ अवधि के बाद ही ट्रेल कमीशन का भुगतान कर सकते हैं।

मणिपुर में एनआरसी लागू करने की सिफारिश

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि वह राज्य में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने के लिए केंद्र को सिफारिश भेजेंगे क्योंकि उनकी सरकार इसे अकेले नहीं कर सकती। सिंह के इस बयान के कुछ दिन पहले विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें केंद्र सरकार से विशेष रूप से राज्य और राष्ट्र के हित में राज्य में एनआरसी लागू करने का आग्रह किया गया। सिंह ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, राज्य इसे (एनआरसी) लागू नहीं कर सकता। हमने सदन में एक प्रस्ताव लाया है। हम मणिपुर में एनआरसी लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाने को लेकर केंद्र सरकार को सिफारिश भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधार वर्ष 1961 होगा। राज्य मंत्रिमंडल ने 2022 में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) के कार्यान्वयन के संबंध में राज्य में अवैध आप्रवासन की पहचान करने के लिए 1961 को आधार के रूप में अपनाया। आईएलपी दिसंबर 2019 में राज्य में पेश किया गया था और जनवरी 2020 में लागू हुआ।

दुर्घटना में दोस्त को खोने के बाद दी जान

धार (मध्य प्रदेश)। मध्य प्रदेश के धार जिले में एक सड़क दुर्घटना में अपने दोस्त को खोने के बाद 28 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित तौर पर एक पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इंदौर-अहमदाबाद राजमार्ग पर नलखेड़ा में मंगलवार शाम कांति नाम के व्यक्ति ने एक पेड़ से फंदाकर आत्महत्या कर ली। यह कदम उठाने से पहले उसने एक वीडियो भी बनाया जिसमें उसने कहा कि सड़क दुर्घटना में दोस्त की मौत के कारण वह यह कदम उठाने जा रहा है। राजगढ़ थाना प्रभारी संजय रावत ने बताया, राजमार्ग पर दो मोटरसाइकिल के टकरा जाने से नरवे सिंह (29) नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त कांति बच गया। दोनों झाबुआ जिले के फूलदान वाड़ी में रहते थे। उज्जैन से घर लौटने के समय हादसा हुआ था। उन्होंने कहा कि अपने दोस्त की मौत से हताश और परेशान कांति ने दुर्घटनास्थल के पास एक पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

पेशी के दौरान आरोपियों से मारपीट की कोशिश

जयपुर। उप निरीक्षक और प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा-2021 के पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपियों को बुधवार को यहां एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया इस दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट करने की कोशिश की। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार प्रशिक्षु पुलिस उप निरीक्षकों को अदालत ने छह दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह ने फर्जी तरीके से प्रतियोगी परीक्षा पास करने के आरोपी 14 प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को आज यहां जिला अदालत में पेश किया। जब उन्हें पुलिस वैन से बाहर निकाला जा रहा था तो अदालत परिसर के बाहर कुछ लोगों ने आरोपियों से मारपीट की कोशिश की। हालांकि आरोपियों को पुलिस सुरक्षा में अदालत ले जाया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वीके सिंह ने कहा, गिरफ्तार किए गए 14 प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें छह दिन के लिए पुलिस हिरासत पर भेज दिया गया।

किसानों के प्रदर्शन से दिल्ली की सीमा जाम

नयी दिल्ली। किसानों के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली की सीमाओं पर बुधवार को यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी।

बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की वजह से दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर और दिल्ली-नोएडा सीमा पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखी गयीं। पुलिस ने सीमाओं और शहर के अन्य हिस्सों में अवरोधक लगाये हैं और मध्य दिल्ली की ओर जाने वाली सड़कों पर जांच तेज कर दी है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पुलिस बल टिकरी, सिंघु और गाजीपुर सीमाओं के साथ-साथ रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रखेगा। एक अधिकारी ने बताया, हमने तीनों सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि हमने कोई सीमा या मार्ग को बंद नहीं किया है लेकिन वाहनों की जांच की जाएगी। पुलिस उपायुक्त (बाहरी दिल्ली) जिमी चिराम ने बताया कि दिल्ली-हरियाणा सीमा पर बल पहले से ही तैनात है। उन्होंने कहा, किसानों के आह्वान के मद्देनजर हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया, हमने सिंघु और टिकरी सीमाओं पर अस्थायी रूप से लगाए गये अवरोधकों को वाहनों की आवाजाही के लिए हटा दिया है। हालांकि पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान अभी भी तैनात हैं और (वे) चौबीसों घंटे कड़ी निगरानी सुनिश्चित करेंगे। रेलवे, मेट्रो स्टेशनों और बस अड्डों पर अतिरिक्त पुलिस व अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है क्योंकि किसानों के ट्रेन व बस जैसे सार्वजनिक परिवहनों से भी आने की उम्मीद है। अधिकारी ने बताया, दिल्ली में पहले से ही धारा 144 लागू है। हम यहां कहीं भी किसी सभा या कार्यक्रम की अनुमति नहीं देंगे। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) राजीव कुमार ने कहा, जानकारी के मुताबिक, किसान आज (बुधवार) दिल्ली के लिए मार्च शुरू कर सकते हैं। इसलिए सुरक्षा बढ़ा दी गयी है और बलों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि पूरी कोशिश की जा रही है कि यातायात प्रभावित न हो। अंतरराज्यीय बस अड्डों (आईएसबीटी) कश्मीरी गेट, आनंद विहार और सराय काले खां पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारी ने बताया, किसी को भी कानून का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मध्य दिल्ली के रहने वाले प्रवेश कुमार जैसे ही सिंघु बॉर्डर पहुंचे उन्हें लंबा जाम देखने को मिला। कुमार ने कहा कि मैं किसी काम से चंडीगढ़ जा रहा हूं। आजादपुर के निकट और सिंघु बॉर्डर के पास बहुत लंबा जाम है।

राज्यों का राजकोषीय कुप्रबंधन केंद्र के लिए चिंता का विषय, मिलकर मतभेद दूर करें: कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राज्यों के राजकोषीय कुप्रबंधन को केंद्र सरकार के लिए चिंता का विषय बताने के साथ ही बुधवार को केंद्र और केरल सरकार दोनों को शुद्ध उधारी की सीमा पर बने आपसी मतभेद दूर करने की सलाह दी। शीर्ष अदालत केरल सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें केंद्र सरकार पर उधारी की सीमा लगाकर राज्य के वित्त को विनियमित करने के लिए अपनी विशिष्ट, स्वायत्त एवं पूर्ण शक्तियों का प्रयोग करने का आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र और राज्य के इस मुद्दे को सुलझाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि दोनों के बीच बातचीत सिर्फ मुकदमा लंबित होने की वजह से नहीं रुकनी चाहिए। पीठ ने कहा, निर्णय लेने में सक्षम और पहले निर्णय प्रक्रिया में शामिल रह चुके

सभी वरिष्ठ अधिकारी एक साथ बैठें और इस मुद्दे को हल करें। केरल सरकार का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि राज्य के पास इस मुद्दे को अदालत के सिवाय कोई विकल्प नहीं बचा है। सिब्बल ने कहा कि इस मुद्दे को सहकारी संघवाद की भावना से हल करने की जरूरत है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फिलहाल राज्य को राहत की जरूरत है। पीठ ने कहा कि केरल ने राज्य के उधार लेने पर शर्तें लगाने की केंद्र की शक्ति को चुनौती दी है, लिहाजा अतिरिक्त उधारी लेने के अनुरोध पर केवल मुकदमा वापस लेने के बाद ही विचार किया जा सकता है। इसके साथ ही पीठ ने केंद्र से कहा, अभी हम आपको केवल यही सुझाव देना चाहते हैं कि आप मुकदमा वापस लेने की शर्त पर जोर न दें।...भारत सरकार बेहतर राजकोषीय प्रबंधन के लिए अन्य शर्तें भी लगा सकती है। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमण से पीठ ने कहा कि आप यह नहीं कह सकते कि मुकदमा वापस लिया जाए। यह अनुच्छेद 131 के तहत एक संवैधानिक अधिकार है। संविधान का अनुच्छेद 131 उच्चतम न्यायालय को केंद्र और राज्य के बीच विवाद होने की स्थिति में उससे निपटने का अधिकार देता है।

जब भी उज्जैन में कुंभ मेला होता है तो भाजपा जीतती है: सीएम यादव

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को कहा कि जब भी उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ मेला लगता है तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव जीतती है।

यादव लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ पार्टी के प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वाहन राज्य के सभी 29 लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेंगे और भाजपा के संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) के लिए सुझाव मांगेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भारी जनसमर्थन से बनी है। यह हमारा रिकॉर्ड रहा है कि जब भी उज्जैन में सिंहस्थ का आयोजन होता है तो हम मध्य प्रदेश और केंद्र में सरकार बनाते हैं। लाखों हिंदुओं को आकर्षित करने वाले चार प्रमुख धार्मिक समागमों में से एक सिंहस्थ कुंभ मेला मध्य प्रदेश के उज्जैन में 2028 में आयोजित किया जाएगा। आखिरी उज्जैन सिंहस्थ अप्रैल-मई 2016 में आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल के विधानसभा चुनाव के बाद से पार्टी का नारा है मोदी के मन में मध्य प्रदेश (एमपी), एमपी के मन में मोदी। सुझाव पेटियां ले जाने वाले प्रचार वाहनों के बारे में यादव ने कहा कि पार्टी विकास के लिए सुझाव एकत्र कर रही है क्योंकि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगली सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

ईएसआईसी ने दी सात अस्पतालों के निर्माण के लिए 1,128 करोड़ की मंजूरी

नयी दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओड़िशा में सात ईएसआई अस्पतालों के निर्माण के लिए 1,128.21 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा की अध्यक्षता में मंगलवार को ईएसआईसी की स्थायी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

सात ईएसआई अस्पतालों का निर्माण हारोहल्ली, नरसापुर, बोम्मासांद्रा (कर्नाटक), मेरठ, बरेली (उत्तर प्रदेश), पीथमपुर (मध्य प्रदेश) और दुबुरी (ओडिशा) में किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि इन

अस्पतालों का निर्माण जल्द शुरू होगा। इन अस्पतालों के जरिये ईएसआईसी के मौजूदा चिकित्सा बुनियादी ढांचे में 800 बिस्तर जुड़ेंगे। इसके अलावा, बैठक में बीमा के दायरे में आने वाले कामगारों और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा देखभाल तथा नकद लाभ की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। राजस्थान के अलवर में उप-क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया। अलवर में ईएसआईसी उप-क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना से अलवर, खैरथल-तिजारा, कोटपुतली-बहरोड़, भरतपुर और डीग में रहने वाले बीमा के दायरे में आने वाले लगभग 12 लाख कर्मचारी और ईएसआई योजना के लाभार्थी लाभान्वित होंगे। इसमें कहा गया है कि ये निर्णय चिकित्सा और नकद लाभ वितरण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

कांग्रेस सत्ता में आई तो सीएए को रद्द कर देगी : पवन खेड़ा

गुवाहाटी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को कहा कि अगर लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी सत्ता में आती है तो वह संशोधित नागरिकता अधिनियम-2019 (सीएए) को रद्द कर देगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मणिपुर का दौरा नहीं करने पर भी तंज कसा। पूर्वोत्तर का यह राज्य पिछले साल मई से ही जातीय हिंसा से जूझ रहा है। खेड़ा ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि असम में बाहर से आने लोगों के वैध तरीके से रहने की अंतिम तारीख 1971 है लेकिन सीएए इसे छीन लेगा क्योंकि उसमें अंतिम तारीख 2014 होगी। वह असम समझौते के अनुसार, बांग्लादेश से असम में प्रवेश करने वाले लोगों को भारतीय नागरिकता देने के लिए 25 मार्च, 1971 की अंतिम तारीख का जिक्र कर रहे थे। सीएए के तहत केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने 31 दिसंबर 2014 को या इससे पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों-हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान किया है। अगर कांग्रेस सत्ता में आएगी तो सीएए को रद्द कर देगी। दिसंबर 2019 में संसद द्वारा सीएए पारित होने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित देश के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे।

भारत की जीडीपी 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अगले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाते हुए बुधवार को कहा कि यह 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बन जाएगा और अर्थव्यवस्था भी दोगुनी होकर सात लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी इंडिया आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को घरेलू संरचनात्मक सुधारों और चक्रीय स्थितियों से समर्थन मिलेगा और यह वर्ष 2031 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपनी वृद्धि संभावनाओं को बरकरार रखने के साथ उसमें सुधार भी कर सकती है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में उम्मीद से बेहतर 7.6 प्रतिशत वृद्धि रहने के बाद भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में

थोड़ा मध्यम होकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट कहती है कि अगले सात वित्त वर्षों (2024-25 से 2030-31) में भारतीय अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर सात लाख करोड़ डॉलर के करीब पहुंच जाएगी। क्रिसिल ने कहा कि इस अवधि में 6.7 प्रतिशत की अनुमानित औसत वृद्धि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देगी और 2030-31 तक इसकी प्रति व्यक्ति आय भी उच्च-मध्यम आय समूह तक पहुंच जाएगी। भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। क्रिसिल को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। उस समय तक देश की प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर 4,500 अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगी और भारत उच्च-मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा। विश्व बैंक की परिभाषा के मुताबिक, उच्च-मध्यम आय वाले देश वे हैं जिनकी प्रति व्यक्ति आय 4,000-12,000 अमेरिकी डॉलर के बीच है। क्रिसिल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमीश मेहता ने कहा कि वित्त वर्ष 2030-31 तक भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और उच्च-मध्यम आय वाला देश होगा, जो घरेलू खपत के लिए एक बड़ा सकारात्मक पक्ष होगा।

बैंक कार्ड जारी करते समय ग्राहक को नेटवर्क चुनने का विकल्प दें: आरबीआई

मुंबई। रिजर्व बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे पात्र ग्राहकों को क्रेडिट या डेबिट कार्ड जारी करते समय कई कार्ड नेटवर्क में से एक को चुनने का विकल्प मुहैया कराएं। केंद्रीय बैंक ने क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं से यह भी कहा है कि वे कार्ड नेटवर्क के साथ कोई भी ऐसा समझौता या व्यवस्था न करें जो ग्राहकों को दूसरे नेटवर्क की सेवाएं लेने से रोकता हो।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक परिपत्र में कहा कि समीक्षा करने पर यह पाया गया कि कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारीकर्ताओं के बीच मौजूद कुछ व्यवस्थाएं ग्राहकों के लिए विकल्प उपलब्ध कराने के लिहाज से अनुकूल नहीं हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा, ऐसी स्थिति में यह निर्देश

दिया जाता है कि कार्ड जारीकर्ता कार्ड नेटवर्क के साथ ऐसी कोई व्यवस्था या समझौता नहीं करेंगे जो ग्राहकों को अन्य कार्ड नेटवर्क की सेवाओं का लाभ उठाने से रोकता हो। आरबीआई ने कहा कि मौजूदा कार्डधारकों के लिए यह विकल्प कार्ड का अगला नवीनीकरण कराते समय दिया जा सकता है। कार्ड नेटवर्क के रूप में अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प, डायनर्स क्लब इंटरनेशनल लिमिटेड, मास्टरकार्ड एशियापैसिफिक पीटीई लिमिटेड, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया- रुपे और वीजा वर्ल्डवाइड पीटीई लिमिटेड सूचीबद्ध हैं। परिपत्र के मुताबिक, कार्ड जारीकर्ताओं और नेटवर्क को संशोधन या नवीनीकरण के समय और नए समझौते निष्पादित करते समय मौजूदा समझौतों में आरबीआई के दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करना होगा। हालांकि यह निर्देश उन क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं पर लागू नहीं होगा जिनके द्वारा जारी सक्रिय कार्डों की संख्या 10 लाख या उससे कम है। इसके अलावा खुद के अधिकृत कार्ड नेटवर्क पर क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले संस्थानों को इस परिपत्र के निर्देशों से बाहर रखा गया है।

पेज एक का शेष

पीएम मोदी पर

लिए गांधी को जारी किए गए नोटिस पर फैसला करने के लिए भी कहा था, जिसमें कहा गया था कि नवंबर 2023 में दिए गए एक भाषण के दौरान कांग्रेस नेता द्वारा दिया गया बयान अरुचिकर (नॉट इन गुड टेस्ट) था।सूत्रों ने बताया कि अदालत के निर्देश को देखते हुए आयोग ने राहुल गांधी से भविष्य में उनसे सार्वजनिक बयानों में अधिक सावधान रहने को कहा है।एक सूत्र ने बताया, अदालत के आदेश और गांधी के जवाब सहित जेबकतरा और पनौती जैसी टिप्पणियों से जुड़े मामले में सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद आयोग ने गांधी को भविष्य में अधिक सावधान रहने की सलाह दी है। आयोग ने एक स्टार प्रचारक के रूप में राहुल गांधी को निर्देश दिया है कि वह सभी दलों, स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों के लिए एक मार्च को जारी परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें।आयोग ने 23 नवंबर को राहुल गांधी को नोटिस जारी कर राजस्थान में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए उनके भाषणों पर उनका रुख पूछा था।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने अपने चुनावी भाषण के दौरान मोदी पर जेबकतरा संबंधी कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाते हैं जबकि उद्योगपति गौतम अडाणी उनकी जेबें काटते हैं।

प्रधानमंत्री ने

ने इस मानक को बनाये रखा है....शुभकामनाएं। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि दिसंबर 2021 में आगरा मेट्रो कार्य का शुभारंभ हुआ था और दो वर्ष के अंदर ही प्रायोरिटी सेक्शन के 6 किमी का पहला कार्य पूरा कर लिया गया। जिसमें तीन एलिवेटेड और तीन भूमिगत मेट्रो स्टेशन है। इस कार्य को पूरा करने के साथ ही इसमें मेट्रो सेवा भी प्रारंभ हो चुकी है। आगरा मेट्रो के शुरू होने के साथ ही उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसके पास सबसे अधिक शहर में मेट्रो की सुविधा है।इससे पहले लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और कानपुर में मेट्रो सेवा प्रारंभ हो चुकी है। आज मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश के छठवें शहर आगरा में ब्रजवासियों के लिए, आगरा वासियों के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की एक बेहतरीन सुविधा उपलब्ध हुई है। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश मेट्रो कारपोरेशन ने कानपुर मेट्रोए लखनऊ मेट्रो और आगरा मेट्रो के कार्य को जिस तत्परता के साथ किया हैए उसकी सर्वत्र पर सराहना हुई है। तीन अंडरग्राउंड स्टेशन को तीन किमी क्षेत्र में, उन्हें विकसित करने में एक तय समय सीमा से पहले कार्य करके देश के अंदर सबसे पहले तीव्र गति से कार्य करने का कीर्तिमान हासिल करने वाली आगरा मेट्रो हुई है।

पूरे बंगाल में

बताया कि प्रधानमंत्री ने जोका-एस्प्लेनेड लाइन के 1.25 किलोमीटर तारातला-माजेरहाट खंड का भी उद्घाटन किया। इसका निर्माण 520 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर समारोह स्थल से प्रधानमंत्री ने न्यू गरिया-एयरपोर्ट लाइन के कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय खंड का भी उद्घाटन किया। इसका निर्माण 1,430 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय खंड 5.4 किलोमीटर लंबा है और इससे कोलकाता के दक्षिण-पूर्वी हिस्सों के इलाके मेट्रो के मानचित्र पर आ जाएंगे। एक बयान में कहा गया है कि इन खंडो से सड़क यातायात को सुगम करने तथा सुविधाजनक संपर्क प्रदान करने में मदद मिलेगी। ईस्ट वेस्ट कॉरीडोर के हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड में भारत की किसी भी बड़ी नदी के नीचे पहली परिवहन सुरंग है। यह हुगली नदी के नीचे से गुजरती है, जिसके पूर्वी और पश्चिमी तट पर कोलकाता और हावड़ा स्थित हैं। इस खंड में हुगली नदी के नीचे हावड़ा मेट्रो स्टेशन है जो देश का सबसे गहराई में स्थित स्टेशन है।ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण 14 अप्रैल 2009 को शुरू हुआ था लेकिन विभिन्न कारणों से इसमें देरी हुई। मेट्रो रेलवे के महा प्रबंधक पी उदय कुमार रेड्डी ने पूर्व मेंकहा था कि पूरी लाइन में वाणिज्यिक संचालय जून-जुलाई में प्रारंभ करने का लक्ष्य है।ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर का साल्ट लेक सेक्टर पांच से सियालदह तक का हिस्सा वर्तमान में व्यावसायिक रूप से चालू है। माजेरहाट मेट्रो स्टेशन रेलवे लाइन, प्लेटफार्म और एक नहर के ऊपर बना अलग तरह का स्टेशन है। जोका-एस्प्लेनेड लाइन का जोका और तारातला के बीच 6.5 किलोमीटर का खंड पहले से ही चालू है। प्रधानमंत्री ने कोच्चि मेट्रो के ।बी पूर्ण चरण का बुधवार को ऑनलाइन उद्घाटन किया और इसी के साथ ही एर्णाकुलम जिले के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों के लोगों को तटीय शहर तक तेज़ और आसान पहुंच प्राप्त होगी। प्रधानमंत्री ने त्रिपुनिथुरा टर्मिनल मेट्रो स्टेशन का भी उद्घाटन किया। जब प्रधानमंत्री मोदी ने कोलकाता से कोच्चि मेट्रो के ।बी पूर्ण चरण और उसके नए स्टेशन का उद्घाटन किया उस वक्त राज्य के उद्योग और कानून मंत्री पी राजीव, कांग्रेस सांसद हिबी ईडन और केएमआरएल के एमडी लोकनाथ बेहरा सहित कई गणमान्य व्यक्ति त्रिपुनिथुरा टर्मिनल के मंच पर मौजूद थे।

बिहार में 12,800

करेगी। उन्होंने मोतिहारी में इंडियन ऑयल के एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और भंडारण डिपो का भी लोकार्पण किया। यह नेपाल को पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात के लिए एक रणनीतिक आपूर्ति बिंदु के रूप में भी कार्य करेगा। यह उत्तर बिहार के आठ जिले पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी और मधुबनी को सेवा प्रदान करेगा। मोदी ने पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और देवरिया में सिटी गैस वितरण परियोजना और एचपीसीएल बायोफ्यूल लिमिटेड के सुगौली और लौरिया में अनाज आधारित इथेनॉल परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-28ए के पिपराकोठी-मोतिहारी-रक्सौल खंड और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-104 के शिवहर-सीतामढ़ी खंड के दो लेन का भी उद्घाटन किया। उन्होंने दीघा-सोनेपुर रेल-सह-सड़क पुल के समानांतर गंगा पर छह-लेन केबल पुल और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 बाईपास के बाकरपुर हाट-मानिकपुर खंड के चार-लेन की आधारशिला रखी ।प्रधानमंत्री ने विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मोदी ने बापूधाम मोतिहारी-पिपराहां तक 62 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के दोहरीकरण को राष्ट्र को समर्पित किया और उन्होंने अन्य कार्यों के अलावा नरकटियागंज-गौनाहा आमान परिवर्तन का भी उद्घाटन किया।

बाहुबली व पूर्व

परियोजना प्रबंधक के अपहरण, रंगदारी मांगने, षड्यंत्र रचने तथा अपशब्द कहने और धमकी देने के मामले में विशेष सांसद-विधायक अदालत के न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम को मंगलवार को दोषी ठहराया था। अदालत ने बुधवार को उन्हें सात-सात साल की कैद और 75-75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह सजा सुनाये जाने के बाद धनंजय लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अब चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो गए हैं। पांडेय ने बताया कि मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइनबाजार थाने में अपहरण, रंगदारी तथा अन्य धाराओं में धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम पर भारतीय दंड संहिता की धारा 364, 386, 504, 506 तथा 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस भर्ती

को तथा बिटटू ने 18 फरवरी को दोपहर बारह बजकर इकतीस मिनट पर व्हाट्सएप से प्रवीण को भेजा था । प्रवीण ने डब्बू निवासी नंगला ताशी थाना कंकरखेडा को भेजा था ।एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि छानबीन से यह तथ्य प्रकाश में आये कि 18 फरवरी को आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली का प्रश्न - पत्र व उत्तर कुंजी 17 फरवरी को हरियाणा के रहने वाले किसी व्यक्ति ने प्रवेश प्रधान निवासी चांदना थाना सरधना जनपद मेरठ हाल निवासी कंकरखेडा मेरठ , गुलजार निवासी खडौली थाना कंकरखेडा मेरठ और आसिफ निवासी कल्याणपुर थाना रोहटा मेरठ एंव गौरव निवासी आलमगीरपुर थाना रोहटा मेरठ को उपलब्ध कराया था ।प्रवेश प्रधान और गुलजार तथा आसिफ एवं गौरव ने इस प्रश्न - पत्र एवं उत्तर कुंजी रोहित उर्फ ललित को प्राप्त करायी थी । रोहित उर्फ ललित ने यह प्रश्न - पत्र एवं उत्तर कुंजी दीपू उर्फ दीपक को प्राप्त करायी थी ।दीपू उर्फ दीपक और बिटटू सिंह तथा प्रवेश प्रधान और आसिफ तथा मोनू एवं गुलजार भर्ती परीक्षाओं के पेपर आउट कराने का ठेका लेते हैं । दीपू उर्फ दीपक एंव उसके सहयोगियों को भर्ती परीक्षाओं के पेपर व उत्तर कुंजी हरियाणा के रहने वाले किसी व्यक्ति द्वारा उपलब्ध करायी जाती हैं । प्रवीण व रोहित उर्फ ललित तथा नवीन कुमार और साहिल व डब्बू एंव गौरव अभ्यर्थी उपलब्ध कराते हैं ।

खेलो इंडिया के

स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। उन्होंने कहा कि ये संशोधित नियम भारत को खेलों की महाशक्ति बनाने में हमारे एथलीटों का समर्थन करने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक हैं। खेलो इंडिया खेलों का पहली बार 2018 में आयोजन किया गया था। इससे पहले कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने अपने आदेश में कहा था, खेल विभाग से परामर्श के बाद अधिक स्पष्टता लाने, हाल के समय में महत्व हासिल करने वाली प्रतियोगिताओं को इसमें शामिल करने और इन प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए दिशानिर्देशों की समीक्षा की गई। आदेश के अनुसार जिन प्रतियोगिताओं को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया गया है उनमें राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप, भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल तथा खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल, खेलो इंडिया युवा खेल, खेलो इंडिया शीतकालीन खेल और खेलो इंडिया पैरा खेल शामिल हैं। संशोधित नियमों के तहत, खेलो इंडिया युवा खेलों (18 वर्ष और उससे अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए), खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों, खेलो इंडिया पैरा खेलों और खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों जैसे आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अब सरकारी रोजगार के अवसरों के पात्र होंगे। इसके अलावा भारतीय स्कूल खेल महासंघ में उपलब्धि हासिल करने वाले भी ऐसे पदों के लिए अपनी पात्रता बनाए रखेंगे। इसके मुताबिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शतरंज प्रतियोगिताओं अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी सरकारी नौकरी के पात्र होंगे। जिन खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय या राष्ट्रीय आयोजनों में देश या राज्य का प्रतिनिधित्व किया है, या जूनियर राष्ट्रीय टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है वे भी रोजगार के लिए पात्र होंगे।

अब ट्रेनों की

ऐसा वार्निंग सिस्टम है जो एक ही ट्रैक पर ट्रेनों के आमने-सामने आने पर डिवाइस तुरंत एक्टिव हो जाता है और इंजन में लगा अलार्म बजने लगता है। इससे ट्रेन को रोककर हादसों को टाला जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, करीब 65 ट्रेनों में एंटी कोलेजन डिवाइस लगाया जा चुका है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार एंटी कोलेजन डिवाइस तेज रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों में सबसे पहले लगाया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने कहा है कि 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाले एक सेमी-हाई स्पीड इंजन में ट्रेनों की 'टक्कर रोधी प्रणाली कवच' के ब्रेकिंग मापदंडों की दक्षता की जांच करने के लिए किए गए हालिया परीक्षण के परिणाम आशाजनक रहे हैं। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन द्वारा विकसित 'कवच' प्रणाली ट्रेन चालक के समय पर हरकत में आने में विफल रहने पर आपात स्थिति में स्वतः ब्रेक लगा सकती है।

संक्षेप

इंडियन वेल्स में हारे सुमित नागल

इंडियन वेल्स (अमेरिका)। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम क्वालीफाइंग दौर में दक्षिण कोरिया के सियोंग चान होंग को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद हार गए। मंगलवार को खेले गए इस मैच में 26 वर्षीय नागल को 6-2, 2-6, 6-7 (4-7) से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले अमेरिका के खिलाड़ी स्टीफन डोस्टानिक को सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से हराया था। क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हारने के बावजूद नागल को 10 रैंकिंग अंक और 14400 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। नागल इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। उन्होंने चेन्नई चैलेंजर्स का खिताब जीता था। इससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में प्रवेश करने में सफल रहे थे। इसके बाद वह हालांकि पुणे और दुबई में खेली गई प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।

पेरिस ओलंपिक : भारतीय पुरुष हॉकी टीम 27 जुलाई से

लुसाने। भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में अपने पहले मुकाबले में 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक की हॉकी स्पर्धा का कार्यक्रम जारी किया गया। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत को पूल बी में रखा गया है। भारतीय टीम 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से भिड़ने के बाद 29 जुलाई को अर्जेन्टीना, 30 जुलाई को आयरलैंड, एक अगस्त को बेल्जियम और दो अगस्त को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। पूल ए में नीदरलैंड, स्पेन, जर्मनी, फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका को जगह मिली है। क्वार्टर फाइनल चार अगस्त को जबकि सेमीफाइनल छह अगस्त को खेला जाएगा। कांस्य पदक का प्ले ऑफ और फाइनल आठ अगस्त को होगा। कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रमुख थॉमस बाक और अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम मौजूद थे। मुकाबले कोलोंबेस के युवेस-डु-मेनोइर स्टेडियम में खेले जाएंगे। बेल्जियम पुरुष वर्ग में गत चैंपियन है।

अश्विन के 100वें टेस्ट मैच को यादगार बनाने उतरेगा भारत

धर्मशाला में जीत के साथ स्वदेश लौटना चाहेगा इंग्लैंड

धर्मशाला। पिछले तीन मैच में जीत से श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच को अपने स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए यादगार बनाने की कोशिश करेगी जिनका यह 100वां टेस्ट मैच होगा। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां टेस्ट मैच होगा और उनकी टीम भी जीत के साथ अपने अभियान का समापन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत ने रांची में चौथा टेस्ट मैच जीत कर घरेलू धरती पर अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखा और अब उसकी निगाह श्रृंखला में 4-1 से जीत दर्ज करके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपने शीर्ष स्थान को मजबूती प्रदान करने पर टिकी है। धर्मशाला की पिच और मौसम को देखकर इंग्लैंड को घरेलू धरती पर खेलने का अहसास हो रहा है। मैच के पहले दो दिन तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है जबकि सप्ताहांत में इसमें कुछ बढ़ोतरी होगी। मैच की पूर्व संध्या पर पिच सपाट नजर आ रही है लेकिन नमी के कारण सभी दिन शुरू में तेज गेंदबाजों को भी मदद मिलने की उम्मीद है।

टीम इस प्रकार हैं:

भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

इंग्लैंड: बेन स्टोक्स (कप्तान), जेम्स एंडरसन, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, जैक क्रॉली, बेन डकेट, बेन फोक्स (विकेटकीपर), डैन लॉरेंस, टॉम हार्टले, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, मार्क वुड।

मैच प्रसारण सुबह 9.30 बजे से

अश्विन जैसे खिलाड़ी दुर्लभ हैं : रोहित

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने की तैयारी में लगे रविचंद्रन अश्विन को दुर्लभ प्रतिभा का खिलाड़ी करार देते हुए बुधवार को कहा कि इस ऑफ स्पिनर की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी। रोहित ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए 100 टेस्ट मैच खेलना बड़ी उपलब्धि होती है। वह हमारे लिए मैच विजेता खिलाड़ी रहा है। उसने हमारे लिए जो कुछ भी किया है उसे देखते हुए उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी। उन्होंने कहा, पिछले पांच-सात वर्षों में उसके प्रदर्शन को देखिए। प्रत्येक श्रृंखला में उसने योगदान दिया है। उसके जैसे खिलाड़ी दुर्लभ होते हैं। अश्विन के नाम पर अभी टेस्ट क्रिकेट में 507 विकेट दर्ज हैं। वह अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं जिन्होंने टेस्ट मैचों में 500 से अधिक विकेट लिए हैं।

मां ने अस्पताल से कहा था, तुम्हें वापस जाना चाहिए : अश्विन

चेन्नई के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में लेटी चित्रा रविचंद्रन बार-बार बेहोश हो रही थी, लेकिन जब उन्होंने बेटे रविचंद्रन अश्विन को अपने बिस्तर के पास देखा तो उनके मन में बस एक ही सवाल था, तुम यहां क्यों आए? अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बनने के कुछ घंटों बाद, मां के बीमार होने के कारण अश्विन राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच के बीच में चेन्नई अपने घर वापस चले गये। अश्विन की मां अचेत हो गयी थी और उन्हें अस्पताल के आईसीयू में भर्ती करना पड़ा था। अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट की पूर्व संध्या पर ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, जब मैं अस्पताल पहुंचा, तो मेरी माँ लगातार होश में आने के बाद बेहोश हो जा रही थी। मुझे वहां देखने के बाद उन्होंने पहली चीज मुझसे पूछी, तुम क्यों आए ?अगली बार जब वह होश में आई तो उसने कहा कि मुझे लगता है कि तुम्हें वापस जाना चाहिए क्योंकि टेस्ट मैच चल रहा है।

घरेलू क्रिकेट खेलना महत्वपूर्ण है

धर्मशाला। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बनाने वाले खिलाड़ी खुद को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रखें, बशर्ते भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने उन्हें अनफिट घोषित नहीं किया हो। एक प्रारूप पर दूसरे को प्राथमिकता देने वाले खिलाड़ियों को कड़ा संदेश देते हुए बीसीसीआई ने सभी अनुबंधित क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सलाह दी थी और रणजी ट्रॉफी खेलने के बोर्ड के निर्देशों की अनदेखी करने पर 2023 एकदिवसीय विश्व कप टीम में शामिल खिलाड़ियों इशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों के पूल से बाहर कर दिया था। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट से पूर्व रोहित ने स्पष्ट किया कि यह कदम सभी खिलाड़ियों पर लागू होता है और यह सिर्फ कुछ खिलाड़ियों के लिए नहीं है। रोहित ने कहा कि इस बारे में लंबे समय से चर्चा चल रही है। जब खिलाड़ी उपलब्ध होंगे तो उन्हें खुद को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए उपलब्ध कराना होगा जब तक कि उन्हें चिकित्सा समूह से प्रमाण पत्र नहीं मिल जाए उन्हें आराम की जरूरत है या वे घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लेंगे। लेकिन अगर आप उपलब्ध हैं, अगर आप फिट हैं, अगर आप ठीक हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि हम जाएं और खेलें। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कुछ क्रिकेटरों के लिए नहीं है, यह हर किसी के लिए है कि वे सुनिश्चित करें कि जब भी आप उपलब्ध हों, और ठीक हैं, आप घरेलू क्रिकेट खेलें।

स्टोक्स ने धर्मशाला की पिच को बल्लेबाजी के अनुकूल बताया : इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने धर्मशाला की पिच को पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल बताया और यही मुख्य कारण है कि उन्होंने भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को टीम में नहीं चुना। धर्मशाला में साल के इस समय में सामान्य से अधिक ठंड होती है जिससे तेज गेंदबाजों की दिलचस्पी बनी रहती है लेकिन पिच पर कोई घास नहीं छोड़े जाने के कारण इंग्लैंड के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

जायसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 10 में

दुबई। भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा घरेलू श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर बुधवार को अपने करियर में पहली बार टेस्ट बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए। वर्ष 2023 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले जायसवाल 727 रेटिंग अंक के साथ दो स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर हैं। रोहित शर्मा को 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय कप्तान को दो स्थान का फायदा हुआ है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की पूरी श्रृंखला से बाहर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। रांची में चौथे टेस्ट में शतक जड़ने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनों पारियों में विफल रहे मार्नस लाबुशेन पांच स्थान के नुकसान से 13वें स्थान पर खिसक गए। गेंदबाजों में भारत के रविंद्र जडेजा एक स्थान फिसलकर सातवें स्थान पर हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया की न्यूजीलैंड पर 172 रन की जीत के बाद जोश हेजलवुड और नाथन लियोन दोनों रैंकिंग में ऊपर चढ़कर क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर हैं।

कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन की पांच विकेट से जीत

लखनऊ। सम्यक त्रिवेदी (3 विकेट) की अगुवाई में उम्दा गेंदबाजी की बदौलत कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के बुधवार को खेले गए मुकाबले में आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी को 5 विकेट से हराकर पूरे अंक हासिल किए।

गियर क्रिकेट ग्राउंड पर आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी पहले बल्लेबाजी करते हुए 32.4 ओवर में 129 रन ही बना सकी। टीम सेआकाश यादव ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। मोहम्मद अजहरुद्दीन (31), अभय प्रताप सिंह (22) व सूरज यादव (15) बनाये। कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन से सम्यक त्रिवेदी 3, आकाश गुप्ता, अर्पित कुमार सिंह व हिमांशु मिश्रा को 2-2 विकेट मिले। जवाब में कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने 31.4 ओवर में 5 विकेट पर 130 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम से द्रव्य कुमार कुशवाहा ने नाबाद 50 रन की पारी से टीम को जीत दिलाई। सचिन सिंह ने 51 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन के सम्यक त्रिवेदी को प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सिंधू, श्रीकांत दूसरे दौर में पहुंचे, प्रणय हारे

फ्रेंच ओपन बैडमिंटन

पेरिस। भारत की अनुभवी खिलाड़ी पीवी सिंधू बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में कनाडा की मिशेल ली की मुश्किल चुनौती को खत्म कर दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को विश्व रैंकिंग में पूर्व में आठवें पायदान पर रही ली ने तीन गेम तक चले मुकाबले में कड़ी टक्कर दी। सिंधू हालांकि एक घंटे और 20 मिनट तक चले मैच के पहले गेम में पिछड़ने के बाद 20-22, 22-20, 21-19 से जीत दर्ज करने में सफल रही। पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के चोउ टियेन चेन पर शानदार जीत दर्ज की लेकिन एचएस प्रणय पहले दौर में ही बाहर हो गये। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत की चेन के खिलाफ सात मैचों में यह तीसरी जीत है। उन्होंने 66 मिनट तक चले मुकाबले को 21-15, 20-22, 21-8 से अपने नाम किया। साल 2021 विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत का सामना दूसरे दौर में चीन के विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी लू गुआंग जू से होगा। गुआंग ने भारत के एचएस प्रणय के अभियान को 21-17, 21-17 से हराकर खत्म किया। घुटने की चोट से उबर कर अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रही सिंधू की ली पर यह 13 मैचों में 10वीं जीत है। सिंधू पिछले साल अक्टूबर में इसी स्पर्धा में खेलते हुए चोटिल हुई थी। इस मुकाबले के ज्यादातर समय सिंधू उस लय में नहीं दिखी जिसके लिए उन्हें जाना जाता है। पहले गेम को गंवाने के बाद सिंधू दूसरे गेम में 13-17 से पिछड़ रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और इस गेम को जीतने के बाद उनका आत्मविश्वास भी बढ़ गया। उन्होंने इस आत्मविश्वास को तीसरे गेम में भी जारी रखा। सिंधू को यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में थोड़ा समय लगा लेकिन कनाड़ा की खिलाड़ी के खेल में शुरू से पैनापन दिखा। ली ने 11-7 की बढ़त हासिल की लेकिन सिंधू ने वापसी कर इसे 14-14 किया।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत

अयोध्या में रन-फॉर-राम हॉफ मैराथन 10 को

लखनऊ। विगत 22 जनवरी को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भव्य राम-लला जी की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद संघ का आनुषांगिक संगठन क्रीड़ा भारती एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद अवनीश कुमार सिंह ने के डी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि 10 मार्च को अयोध्या में रन-फॉर-राम नाम से हॉफ-मैराथन के आयोजन में देश-विदेश से प्रतियोगी जुटेंगे। अयोध्या जी में राम-पथ और भक्ति-पथ पर आयोजित कार्यक्रम के लिए 3 हजार से ज्यादा देशी-विदेशी लोगों ने स्पेशल वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है।

प्रेस्टीज सिंगल वॉल वॉटर बॉटल्स लॉन्च

नई दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने पानी पीने के सॉल्यूशन की अपनी नई रेंज - प्रेस्टीज सिंगल वॉल वॉटर बॉटल्स को पेश किया है। इस कलेक्शन में अलग-अलग रंगों और क्षमताओं के विकल्प के साथ वॉटर बॉटल्स की चार वैराइटी हैं। इन्हें हर किसी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। उत्पादों की उनकी पूरी श्रृंखला में यह एक अद्भुत संकलन है। गर्मियों के पास आने के साथ, ये नए वॉटर बॉटल्स हर किसी के लिए पानी पीने का एक सही सॉल्यूशन है। ये बॉटल्स ना केवल वजन में हल्की हैं, बल्कि इनमें अन्य पेय भी रख सकते हैं, जिससे आपको हाइड्रेट रहने में मदद मिलती है। ये बॉटल्स पेशेवरों, स्टूडेंट्स और घरों के लिए भी टिकाऊ, स्पिल-प्रूफ और साफ करने में आसान है। उच्च गुणवत्ता वाली ये स्टेनलेस स्टील की बोतलें हर किसी की पसंद हैं, क्योंकि यह पर्यावरण के अनुकूल हैं। इससे यह सुनिश्चित हो जाता है कि आप साफ और शुद्ध पानी पी रहे हैं। रंगों के इनके स्टाइलिश और खूबसूरत विकल्पों के कारण, प्रेस्टीज वॉटर बॉटल आपकी सुंदरता में भी चार-चांद लगा देगा। चाहे आप किसी मीटिंग के लिए जा रहे हों या फिर कहीं घूमने-फिरने। प्रेस्टीज वॉटर बॉटल्स, प्लास्टिक की जगह इन्हें चुनना आसान कर देती हैं।

लावा का ब्लेज कर्व 5जी लॉन्च

नईदिल्ली। भारत के प्रमुख स्मार्टफोन ब्रांड, लावा इंटरनेशनल ने आज बड़े गर्व के साथ ब्लेज कर्व 5जी को लॉन्च किया है, और मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट को एक नई परिभाषा देने वाला यह स्मार्टफोन बड़े पैमाने पर बदलाव लाने के लिए तैयार है, जिसमें सहज तरीके से मल्टीटास्किंग के लिए इस सेगमेंट में सबसे बेहतर 8जीबी में पहली बार 128जीबी/256जीबी इंटरनल स्टोरेज जैसे फीचर्स मौजूद हैं। इन फीचर्स की मौजूदगी की वजह से ऐप खोलने की दर 100 फीसद तक तेज हो जाती है। इस स्मार्टफोन में बिजली की तरह तेज मीडियाटेक डिमेन्सिटी 7050 प्रोसेसर लगाया गया है, जो इसकी स्पीड और काम करने की क्षमता को बेमिसाल बना देता है। जो इस सेगमेंट में सबसे बेहतर है और इस तरह यह स्मार्टफोन इस प्राइस सेगमेंट में गेमिंग और ऐप अनुभवों के लिए एक नई मिसाल कायम कर रहा है।

सेंसेक्स-निफ्टी नये शिखर पर

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लाभ में रहे और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गये। यूरोपीय बाजारों में तेजी के बीच बैंक और चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 408.86 अंक यानी 0.55 प्रतिशत उछलकर नये रिकॉर्ड स्तर 74,085.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 474.14 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 117.75 अंक यानी 0.53 प्रतिशत मजबूत होकर नये शिखर 22,474.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 140.9 अंक तक चढ़ गया था। विश्लेषकों ने कहा कि दोनों मानक सूचकांकों में कारोबार के पहले चरण में गिरावट रही लेकिन निजी बैंकों और दवा कंपनियों के शेयरों में लिवाली और यूरोपीय बाजारों में शुरुआती तेजी के साथ इनमें मजबूती आई। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक सबसे ज्यादा 2.47 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, सन फार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, मारुति, जेएसडब्ल्यू स्टील, पावर ग्रिड और टाटा मोटर्स शामिल हैं। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख के कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में बयान से पहले वैश्विक बाजार में मिला-जुला रुख रहा। घरेलू बाजार में कारोबार के दूसरे चरण में अच्छी तेजी आई और बाजार शुरुआती गिरावट से बाहर आ गया। बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से तेजी आई।

रुपया सात पैसे की तेजी के साथ बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की तेजी के साथ 82.83 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशों में अपने प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर रहने तथा घरेलू शेयर बाजार की मजबूत धारणा के बीच रुपये में तेज आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से रुपये पर दबाव कायम हो गया और इसने रुपये की बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.90 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 82.82 से 82.91 प्रति डॉलर के दायरे में घट-बढ़ के बाद अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की तेजी के साथ 82.83 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। मंगलवार को रुपया 82.90 प्रति डॉलर पर अपरिवर्तित बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत घटकर 103.55 रह गया।

ईएफटीए समझौते में स्विट्जरलैंड से सोना आयात पर शुल्क रियायत दे सकता है भारत

नयी दिल्ली। भारत चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में स्विट्जरलैंड से सोने के आयात पर कोटा-आधारित शुल्क रियायत दे सकता है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि भारत ने व्यापार समझौता लागू होने के पहले 10 साल में 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता और अगले पांच वर्षों में समूह के सदस्यों से 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता की मांग रखी है। इस समझौते में स्विट्जरलैंड ने भारत से सोने पर आयात शुल्क में रियायत देने की मांग प्रमुखता से रखी थी। स्विट्जरलैंड से भारत के आयात में सोने की हिस्सेदारी करीब 80 प्रतिशत है। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ व्यापार समझौते में सीमा शुल्क कोटा (टीआरक्यू) के तहत सोने की एक तय मात्रा पर घरेलू आयातकों को एक प्रतिशत की रियायत दी है। एक सूत्र ने कहा, ईएफटीए समझौते के तहत इसी तरह की शुल्क रियायतों पर भी काम किया जा रहा है। इस मुद्दे पर वाणिज्य मंत्रालय ने ईमेल से पूछे गए सवाल पर कोई टिप्पणी नहीं की। फिलहाल सोने के आयात पर 12.5 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क और 2.5 प्रतिशत उपकर लगता है। चालू वित्त वर्ष में जनवरी तक सोने का आयात 30 प्रतिशत बढ़कर लगभग 38 अरब डॉलर का रहा है।

पी-नोट्स से निवेश घट कर 1.43 लाख करोड़

नयी दिल्ली। भारतीय पूंजी बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट्स (पी-नोट्स) के जरिये होने वाला निवेश विदेशी निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से जनवरी में हल्की गिरावट के साथ 1.43 लाख करोड़ रुपये रहा।

पी-नोट्स के जरिये भारतीय बाजार में निवेश पिछले एक साल में बढ़कर दिसंबर, 2023 में 1,49,447 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह आंकड़ा जनवरी, 2023 में 91,469 करोड़ रुपये था। भारतीय शेयर बाजार में पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) यहां पर पंजीकरण कराए बगैर निवेश की मंशा रखने वाले विदेशी निवेशकों के लिए पी-नोट्स जारी करते हैं। हालांकि, इसके लिए भी विदेशी निवेशकों को जांच-परख के दौर से गुजरता पड़ता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय बाजार में इक्विटी, कर्ज एवं हाइब्रिड प्रतिभूति खंडों में पी-नोट्स से निवेश का कुल मूल्य जनवरी, 2024 के अंत में 1.43 लाख करोड़ रुपये रहा, जो दिसंबर, 2023 की तुलना में थोड़ा कम है। एफपीआई निवेश के रुझान के साथ पी-नोट्स का प्रवाह भी निर्धारित होता है। कारोबारी परिवेश को किसी तरह का जोखिम होने पर इस मार्ग से निवेश बढ़ जाता है। बाजार के जानकारों का मानना है कि एफपीआई ने नए साल की शुरुआत सतर्क रुख के साथ की लेकिन कुछ प्रमुख शेयरों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से निवेशकों ने मुनाफावसूली करनी शुरू कर दी। जनवरी में पी-नोट्स के जरिये आए निवेश में 1.26 लाख करोड़ रुपये इक्विटी, 16,731 करोड़ रुपये ऋण या बॉन्ड और 445 करोड़ रुपये हाइब्रिड प्रतिभूतियों में लगाए गए।

पेटीएम वॉलेट उपयोग करने वाले 85 प्रतिशत लोगों को कोई समस्या नहीं: शक्तिकांत दास

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि पेटीएम वॉलेट का उपयोग करने वाले 80-85 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं को नियामकीय कार्वाई के कारण किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं शेष उपयोगकर्ताओं को अपने ऐप को अन्य बैंकों से जोड़ने की सलाह दी गई है।

रिजर्व बैंक ने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया। दास ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े वॉलेट को अन्य बैंकों के साथ जोड़ने की समयसीमा 15 मार्च तय की गई है। उन्होंने समयसीमा आगे बढ़ाये जाने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि 15 मार्च तक का दिया गया समय पर्याप्त है और इसे आगे बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि 80-85 प्रतिशत पेटीएम वॉलेट अन्य बैंकों से जुड़े हुए हैं और शेष 15 प्रतिशत को अन्य बैंकों से जुड़ने की सलाह दी गई है। दास ने कहा कि आरबीआई ने अपने नियमन के दायरे में आने वाली इकाई...पीपीबीएल के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के खिलाफ कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके उलट आरबीआई वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवोन्मेष का समर्थन करता है और नये उत्पादों के परीक्षण को लेकर सैंडबॉक्स (सीमित दायरे में उत्पादों का लाइव परीक्षण) व्यवस्था लेकर आया है। आरबीआई फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों) का पूरा समर्थन करता है और करता रहेगा...आरबीआई फिनटेक के विकास के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोई व्यक्ति फेरारी का मालिक हो सकता है और उसे चला सकता है, लेकिन फिर भी उसे दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करना होगा। यह पूछे जाने पर कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) पेटीएम भुगतान ऐप लाइसेंस पर कब निर्णय लेगा, दास ने कहा कि आंतरिक जांच-पड़ताल के बाद ही इस संबंध में कदम उठाया जाना है। दास ने कहा, जहां तक आरबीआई का सवाल है, हमने उन्हें सूचित कर दिया है कि अगर एनपीसीआई पेटीएम भुगतान ऐप को जारी रखने पर विचार करता है तो हमें कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि हमारी कार्रवाई पेटीएम पेमेंट बैंक के खिलाफ थी। ऐप एनपीसीआई के पास है...एनपीसीआई इसपर विचार करेगा...मुझे लगता है कि उन्हें इस बारे में जल्द ही निर्णय करना चाहिए। महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों (जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, पीएमआई आदि) के आधार पर हमारा मानना है कि चौथी तिमाही में आर्थिक वृद्धि 5.9 प्रतिशत को पार कर जाएगी। जब यह होगा, तो निश्चित रूप से सालाना वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत से अधिक होगी। इसकी काफी संभावना है कि चालू वर्ष में जीडीपी आंकड़ा आठ प्रतिशत के आसपास होगा।

सोना 150 रुपये चढ़कर 65,150 रुपये के नये रिकॉर्ड पर, चांदी 400 रुपये टूटी

नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की बढ़त के साथ 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। लगातार दूसरे दिन बढ़त हासिल करते हुए सोना 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में सोने की कीमत 65,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमत 400 रुपये की गिरावट के साथ 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजार में सोना (24 कैरेट) 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 150 रुपये की तेजी को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोना हाजिर मजबूती के साथ 2,122 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 12 डॉलर की मजबूती दर्शाता है। हालांकि, चांदी अपने पिछले बंद भाव 23.88 डॉलर प्रति औंस के मुकाबले घटकर 23.75 डॉलर प्रति औंस पर थी।

नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2024 शुरू

नई दिल्ली। नेशनल पोकर सीरीज इंडिया, देश की प्रतिष्ठित और सबसे ज्यादा अपेक्षित पोकर सीरीज, के चौथे एडिशन की शुरूआत हुई है। पहले दिन मिलीं 11800 से ज्यादा एंट्रीज के साथ नेशनल पोकर सीरीज इंडिया ने 21 दिनों का सफर शुरू कर दिया है। इसमें देश की बढ़ती पोकर कम्युनिटी का एक-दूसरे से मुकाबला होगा, हुनर का रोमांचक खेल दिखेगा और शानदार इनाम भी मिलेगा। पोकर सीरीज में पहली बार 50 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्राइज मिल रहे हैं। इस साल के इवेंट में जीते जाने के लिये 450 से ज्यादा मेडल्स हैं। और प्लेयर्स भारत में किसी पोकर सीरीज से मिल रहा सबसे बेहतरीन अनुभव पाने के लिये तैयार हैं। सीरीज में 150 टूनार्मेंट्स होंगे, जिनकी शुरूआत 3 मार्च से होगी और जो 24 मार्च 2024 को खत्म होंगे। नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2024 को अपने पहले ही दिन देशभर से 11,800+ एंट्रीज मिली हैं। इसके अलावा, किक-ऑफ टूनार्मेंट में ही शानदार 2,500+ एंट्रीज के साथ पिछले रिकॉर्ड टूट चुके हैं। यह पिछले एडिशनों से 25 फीसद ज्यादा हैं।

भारत अब आत्मविश्वासी व आत्मनिर्भर

इंडिया ग्लोबल फोरम के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किया संबोधित

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने मुद्रास्फीति को पांच प्रतिशत से नीचे रखा हुआ है जबकि कांग्रेस की अगुवाई वाली पिछली सरकार के समय यह दहाई अंक में पहुंच गई थी।

शाह ने यहां इंडिया ग्लोबल फोरम के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत नाजुक थी, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर थी और राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण से बाहर था। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय औसत मुद्रास्फीति 8.2 प्रतिशत थी और उसके शासनकाल के अंतिम तीन साल में तो यह दहाई अंक तक पहुंच गई थी।

उन्होंने कहा, कांग्रेस की अगुवाई वाली संप्रग सरकार के समय मुद्रास्फीति दहाई में थी लेकिन हमारी सरकार ने इसे पांच प्रतिशत से नीचे रोक दिया है। संप्रग सरकार के समय 12 लाख करोड़ रुपये के विभिन्न घोटालों से देश का विश्वास हिल गया था और साठगांठ वाला (क्रॉनी) पूंजीवाद अपने चरम पर था। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति की तुलना संप्रग सरकार के शासनकाल से की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, जबतक आप यह नहीं जानते कि

गड्ढा कितना गहरा है, आप प्रगति को नहीं समझ सकते हैं। उन्होंने कहा, संप्रग सरकार के 10 साल देश की वृद्धि गाथा से लगभग नदारद थे। आप उन वर्षों को खोज ही नहीं सकते हैं। वृद्धि के नाम पर उन 10 वर्षों में कुछ भी नहीं हुआ था। ऐसे हालात में मोदी जी ने देश की बागडोर संभाली थी। शाह ने कहा, भारत अब एक आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर देश है, जिसने खुद को निष्क्रिय सरकार से गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष अर्थव्यवस्था में बदल दिया है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज भारत एक नीति-संचालित देश के रूप में उभरा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कहा, हम अपनी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन और अगले 25 वर्षों के रोडमैप के साथ चुनाव में उतर रहे हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दूरदर्शी प्रधानमंत्री बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरा होने तक भारत पूरी तरह से विकसित, आत्मनिर्भर और दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी और 2040 तक एक व्यक्ति को चंद्रमा पर भेजने का इरादा भी है।

प्रौद्योगिकी,नवाचार, एआई में अग्रणी देश के रूप में स्थापित करें युवा

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को युवाओं का आह्वान किया कि वे प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृत्रिम मेधा (एआई), स्टार्ट-अप और इससे जुड़े क्षेत्रों में भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने के लिए आगे आएं। उन्होंने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 के समापन समारोह में यह भी कहा कि युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और दृढ़ संकल्प ही वैश्विक समृद्धि, नवाचार और सामाजिक सद्भाव का आधार है।

इस समारोह में खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद थे। बिरला ने कार्यक्रम के वक्ताओं का उल्लेख करते हुए कहा, स्पष्ट सोच वाले कुशल वक्ताओं को देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई और वह आश्वस्त हैं कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की जिम्मेदारी बहुत सक्षम हाथों में है। लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात का उल्लेख किया कि संसद के केंद्रीय कक्ष ने भारत की राष्ट्र-निर्माण की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह कक्ष विदेशी अधीनता से आजाद होकर देश में लोकतंत्र और गणतंत्र की स्थापना का प्रतीक है। बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और दृढ़ संकल्प से भारत भविष्य में विश्व मंच पर समृद्धि, नवाचार और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बन सकता है। उन्होंने कहा, तकनीकी प्रगति और नवाचार के वर्तमान युग में, युवाओं के लिए यह आवश्यक है कि वे आगे बढ़कर देश को प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृत्रिम मेधा, स्टार्टअप और इससे जुड़े क्षेत्रों में भारत को एक अग्रणी देश के रूप में सुस्थापित करें।

संक्षेप

त्रिशूली नदी में बस गिरने से सात की मौत

काठमांडू। नेपाल के बागमती प्रांत में बुधवार तड़के एक यात्री बस के नदी में गिर जाने से एक महिला समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। नेपाल के दैनिक समाचारपत्र द हिमालयन टाइम्स की खबर के मुताबिक काठमांडू जा रही यात्री बस पर घाटबेसी इलाके में चालक नियंत्रण नहीं रख सका और वह त्रिशूली नदी में गिर गई। धाडिंग जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौतम केसी के अनुसार इस दुर्घटना में एक महिला सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में कम से कम 30 यात्री घायल हो गए। इन लोगों को नेपाल पुलिस, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल सेना के साथ स्थानीय लोगों ने बचाया। द हिमालयन टाइम्स की खबर के मुताबिक गौतम केसी ने कहा, घायलों को बचा लिया गया और स्थानीय स्वास्थ्य सुविधा में प्राथमिक उपचार के बाद आगे के इलाज के लिए काठमांडू ले जाया गया। खबर के मुताबिक मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। बस के चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बस के नदी में गिरने से यात्रियों को लगी चोटों को देखते हुए मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

द. कोरिया के साथ प्रौद्योगिकियों में विस्तार चाहता है भारत

एजेंसी

सियोल। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत, दक्षिण कोरिया के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक

समसामयिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसे नये क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करना चाहता है।

जयशंकर ने अपने समकक्ष चो ताये-यूल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह-अध्यक्षता के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच रक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और व्यापार के क्षेत्र में सहयोग पर व्यापक व सार्थक चर्चा हुई। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज (बुधवार को) सियोल में विदेश मंत्री चो ताये-यूल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की, जो व्यापक और सार्थक रही। उन्होंने कहा कि बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों में विस्तार, रक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, व्यापार में सहयोग, दोनों देशों की जनता का आवागमन और सांस्कृतिक सहयोग पर चर्चा हुई। जयशंकर ने कहा, द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के विकास, क्षेत्र में चुनौतियों के प्रति हमारी सहमति और आपसी हितों के क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों को लेकर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

जयशंकर ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दक्षिण कोरिया के दौरे के वक्त द्विपक्षीय संबंध एक नयी ऊंचाई तक पहुंचे थे। विदेश मंत्री ने कहा, यह जरूरी है कि हम उसे बनाए रखें। बीते वर्षों में हम और मजबूत हुए हैं।

कांग्रेस के घोषणा पत्र का मसौदा खरगे को सौंपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस की घोषणा पत्र समिति ने घोषणा पत्र का मसौदा बुधवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप दिया। समिति के प्रमुख पी चिदंबरम एवं इसके कुछ अन्य सदस्यों ने खरगे को घोषणा पत्र का मसौदा सौंपा।

खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, हरित क्रांति और श्वेत क्रांति से लेकर सार्वजनिक उपक्रमों के निर्माण तक, दूरसंचार एवं आईटी क्रांति से उदारीकरण तक, समावेशी शासन से अधिकार आधारित प्रतिमान तक कांग्रेस हमेशा भारत के कल्याण और विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा, 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए न्याय पर आधारित हमारे घोषणापत्र का मसौदा तैयार है और आज कांग्रेस घोषणापत्र समिति द्वारा मुझे प्रस्तुत किया गया। कांग्रेस कार्यसमिति के समक्ष इसे अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस का घोषणा पत्र न्याय के पांच स्तंभों पर केंद्रित रहने वाला है।

भाजपा ने की बंगाल सरकार की आलोचना

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का विरोध करने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना की और इसे बहुत शर्म का विषय बताया। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाने का राज्य सरकार का फैसला उसकी नैतिकता को दर्शाता है। पुरी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस अपराध से इनकार नहीं कर रही है बल्कि शेख को राजनीतिक संरक्षण भी दे रही है।

उन्होंने कहा कि आरोपी ने नहीं बल्कि सरकार ने उच्चतम न्यायालय में अपील की है। मंत्री ने कहा कि पहले राज्य सरकार ऐसी घटनाएं होनी देती है और फिर इस तरह का बर्ताव करती है। उन्होंने कहा, यह बहुत शर्म की बात है।

बाइडन और ट्रंप ने सुपर ट्यूजडे प्राइमरी चुनाव में मारी बाजी

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद की दावेदारी के लिए देशभर के 15 राज्यों में हुए अपनी-अपनी पार्टी के प्राइमरी चुनावों में जीत हासिल करने में कामयाब रहे, जिससे इस साल नवंबर में दोनों नेताओं के बीच एक बार फिर से आमना-सामना होने का मार्ग प्रशस्त होता प्रतीत हो रहा है।

साथ ही भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली पर अपनी दावेदारी को छोड़ने का दबाव बढ़ गया है। राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से बाइडन और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से ट्रंप को प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

भारत और मालदीव के बीच बढ़ी तल्खी

एजेंसी

माले। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने घोषणा की है कि उनका देश हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण के लिए भारत के साथ हुए समझौते का नवीनीकरण नहीं करेगा और यह सर्वेक्षण करने के लिए आवश्यक सुविधाएं और मशीन हासिल करने की योजना बनायी जा रही है।

मुइज्जू ने यह भी घोषणा की कि उनका देश मालदीव के जल क्षेत्र के लिए चौबीस घंटे काम करने वाली निगरानी प्रणाली इसी महीने स्थापित करने के लिए काम कर रहा है ताकि बड़े क्षेत्र के बावजूद इसके विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब चीन नैं मजबूतै द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए मुफ्त सैन्य सहायता प्रदान करने के वास्ते मालदीव के साथ कुछ दिन पहले ही एक रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। चीन समर्थक मुइज्जू के पिछले साल सत्ता संभालने के बाद से भारत-मालदीव संबंधों को झटका लगा है। नवंबर 2023 में शपथ लेने के कुछ घंटे बाद, मुइज्जू ने मालदीव की संप्रभुता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया और पहले कदमों में भारत से अपने सभी सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की।

मुइज्जू ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब एक चीनी अनुसंधान पोत ने माले के आसपास लगभग एक सप्ताह और मालदीव के ईईजेड के ठीक बाहर एक महीने से अधिक समय बिताया। मुइज्जू ने सोमवार को कुछ द्वीपों का दौरा किया था।

इंटरटेनमेंट...

करण जौहर करेंगे 71वें मिस वर्ल्ड को होस्ट

मुंबई। भारत मिस वर्ल्ड पेजेंट को होस्ट करने की तैयारी कर रहा है। ये कॉम्पिटिशन भारत में 28 साल के बाद होने जा रहा है। इससे पहले ये कॉम्पिटिशन 1996 में बैंगलोर में हुआ था। इस बार ये पेजेंट फिल्म मेकर करण जौहर होस्ट करेंगे। होस्टिंग में उनका साथ मिस वर्ल्ड 2013 मेगन यंग भी देती नजर आएंगी। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी। मिस वर्ल्ड पेजेंट का ये 71वां साल होगा।

मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में 9 मार्च को समारोह का आयोजन किया जाएगा। जियो वर्ल्ड सेंटर मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में स्थित है। अक्सर यहां फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े बड़े-बड़े इवेंट्स होते रहते हैं। फेमिना मिस इंडिया 2022 की विनर सिनी शेट्टी मिस वर्ल्ड 2023 कॉम्पिटिशन में भारत को रिप्रेजेंट करेंगी। हाल ही में सिनी ने मिस वर्ल्ड मिस पेजेंट के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा- वर्ल्ड का हमेशा उद्देश्य रहा है ब्यूटी विद आ पर्पज। यहां केवल सुंदरता ही नहीं बल्कि उद्देश्य भी मायने रखता है। यही कारण है कि इन कॉम्पिटिशन्स में महिलाएं अपने मुद्दों के साथ खड़ी रहती हैं, जैसे- दुनिया भर में शांति फैलाना, ज्यादा से ज्यादा लोगों

की मदद करना। मानवता के हित के लिए कुछ करना। सिनी शेट्टी मिस वर्ल्ड 2023 कॉम्पिटिशन में भारत को रिप्रेजेंट करेंगी। सिनी ने भारत के बारे में भी बातचीत की। उन्होंने कहा- भारत एक ऐसा देश है, जहां मॉडर्नाइजेशन और ट्रेडिशन का कॉम्बिनेशन देखने को मिलता है।

जाह्नवी कपूर अभिनेता राम चरण के साथ आयेंगी नजर



नयी दिल्ली। अभिनेत्री जाह्नवी कपूर फिल्म आरआरआर के स्टार अभिनेता राम चरण के साथ अपनी अगली तेलुगु फिल्म में नजर आएंगी। फिल्म निर्माताओं ने बुधवार को यह जानकारी दी। रामचरण और कपूर की इस तेलुगु फिल्म का नाम आरसी 16 है और इसका निर्देशन करेंगे बुच्ची बाबू सना। प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवी मेकर्स ने जाह्नवी कपूर के 27वें जन्मदिन के मौके पर इस फिल्म के बारे में जानकारी साझा की है। बैनर ने पोस्ट में कहा, आरसी16 का स्वागत। जाह्नवी कपूर को जन्मदिन की शुभकामनाएं। जाह्नवी कपूर फिल्म देवरा से तेलुगु फिल्मों में शुरुआत करने जा रही हैं। इस फिल्म में वह जूनियर एनटीआर के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, एनटीआर ने एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर में भी अभिनय किया था। देवरा फिल्म का निर्देशन के. शिवा कर रहे हैं।

'क्रू' का गाना रिलीज, तब्बू करीना व कृति सेनन एक साथ

आज तब्बू, करीना कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'क्रू' का गाना 'नैना' रिलीज हुआ। इस गाने में दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने अपनी आवाज दी है। 'नैना' में तब्बू, करीना और कृति के ग्लैमरस लुक्स देखने को मिले। तीनों ने अपनी अदाओं से गाने में चार चांद लगा दिए हैं। गाने में एयरपोर्ट और प्लेन के अंदर के सीन भी देखने को मिले। वीडियो में रेड ड्रेस में तब्बू, ऑरेंज में कृति और ग्रीन में करीना खूब जंचती नजर आ रही हैं। गाना रिलीज होते ही फैंस अपने रिएक्शन दे रहे हैं। जहां एक फैन ने लिखा- दिलजीत और करीना की जोड़ी जबरदस्त लगती है। इन दोनों को किसी फिल्म में साथ काम करना चाहिए। वहीं दूसरे यूजर ने कृति सेनन की तारीफ की। एक और यूजर ने दिलजीत और करीना को धमाका जोड़ी कहा।

'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' का रोंगटे खड़े कर देने वाले ट्रेलर रिलीज

मुंबई। विपुल अमृतलाल शाह, सुदीप्तो सेन और अदा शर्मा की अगली फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' के लिए एक्साटइमेंट तेज है। ऐसा इसिलए क्योंकि इस तीकड़ी ने पहले द केरल स्टोरी जैसी बेहतरीन फिल्म दी हैं।

ऐसे में साथ में ये अब 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' लेकर आ रहे हैं जिसके दोनों टीजरों और पोस्टर्स ने पहले ही खूब सुर्खियां बनाई है और दर्शकों से प्यार पाया है। ऐसे में अब दर्शकों द्वारा ट्रेलर रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था। फिल्म के रिलीज की डेट जैसे जैसे नजदीक आ रही है, दर्शकों के बीच इसे देखने के लिए उत्सुकता बढ़ती नजर आ रही है। दर्शकों की उम्मीदों को एक नए स्तर पर लेकर जाते हुए, मेकर्स ने 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' के ट्रेलर को रिलीज कर दिया है।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com